निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार 23 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 06 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



पलामू में हाइवा को फूंकने के आरोप में गिरफ्तार अपराधी

### हाईकोर्ट से आलमगीर आलम को झटका

## टेंडर कमीशन घोटाले में डिस्चार्ज याचिका खारिज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें किसी भी तरह की राहत देने से साफ इनकार कर दिया है। अदालत ने पूर्व मंत्री की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने विशेष पीएमएलए कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ आरोप गठन की कार्रवाई को बिल्कुल सही ठहराया है। याचिका में आलमगीर आलम की ओर से प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए बयानों की वैधता पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत बयान दर्ज करने की प्रक्रिया एक न्यायिक कार्यवाही है न कि कोई सामान्य पुलिसिया जांच। इसलिए इस बयान पर पूरी तरह विश्वास किया जाना चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि आपराधिक गतिविधियों के जरिए कमाए गए काले धन की जांच के दौरान ईडी द्वारा समन भेजना और बयान दर्ज करना पूरी तरह से कानूनी है क्योंकि यह कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की जाती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में पूर्व मंत्री को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। इसके मुताबिक आलमगीर आलम जब ग्रामीण विकास मंत्री थे तब विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले निर्माण कार्यों के टेंडर में बकायदा एक फिक्स 'सिस्टम' के तहत ठेकेदारों से कमीशन वसूला जाता था। ईडी की चार्जशीट के अनुसार इस पूरे रैकेट और कमीशनखोरी के जरिए कुल 37.55 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की गई थी। जांच के दौरान ईडी को छापेमारी में कई महत्वपूर्ण डायरियां और नोट बुक मिली थीं। इन डायरियों में कमीशन की वसूली और उसके बंटवारे का पूरा ब्योरा हाथ से लिखा हुआ था। इसके अलावा पैसों के अवैध लेन-देन के लिए खास 'कोड वर्ड' का इस्तेमाल किया जाता था। जब ईडी ने इन कोड वर्ड्स की कड़ियां जोड़ीं तो पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पहचान साफ तौर पर सुनिश्चित हुई। इन कोड्स के साथ कमीशन की राशि में उनकी हिस्सेदारी का भी स्पष्ट जिक्र था।

# आत्मसमर्पण कर सम्मान की जिंदगी जिएं : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**लातेहार।** झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने शुक्रवार को लातेहार एसपी कार्यालय में जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नक्सलियों से भी अपील की कि नक्सली आत्मसमर्पण कर सरकार की नई दिशा कार्यक्रम का लाभ लें और सम्मान की जिंदगी जिएं। दरअसल डीजीपी तदाशा मिश्रा जिला मुख्यालय पहुंची। लातेहार परिसर में पारंपरिक स्वागत के बाद उन्होंने एसपी कार्यालय के सभागार में जिले के तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य रूप से क्राइम कंट्रोल, ट्रैफिकिंग मामले, अफीम की खेती के खिलाफ कार्रवाई समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक के बाद प्रेस वार्ता करते हुए डीजीपी ने बताया कि लातेहार विजिट और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करने का मुख्य उद्देश्य क्राइम पर पूरी तरह कंट्रोल करना ही था। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। प्रेस वार्ता के दौरान डीजीपी ने लातेहार एसपी कुमार गौरव के कार्यों की तारीफ की और कहा कि लातेहार जिले में पुलिस काफी बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू डीआईजी कौशल किशोर और एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में लातेहार जिले में अपराध पर भी नियंत्रण लगा है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग या मिसिंग जैसे मामले में लातेहार जिले के पुलिस अधिकारियों का कार्य सकारात्मक रहा है। इस कारण लातेहार जिले में ऐसी घटनाएं काफी कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ भी लातेहार पुलिस काफी बेहतर कार्य कर रही है जिससे नक्सलवाद भी लगभग समाप्त हो गया है। इसके अलावा अफीम की खेती के खिलाफ भी लातेहार जिले में लगातार कार्रवाई हुई है जिससे इसकी खेती पर भी अंकुश लगा है। प्रेस वार्ता के दौरान डीजीपी ने नक्सलियों से भी अपील की कि क्षेत्र में जो दो चार नक्सली अभी बचे हुए हैं, उनके पास एकमात्र रास्ता है कि वह आत्मसमर्पण कर सम्मान की जिंदगी जिएं। डीजीपी ने कहा कि नक्सलवाद अथवा अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। नक्सलियों के पास अब आत्मसमर्पण के अलावे दूसरा कोई रास्ता नहीं बचा है। यदि नक्सली आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पूर्व लातेहार पहुंचने पर लातेहार डीसी संदीप कुमार और एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में अधिकारियों ने डीजीपी का स्वागत किया।

## लेवी के लिए हाइवा फूंकने वाला शातिर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पलामू जिले के छतरपुर थाना पुलिस ने चराई क्षेत्र में लेवी (रंगदारी) वसूलने के उद्देश्य से दो हाइवा को आग के हवाले करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कपिलदेव सिंह उर्फ कपिल सिंह उर्फ विशाल कुमार (25 वर्ष), निवासी बरडीहा के रूप में हुई है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर उसके गांव से ही दबोच लिया। इस मामले में शामिल छह अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि यह घटना 27 मई 2025 की रात की है। चराई क्षेत्र में माइनिंग (खनन) के काम में लगे दो हाइवा को करीब 10 अज्ञात अपराधियों ने जबरन रोक लिया था। अपराधियों ने चालकों को हथियार का भय दिखाकर उनके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद दहशत फैलाने और लेवी वसूलने की नीयत से दोनों हाइवा में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां मौके पर ही जलकर पूरी तरह खाक हो गई थी।

### संक्षिप्त समाचार

#### चलती ट्रेन से मां ने डेढ़ माह के मासूम को नीचे फेंका

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां और महालीमरूप स्टेशन के बीच इंसानियत को झकझोर देने वाली एक भयावह घटना सामने आई। हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला ने अपने ही डेढ़ महीने के दुधमुंहे बच्चे को चलती ट्रेन की खिड़की से बाहर फेंक दिया। रेलवे ट्रैक पर गिरने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। महिला यहीं नहीं रुकी, उसने अपने करीब तीन वर्षीय दूसरे बच्चे को भी खिड़की से नीचे फेंकने का प्रयास किया लेकिन यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे की जान बचाई।

#### सदर अस्पताल में महिला की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** सदर अस्पताल में कथित तौर पर रक्त उपलब्ध कराने में देरी के कारण एक महिला मरीज की मौत का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महेशपुर फुलची निवासी 50 वर्षीय मीना देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ब्लड बैंक कर्मियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### भू-धंसान की चपेट में आया एक घर

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र स्थित अंगारपथरा ओपी की कांटापहाड़ी बस्ती में शुक्रवार को खनन प्रभावित क्षेत्र में अचानक भू धंसान हो गया। इस घटना में एक घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर में मौजूद लोग बाहर निकल गए थे जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। भूधसान के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कतरास-धनबाद मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

#### किशोर ने की आत्महत्या

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र के बेटिया गांव में गुरुवार देर शाम एक 15 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन अल्डा के रूप में हुई है जो कुलड़िहा मिडिल स्कूल का छात्र था और उसने हाल ही में आठवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन को मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद झींकपानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## जेटेट भाषा विवाद पर नहीं बन पायी सहमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जेटेट 2026 नियमावली में भोजपुरी, मगही, अंगिका और मैथिली को क्षेत्रीय भाषा की सूची से बाहर किए जाने के विवाद को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा गठित पांच मंत्रियों की कमिटी की दूसरी बैठक भी बेनतीजा समाप्त हो गई। कमिटी 3:2 के अनुपात में विभाजित नजर आई। कांग्रेस कोटे के मंत्री राधाकृष्ण किशोर और दीपिका पांडेय सिंह तथा राजद कोटे के संजय प्रसाद यादव ने चारों भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। वहीं झामुमो कोटे के मंत्री योगेंद्र प्रसाद और सुदिव्य कुमार सोनू इन भाषाओं को शामिल करने के विरोध में रहे। सूत्रों के अनुसार कमिटी ने 3:2 के बहुमत से मुख्यमंत्री को सौंपी जाने वाली अपनी अनुशंसा में इन चारों भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल करने की सिफारिश की है। इससे पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, देवघर, गोड्डा समेत कई जिलों के भाषा-भाषियों को जेटेट में शामिल होने का अवसर मिल सकेगा। बैठक की सबसे चर्चित बात यह रही कि झामुमो कोटे के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कमिटी में किसी भी जनजातीय या अल्पसंख्यक समुदाय के मंत्री के ना होने का मुद्दा उठा दिया। इससे एक नया विवाद खड़ा हो गया है। कमिटी के संयोजक और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि आज की बैठक दूसरी और अंतिम बैठक थी। अगर मुख्यमंत्री कमिटी में जनजातीय और अल्पसंख्यक समुदाय के मंत्रियों को शामिल करके इसे पुनर्गठित करते हैं तभी तीसरी बैठक होगी अन्यथा आज की बैठक अंतिम थी। उन्होंने कहा कि दो दिनों की बैठक की पूरी कार्यवाही और सभी मंत्रियों के विचारों को शामिल करते हुए रिपोर्ट जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंप दी जाएगी। पहली बैठक की तरह दूसरी बैठक में भी कार्मिक एवं शिक्षा विभाग के सचिव पूर्ण जानकारी लेकर नहीं पहुंचे। राज्य में बोली जाने वाली भाषाओं, उन भाषाओं के छात्रों की संख्या और शिक्षकों की उपलब्धता संबंधी आंकड़े नहीं दिए गए। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बैठक के दौरान नाराजगी व्यक्त की। वर्तमान में कमिटी की अनुशंसा 3:2 के बहुमत से चारों भाषाओं को शामिल करने के पक्ष में है लेकिन अंतिम फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को करना है। यदि वे कमिटी का पुनर्गठन करते हैं तो प्रक्रिया आगे बढ़ेगी अन्यथा मौजूदा रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

## देवघर में 24 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को शो-कॉज

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी मैट्रिक और इंटर परीक्षा परिणाम में देवघर जिले के खराब प्रदर्शन को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। लगातार गिरते रिजल्ट को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने जिले के 24 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को शो-कॉज जारी किया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन और विभाग लगातार स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दे रहा है। बावजूद मैट्रिक और इंटर परीक्षा के जो परिणाम सामने आए हैं, वे काफी चिंताजनक और निराशाजनक हैं। उन्होंने कहा कि जिले के लगभग 40 से 50 प्रतिशत स्कूलों का रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा। ऐसे में शिक्षा विभाग अब खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के खिलाफ जवाबदेही तय करने की तैयारी में जुट गया है।

## राज्यसभा की दो सीटों के लिए मतदान 18 जून को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड समेत दूसरे राज्यों में खाली हो रही राज्यसभा की सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग 1 जून से इसके लिए प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 1 जून को अधिसूचना जारी होते ही नामांकन दाखिल किया जाएगा। 8 जून तक नामांकन पर्चा भरा जाएगा। 9 जून को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी और 11 जून को नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। दरअसल 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होंगे। वोटों की गिनती उसी दिन यानी 18 जून को शाम 5 बजे से शुरू की जाएगी। इस तरह से 20 जून तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ जेएमएम-कांग्रेस-राजद के पास 56 विधायकों का मत है जिसमें जेएमएम के पास 34, कांग्रेस के पास 16 और राजद के 4 विधायक और भाकपा माले के 2 विधायक है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में एक सीट सुरक्षित मानी जा रही है जबकि दूसरी सीट के लिए दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। वहीं विपक्षी खेमे में 24 विधायकों का समर्थन है जिसमें भाजपा के 21, आजसू, लोजपा और जदयू के 1-1 विधायक शामिल हैं। पर्याप्त संख्या बल नहीं होने के बावजूद विपक्ष की ओर से प्रत्याशी को उतारने की संभावना जताई जा रही है। इधर, सत्तारुढ़ झामुमो, कांग्रेस और राजद की ओर से यदि दो प्रत्याशी खड़े किए जाते हैं तो मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं।

## अनमैप्ड मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचे : सीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने झारखण्ड के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मतदान केंद्र पर 23 मई से जाकर अनमैप्ड मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर 23 मई से अगले 2 हफ्ते तक यह सूची प्रदर्शित की जाएगी। इस सूची में अन मैप्ड मतदाता के साथ साथ उनके बीएलओ का नाम एवं फोन नंबर भी उपलब्ध रहेगा। श्री कुमार ने कहा है कि वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का विगत गहन पुनरीक्षण के मतदाता सूची से मैपिंग करना मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग हो जाती है उन्हें एसआईआर के प्रक्रिया में किसी प्रकार के अन्य दस्तावेज नहीं देनें होंगे। उन्होंने कहा कि अन मैप्ड मतदाता सूची के प्रकाशन के क्रम में सभी बीएलओ अपने मतदान केंद्रों के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए से अवश्य बैठक कर लें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएं एवं अन मैप्ड मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचे। जिनकी इस सूची में नाम हो अपने बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम की मैपिंग करा लें।

## महिला कैदी से यौन शोषण मामले में डीजीपी और सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में महिला कैदी के साथ कथित यौन शोषण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के डीजीपी और सरकार से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को वेकेशन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए अगली सुनवाई 8 जून को निर्धारित किया। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति पीके श्रीवास्तव की वेकेशन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट को जानकारी दी गई कि राज्य सरकार के गृह विभाग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इस समिति में निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, सहायक कारा निरीक्षक तुषार रंजन गुप्ता और कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय के प्रोबेशन पदाधिकारी चंद्रमोली सिंह को शामिल किया गया है। इसके अलावा झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यानी डालसा की टीम ने मामले में पूछताछ की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर न्यायिक जांच की जा रही है। वहीं रांची जिला प्रशासन और जेल आईजी के स्तर पर अलग-अलग जांच शुरू कर दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक टीम भी पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेल के भीतर महिला कैदी के कथित यौन शोषण का मुद्दा सार्वजनिक रूप से उठाया। इसके बाद मीडिया में खबरें सामने आई जिससे राज्यभर में हड़कंप मच गया। इस मसले पर भाजपा लगातार चौतरफा हमला बोल रही है। 21 मई को नेता प्रतिपक्ष ने सीएम के नाम पत्र जारी कर निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच के साथ दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी।

## टेंट हाउस में आग लगने से लाखों का नुकसान

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र स्थित दून टेंट हाउस में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। आग की वजह से पूरा टेंट हाउस जलकर राख हो गया। दमकल के आधा दर्जन वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर आंशिक रूप से काबू पाया है। राजधानी रांची के चेशायर होम क्षेत्र में स्थित दून टेंट हाउस के गोदाम में शुक्रवार तड़के सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। अचानक भयानक धुआं और लपटें उठते ही आस-पास के लोग सहम गए और मौके पर भगदड़ सी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर आंशिक रूप से काबू पाया।

# झारखंड की 32 जेलों में 1,713 पद खाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड की जेल व्यवस्था गंभीर स्टाफ संकट से जूझ रही है। यहां भी कर्मचारियों की भारी कमी है। राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भी कर्मियों की कमी बनी हुई है जबकि यहां वीवीआईपी से लेकर नामी अपराधी तक सजा काट रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की 'प्रिजन स्टैटिस्टिक्स ऑफ इंडिया 2024' रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राज्य की जेलों में स्वीकृत पदों के मुकाबले करीब 63 प्रतिशत पद खाली हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण जेल प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था और सुधारात्मक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य की 32 जेलों में कुल 2,721 पद स्वीकृत हैं लेकिन वर्ष 2024 में केवल 1,008 कर्मचारी ही कार्यरत पाए गए यानी 1,713 पद रिक्त हैं। स्थिति यह है कि एक जेलकर्मी को औसतन तीन कर्मचारियों का काम संभालना पड़ रहा है। जेल अधिकारियों पर भी काम का अत्यधिक दबाव है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 816 जेल अधिकारी औसतन 19 कैदियों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कर्मचारियों की कमी का असर जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर साफ दिखाई दे रहा है। राज्य की जेलों में बंद 16,201 कैदियों के लिए केवल 81 मेडिकल स्टाफ मौजूद हैं। ऐसे में कैदियों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती बन गया है। जेलर और सहायक जेलर के पदों में भी भारी कमी सामने आई है। 29 स्वीकृत जेलर पदों के मुकाबले केवल 6 जेलर कार्यरत हैं जबकि 67 सहायक जेलर पदों में भी सिर्फ 6 अधिकारी तैनात हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि स्टाफ की कमी का सीधा असर जेलों में चलने वाली सुधारात्मक गतिविधियों पर पड़ रहा है। कैदियों की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। रिपोर्ट में सामाजिक कार्यकर्ताओं और मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति की जरूरत भी बताई गई है। इस मामले पर झारखंड हाईकोर्ट भी चिंता जता चुका है। अदालत ने राज्य सरकार से जेलों में खाली पदों और लंबित नियुक्तियों की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। सरकार ने कोर्ट को बताया था कि सहायक जेलर, वार्डन और मेडिकल स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 में भी झारखंड की जेल व्यवस्था को कमजोर बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य लगातार उन राज्यों में शामिल रहा है, जहां जेल विभाग में 60 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इससे जेल प्रशासन और कैदियों की देखभाल दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

Reg No. JHENG/25/A4874
Another Launching from
NAVBIHAR TIMES GROUP
THE EASTERN VOICE
'English Daily Newspaper
Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand
Email Id-theeasternv@gmail.com
Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)
Contact:- 6206165107, 7295863300

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने वालों को राजकुमार राज का जवाब

**गिरिडीह (नबिटासं)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की जा रही टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि जब दो देशों के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलते हैं तो मेजबान देश की ओर से रिश्तों में गर्माहट दिखाना सामान्य कूटनीतिक परंपरा होती है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब चीन दौरे पर गए थे, तब वहां के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका



भव्य स्वागत किया था। दोनों नेताओं ने झील में बने कॉटेज में समय बिताया था और साथ में डिनर भी किया था। राज ने कहा कि यदि ऐसा कोई कार्यक्रम इटली में होता, तो देश में इसे लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाई जातीं राजकुमार राज ने नॉर्वे में प्रधानमंत्री द्वारा एक पत्रकार के सवाल का जवाब नहीं देने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रेस ब्रीफिंग और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि प्रेस ब्रीफिंग में हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं होता, जबकि प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल-जवाब की पूरी गुंजाइश रहती है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसी एक दल के नहीं, बल्कि पूरे भारत के प्रधानमंत्री हैं और विदेशों में भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं। ऐसे में सभी भारतीयों को उनके प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए।

### धनबाद में संकल्प वेलफेयर सोसाइटी की पहल, राहगीरों के लिए खोला गया प्याऊ

**धनबाद (नबिटासं)।** भीषण गर्मी को देखते हुए आज संकल्प वेलफेयर सोसाइटी , धनबाद की ओर से जिला परिषद मार्केट, हीरापुर स्थित हनुमान मंदिर के समीप राहगीरों के लिए एक प्याऊ (पानशाला) की शुरूआत की गई। इस सेवा केंद्र पर लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ चना एवं गुड़ का भी वितरण किया गया गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस सेवा कार्य की राहगीरों ने सराहना की और संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से बताया गया कि यह सेवा कार्यक्रम पूरी गर्मी के दौरान लगातार जारी रहेगा, ताकि लोगों को राहत मिल सके आज आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय सिन्हा, चंदा श्रीवास्तव, अजय कुमार, नीता सिन्हा, शंकर रावणी, संतोष साव एवं ललित कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का शिकायत/निवारण कार्य दिवस 24 मई को

**गिरिडीह (नबिटासं)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्यभर के जिला मुख्यालयों में 24 मई 2026, रविवार को ह्लशिकायत/निवारण कार्य दिवसह्व आयोजित करने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव संगठन सह प्रशिक्षण सुनीता शर्मा ने सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में प्रदेश की जिला कांग्रेस कमेटियों को लगातार सक्रिय किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा निदेर्शानुसार, सभी जिला कांग्रेस कार्यालयों में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी तथा शाम 4 बजे तक कार्यकताओं एवं संबंधित लोगों की लिखित शिकायतें ली जाएंगी। प्राप्त शिकायतों को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, रांची भेजा जाएगा, जहां उनकी जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला इकाइयों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए अनुशासन का पालन करने की भी अपील की गई है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना तथा कार्यकताओं की समस्याओं का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चुने गए सदन-प्रधानमंत्री, प्रधानाचार्य आनंद कमल ने दिलाई शपथ

**गिरिडीह (नबिटासं)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में शुक्रवार को लोकतंत्र और नेतृत्व का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। बाल किशोर भारती के अंतर्गत चारों सदनों के प्रधानमंत्री पद हेतु हुए चुनाव के परिणाम घोषित किए गए। परिणाम के साथ ही विद्यालय परिसर ह्यभारत माता की जयह्ण के उद्घोष से गूंज उठा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं पदेन अध्यक्ष आनंद कमल की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कक्षा षष्ठ से नवम तक के विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लिया। निष्पक्ष मतदान और मतगणना के बाद चारों सदनों के प्रधानमंत्री घोषित किए गए प्रधानाचार्य आनंद कमल ने नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल भारती का प्रधानमंत्री पद अधिकार नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और अनुशासन का दायित्व है नवनिर्वाचित सद प्रधानमंत्री आर्यभट्ट सदन सुधाकर कुमार कक्षा नवम ह्यअह्ण भास्कराचार्य सदन अमन शंकर कक्षा नवम ह्यब चरक सदन अंकित स्वर्णकार कक्षा नवम ह्यअ धन्वंतरि सदन गोपाल तिवारी कक्षा नवम ह्यब समारोह में विद्यालय के आचार्यगण, दीदीजी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक ह्यवंदे मातरम्ह्ण गान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी नवनिर्वाचित भैयाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल नेतृत्व की कामना की।

### मगध विश्व विद्यालय के परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल प्रतिबंधित

**गया (नबिटासं)।** मगध विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज के परीक्षा केंद्रो पर मोबाइल, ईयर फोन एवम अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस आशय का कार्यालय आदेश निर्गत करते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बी के मंगलम ने कहा कि कुलपति के आदेशानुसार एवम बिहार राज्य विश्व विद्यालय अधिनियम 1976 के निदेशानुसार इसे दंडनीय माना गया है। ऐसे में सभी केंद्र अधिक्षकों एवम प्राचार्यो को निदेशित किया गया है कि वे परीक्षा में होने वाले किसी भी कदाचार को रोकना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षो मे विधार्थियों द्वारा पढाई के लिए मोबाइल पर बढ़ती निर्भरता ने उन्हें प्रकाशन की पुस्तकों से दूर कर दिया है जिसका असर उनके समग्र विषय की समझ पर पड़ रहा है। अच्छे शिक्षकों की हमेशा छात्रों को सलाह रहती है कि परीक्षा की बेसिक तैयारी करते समय वे मोबाइल से दूर रहें और बेसिक पुस्तकों से ही अपनी तैयारी करें।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा की संगठनात्मक बैठक

**कोढा/कटिहार (नबिटासं)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की कोढ़ा प्रखंड इकाई की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को जिला संयोजक उमाकांत आनंद के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कुणाल कुमार को पुनः निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही कार्यकताओं में उत्साह का माहौल बन गया और फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बैठक में प्रखंड चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी उदय कुमार सिंह एवं प्रखंड पर्यवेक्षक दयानंद कुशवाहा की मौजूदगी में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला संयोजक उमाकांत आनंद ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड में सदस्यता अभियान को तेज करते हुए हर महीने अधिक से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोढ़ा प्रखंड की क्षेत्रीय समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए पार्टी सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने सुनी आमजनों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर समाहर्ता बिजय सिंह बीरूआ ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व मामलों, सामाजिक योजनाओं के लाभ, पेयजल, सड़क तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। अपर समाहर्ता ने




प्रत्येक शिकायत का ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने को कहा।जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष सीधे अपनी समस्याएँ रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## समाहरणालय घेरने पहुंचे बड़कागांव के विस्थापित, बोले - जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव क्षेत्र में प्रस्तावित कोल खनन परियोजनाओं के विरोध में शुक्रवार को हजारों विस्थापित ग्रामीणों ने समाहरणालय पहुंचकर समाहरणालय परिसर के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनियों द्वारा ग्रामीणों पर दबाव बनाकर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जबकि स्थानीय लोगों की



जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ठळ्ढउ, अडानी और खरह से जुड़ी कोल माइंस परियोजनाओं का विरोध करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और किसान शामिल हुए, जिन्होंने अपनी बहुफसलीय कृषि भूमि बचाने की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना था कि उनकी उपजाऊ जमीन जबरन अधिग्रहित की जा रही है, जिससे खेती, रोजगार और आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे। कई महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर ह्लखेती बचाओ, गांव बचाओह्व और ह्लजान दे देंगे, जमीन नहीं देंगेह्व जैसे नारे लगाए। धरना-प्रदर्शन के दौरान सहमति नहीं ली गई है। ग्रामीणों ने कहा कि कोल खनन से क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा, जलस्रोत प्रभावित होंगे और हजारों परिवार विस्थापित हो जाएंगे। आंदोलनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि बहुफसलीय कृषि भूमि का अधिग्रहण तत्काल रोका जाए, विस्थापन नीति में पारदर्शिता लाई जाए तथा प्रभावित परिवारों को स्थायी रोजगार और उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन को देखते हुए समाहरणालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## चौपारण के भगहर गांव में अवैध महुआ शराब की 9 भट्ठियों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन में चौपारण थाना एवं गया मद्य निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगहर में संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब की 9 अलग-अलग भट्ठियों पर छापेमारी की।



कार्रवाई के दौरान टीम ने घटनास्थल एवं आसपास छिपाकर रखे गए लगभग 9500 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया। इसके साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि जब्त किए गए तथा करीब 460 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनि बागे एवं सय्यद बसीरुद्दीन, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह तथा सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। उत्पाद विभाग की ओर से कहा गया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## गांवां प्रखंड के बादीडीह पंचायत में जनजाति गरिमा उत्सव के तहत जन सुनवाई आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गांवां प्रखंड अंतर्गत बादीडीह पंचायत के कोनार बांक में जनजाति गरिमा उत्सव के तहत शुक्रवार को ह्लजन सुनवाईह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पीवीटीजी समुदाय के लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित विभागों द्वारा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, रोजगार, छात्रवृत्ति समेत विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही कार्यक्रम स्थल बादीडीह कोणार बांक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पशुपालन विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, पीएचडी विभाग सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था।

## गिरिडीह में 23 और 24 मई को चलेगा विशेष मतदाता सत्यापन अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत गिरिडीह जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में उन्माप्पड़ मतदाताओं के सत्यापन एवं मैपिंग को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने आम मतदाताओं से निर्धारित तिथियों पर अपने संबंधित मतदान केंद्र पहुंचकर मतदाता सूची में दर्ज नामों का सत्यापन कराने की अपील की है उन्होंने बताया कि 23 मई 2026 को सभी मतदान केंद्रों पर उन्माप्पड़ मतदाताओं की सूची का



प्रकाशन किया जाएगा। वहीं 23 एवं 24 मई 2026 को विशेष सत्यापन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं की सहायता करेंगे जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों, बीएलए एवं संबंधित अधिकारियों से भी अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सके। विशेष रूप से एब्सेंटी , शिफ्टेड , डेड एवं डुप्लीकेट एएसडीडी मतदाताओं की पहचान और सूची तैयार करने की प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने का निर्देश दिया गया है उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदाता इस विशेष कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार से जुड़े विवरणों का सत्यापन अवश्य सुनिश्चित करें।

## हिंसक प्रदर्शन मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गिरिडीह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कबरियाबांध स्थित केशवारी के पास 5 मई 2026 को स्थानीय लोगों एवं सीसीएल सुरक्षा कर्मियों के बीच हुए हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है बताया गया कि इस घटना में स्थानीय युवक दिलीप दास गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल गिरिडीह में मृत्यु हो गई थी। मामले को लेकर मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 110/2026 दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले ही दो आरोपियों को



गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।घटना के बाद 6 मई को आक्रोशित लोगों द्वारा दिलीप दास के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान सड़क जाम, सरकारी कार्य में बाधा एवं पुलिस पर पथराव की घटना भी हुई थी। मामले में नगर थाना कांड संख्या 112/26 दर्ज किया गया था इसी कड़ी में पुलिस ने आज 22 मई 2026 को प्राथमिकी अभियुक्त सौरभ कुमार उम्र 19 वर्ष पिता-प्रवीण कुमार गुप्ता, निवासी-सीतलपुर, थाना मुफ्फसिल, जिला-गिरिडीह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि मामले में आगे भी विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर ने किया। उनके साथ यातायात थाना प्रभारी, पांच पुलिस पदाधिकारी एवं 15 गृहरक्षक शामिल रहे। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 74 वाहन चालकों का चालान काटा गया। वहीं ट्रिपल लोड चलने वाले 30 वाहनों, मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले दो चालकों तथा बिना इंश्योरेंस वाले छह वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा



पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर के निर्देश पर बिना हेलमेट पकड़े गए 29 वाहन चालकों से शपथ पत्र भरवाकर चेतावनी देते हुए छोड़ा गया। साथ ही उन्हें अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। विशेष अभियान के दूसरे चरण में पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थान बदल-बदलकर वाहन जांच अभियान चलाया। झील त्रिमूर्ति चौक, इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक एवं पंच मंदिर चौक सहित मुख्य मार्गो पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया गया। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की है।

## हजारीबाग पुलिस का विशेष समकालीन अभियान, 77 अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 20 मई 2026 की रात्रि जिलेभर में विशेष समकालीन एवं छापामारी अभियान चलाया गया। यह अभियान विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के तहत जिले में कुल 30 टीमों का गठन किया गया, जिनमें लगभग 150 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे। गठित टीमों ने वांछित अपराधियों के करीब 100 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 77 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। हजारीबाग पुलिस ने कहा है कि आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि उनके इलाके में कोई आपराधिक तत्व गिरफ्तारी के डर से छिपा हुआ है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें, ताकि सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## बालमुकुंद फैक्ट्री के समक्ष असंगठित मजदूर मोर्चा का धरना आठवें दिन भी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बालमुकुंद फैक्ट्री के समक्ष असंगठित मजदूर मोर्चा द्वारा हटाए गए पांच मजदूरों को पुनः काम पर रखने सहित विभिन्न मांगों को लेकर चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना आठवें दिन भी जारी रहा। धरनार्थियों का आरोप है कि अब तक ना तो फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई पहल की है और ना ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई है धरनार्थियों ने फैक्ट्री द्वारा कथित रूप से ट्रैक्टरों के माध्यम से किए जा रहे अवैध बालू उठाव और ढुलाई पर भी रोक लगाने की मांग उठाई है। मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि वे इस मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हैं तथा प्रशासन से अवैध बालू ढुलाई पर तत्काल रोक लगाने की अपील कर रहे हैं




जानकारी के अनुसार, 14 मई 2026 से शुरू होने वाले अनिश्चितकालीन धरना की सूचना 9 मई 2026 को ही अनुमंडल पदाधिकारी, उपायुक्त गिरिडीह तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी को पत्र के माध्यम से दे दी गई थी वहीं 18 मई 2026 को आयोजित आमसभा में असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिंदरी विधानसभा विधायक चंद्रदेव महतो, केंद्रीय सचिव निताय महतो, भाकपा माले के गिरिडीह जिला सचिव अशोक पासवान, राज्य कमेटी सदस्य पूरन महतो एवं किशोरी अग्रवाल की उपस्थिति में आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया सभा में चेतावनी दी गई कि यदि 25 मई 2026 तक मजदूरों की मांगें नहीं मानी गईं तो 26 मई 2026 की सुबह 5 बजे से बालमुकुंद फैक्ट्री का मुख्य गेट अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया जाएगा। इसकी लिखित सूचना 20 मई 2026 को उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, कारखाना निरीक्षक तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी को भेज दी गई है। साथ ही फैक्ट्री प्रबंधन को भी इस संबंध में अवगत कराया गया है धरना स्थल पर आज कन्हाई पांडे, नवीन पांडे, दीपक गोस्वामी, हूब लाल राय, भिखारी राय, सूदन कोल, अरबिंद टुडू, भीम कोल, लखन कोल, सुनील ठाकुर, बीरेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, महताब अंसारी एवं दिलीप राय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# 20 जून से शुरू होगा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिले में बढ़ती जाम की समस्या से निजात दिलाने, यातायात संचालन को सुरक्षित एवं सुचारू बनाने तथा ऑटो परिचालन व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित ऑटो वाहनों के लिए निर्धारित रूट के अनुसार परिचालन सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कुल 07 रूट निर्धारित करने का निर्णय लिया गया तथा प्रत्येक रूट के लिए अलग-अलग रंग निर्धारित किया जाएगा। सभी ऑटो चालकों को अपने निर्धारित रूट के अनुसार रंग कोड का पालन करना अनिवार्य होगा जिससे यात्रियों को रूट की पहचान करने में सुविधा होगी तथा यातायात व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बन सकेगी। इसके लिए आवेदन पत्र जारी किया जाएगा। इच्छुक ऑटो स्वामियों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा तथा रूट का आवंटन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदन प्राप्ति के लिए 07 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित रूटों के अंतर्गत रमेश चौक (महाकाल मंदिर) से कर्मा भगवान पुलिस लाइन, रमेश चौक (महाकाल मंदिर) से जसोईया मोड़, रमेश चौक (बद्रीनाथ मार्केट) से रामाबाँध बस स्टैंड, रमेश चौक (बद्रीनाथ मार्केट) से सिन्हा कॉलेज, रमेश चौक (बद्रीनाथ मार्केट) से फारम तक, काली क्लब से कुशवाहा नगर एवं वापस गुप्ता हॉल होकर काली क्लब (वन-वे) तथा धर्मशाला से यमुना नगर एवं वापस धर्मशाला तक रूट निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा सभी ऑटो चालकों एवं वाहन मालिकों से अपील की गई कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए व्यवस्था को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सभी मोटरयान निरीक्षक, सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक तथा टेम्पू एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव सच्चिदानन्द सिंह तथा आनंद कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएनएमएमसीएच में वेंटिलेटर पर ऑक्सीजन व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में ऑक्सीजन व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण काल में मरीजों की जान बचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर लगाए गए तीन पीएसए ऑक्सीजन प्लांट आज बदहाल स्थिति में हैं। इनमें से दो प्लांट पहले से बंद पड़े हैं, जबकि एकमात्र चालू प्लांट भी बुधवार को हुई थंडरिंग के बाद खराब हो गया। फिलहाल अस्पताल में भर्ती मरीजों को सिलेंडर के जरिए ऑक्सीजन सप्लाई की जा रही है। लेकिन बढ़ती गर्मी, अधूरी पाइपलाइन और लगातार बढ़ती खपत के बीच अस्पताल की पूरी व्यवस्था दबाव में नजर आ रही है।ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर मरीजों की सुरक्षा कितनी सुरक्षित हाथों में है? गुरुवार को एक मरीज की मौत हो गई थी। परिजनों ने ऑक्सीजन की कमी के कारण मौत होने के आरोप लगाए थे। हालांकि अस्पताल प्रबन्धन ने इस बात से इंकार किया था। ऑक्सीजन प्लांट के नोडल पदाधिकारी डॉ पीयूष कुमार सेंगर के अनुसार, फिलहाल अस्पताल में प्रतिदिन 40 से 50 डी-टाइप जंबो सिलेंडर की खपत हो रही है। मरीजों को लगातार ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए सिलेंडर के सहारे व्यवस्था चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ऑक्सीजन की खपत भी बढ़ जाती है। अस्पताल की पाइपलाइन गर्म होने के कारण ऑक्सीजन का दबाव तेजी से गिरता है और सप्लाई अपेक्षाकृत जल्दी खत्म होने लगती है। डॉ सेंगर ने बताया कि कोविड काल में लगाए गए पीएसए प्लांट का मेंटनेंस कॉस्ट काफी अधिक है। मशीनें बार-बार खराब होती हैं और उन्हें सुचारु रूप से चालू रखने में काफी तकनीकी परेशानी आती है। यही वजह है कि अब अस्पताल प्रबंधन पीएसए प्लांट के विकल्प के रूप में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए टेंडर भी निकाला गया है।

## मारपीट में दो महिलाएं जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नबिटा सं**। मदनपुर थाना के क्षेत्र के सोन्डीह गांव में गुरुवार की रात मारपीट हो गई जिसमें दो महिलाएं जख्मी हो गई। आरोप है कि एक आरोपी शराब सेवन कर बोतल दूसरे घर के छत पर फेक रहा था। मना करने पर विवाद हो गया। मारपीट के दौरान दो महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायलों में सोन्डीह निवासी संतन ठाकुर की पत्नी चन्द्रावती देवी, पंकज कुमार ठाकुर की पत्नी अस्मृता कुमारी एवं संतन ठाकुर शामिल हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। थाना के एस आई स्नेहा भारती ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुए हैं। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन से बच्चों को शिक्षा के साथ मिलेगा पौष्टिक आहार

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नबिटा सं**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो पहाड़ तटीय गांव टिकवा स्थान में नव निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का अपर समाहर्ता रितेश यादव एवं डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काट कर उद्घाटन किया। गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने से ग्रामीणों में खुशी की माहौल है। अपर समाहर्ता रितेश कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। यहां बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ पोषण, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार काम कर रही है। डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने कहा कि इस सुदूरवर्ती इलाकों में आंगनबाड़ी खुलने से जहां बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पौष्टिक भोजन मिलेगा। बच्चों के भविष्य संवारने और उसे कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। ताकि क्षेत्र के बच्चों को सुविधा मिले। सेविका के हाथों ही बच्चों का भविष्य है। इसे सजाना व संवारना सेविका का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के माध्यम से गांवों में जनोपयोगी भवनों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीओ मो. अकबर हुसैन, बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, मुखिया सविता देवी, सेविका उषा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बारून/नबिटा सं**। पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी रुप से लागू करने के लिए पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है। इसी कड़ी में नरारी कला खुर्द थाना की पुलिस ने कार्रवाई के फलस्वरूप भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक लग्जरी इनोवा कार को जब्त किया है और धंधे में संलिप्त दो अंतरजिला धंधेबाजों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने शोभेखाफ बालू घाट के समीप घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरु किया। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध सफेद रंग की इनोवा कार तलाशी ली तो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने कार से कुल 55 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसका कुल मात्रा 475.2 लीटर है। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान पटना जिले के गोपालपुर थाना अंतर्गत सम्पतचक निवासी अंकित कुमार एवं कन्हैया कुमार के रूप में की गई है। दोनों तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

# झारखंड में बढ़ी मांग के बीच पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति जारी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) — इंडियन ऑयल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल — ने पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने का दावा किया है। कंपनियों ने कहा है कि राज्यभर में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी एवं समन्वय किया जा रहा है। तेल उद्योग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हाल के दिनों में कृषि कार्यों एवं फसल कटाई के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, निजी आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में कम कीमत होने के कारण उपभोक्ताओं का रुझान सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर बढ़ा है। संस्थागत एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं द्वारा भी रिटेल आउटलेट्स से ईंधन खरीदने के चलते मांग पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। तेल कंपनियों ने बताया कि उनके राष्ट्रीय नेटवर्क में शामिल टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट एवं रिटेल आउटलेट्स लगातार सक्रिय हैं। आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क तथा चयनित रिटेल आउटलेट्स 24 घंटे कार्यरत रहकर उत्पादों की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। राज्य प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर राज्य में कुल 2084 रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से ईंधन की आपूर्ति की जा रही है। इनमें 1981 सार्वजनिक क्षेत्र एवं 103 निजी रिटेल आउटलेट्स शामिल हैं। राज्य में प्रतिदिन लगभग 3500 किलोलीटर पेट्रोल तथा 6600 किलोलीटर डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

# आपसी विवाद में बुजुर्ग पर एसिड अटैक, जांच में जुटी पुलिस

**लातेहार/नबिटा सं**। जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दुन्दु गांव में आपसी विवाद के चलते एक वृद्ध पर एसिड अटैक से हमला कर दिया गया। इस हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मनिका में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने मामले की छानबीन तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव निवासी बरतु उरांव के साथ गांव के ही कुछ लोगों का विवाद चल रहा था। शुक्रवार को अचानक कुछ लोग बरतु उरांव के घर के पास पहुंचे और झगड़ा शुरू हो गया। यह विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गया। इधर बरतु उरांव पर हमला होता देखकर उनके पिता रामेश्वर उरांव बीच बचाव करने आए। इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगों में से किसी एक शख्स ने रामेश्वर उरांव और उनके बेटे बरतु उरांव पर ज्वलनशील द्रव फेंक दिया। यह द्रव रामेश्वर उरांव पर जा गिरा।

# पाकुड़ पहुंचे झारखंड हाईकोर्ट के जज संजय प्रसाद, व्यवहार न्यायालय एवं मंडल कारा का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़**। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय प्रसाद शुक्रवार को पाकुड़ पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवहार न्यायालय एवं मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, डीसी एवं एसपी मौजूद रहे।

**न्यायाधीश ने निरीक्षण के बाद कैदियों से बातचीत की**

न्यायाधीश संजय प्रसाद ने व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को जाना और निदान का आश्वासन दिया। न्यायाधीश संजय प्रसाद ने मंडल कारा का भी निरीक्षण किया और यहां मौजूद कैदियों से बातचीत की। जस्टिस ने जागरूकता शिविर में भाग लिया। निरीक्षण के क्रम में न्यायाधीश संजय प्रसाद ने मंडल कारा में हेल्प डेस्क का उदघाटन किया। इसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविंद्र नगर भवन में आयोजित जागरूकता शिविर में भाग लिया। यहां आयोजित जागरूकता शिविर में कलाकारों द्वारा बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। वहीं पुलिस अधिकारी द्वारा बाल अपराध, बाल विवाह व बाल मजदूरी व यौन शोषण (पॉक्सो एक्ट) के बारे में बताया और कानूनी पहलूओं की जानकारी विस्तार से दी।

# रांची विश्वविद्यालय ने जारी किए सभी परीक्षाओं के परिणाम, विद्यार्थियों को मिली राहत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। रांची विश्वविद्यालय ने सभी लंबित परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अब किसी भी पाठ्यक्रम का रिजल्ट लंबित नहीं है। स्नातक, स्नातकोत्तर, व्यावसायिक और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों समेत विभिन्न संकायों के परिणाम प्रकाशित होने के बाद हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। पिछले कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय में सत्र विलंब, समय पर परीक्षा नहीं होने और रिजल्ट लंबित रहने जैसी समस्याओं को लेकर छात्रों में लगातार असंतोष देखा जा रहा था। इसका असर विद्यार्थियों की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार संबंधी प्रक्रियाओं पर भी पड़ रहा था। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने लंबित परीक्षाओं और परिणामों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य शुरू किया। अब धीरे-धीरे शैक्षणिक व्यवस्था पटरी पर लौटती दिख रही है। रांची विश्वविद्यालय द्वारा जिन पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए गए हैं, उनमें बीए, बीएससी, बीकॉम, FYUGP, बीएड, एमएड, एलएलबी, एलएलएम, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमबीए, एमसीए समेत कई पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा मेडिकल एवं संबद्ध विज्ञान से जुड़े एमबीबीएस, बीडीएस, नर्सिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो। सरोज शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन का यह दायित्व था कि लंबित परीक्षाओं और परिणामों का जल्द निपटारा किया जाए ताकि छात्रों का शैक्षणिक सत्र सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले समय में सत्र काफी प्रभावित रहा। परीक्षा और रिजल्ट में देरी के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया और अब धीरे-धीरे पूरी व्यवस्था पटरी पर लौट रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय आगे भी समयबद्ध परीक्षा और परिणाम प्रकाशन की दिशा में लगातार प्रयास करता रहेगा ताकि छात्रों को भविष्य में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। रांची विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि लंबित परिणामों के जारी होने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, नौकरी और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने में आसानी होगी। साथ ही इससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–टीआईबी–बीजेडएल–बीपीईई–26–27, दिनांक: 21.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई–टीआईबी–बीजेडएल–बीपीईई–26–27** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंडों में बेलानगर, बेगमपुर, बारुईपाड़ा, चंदनपुर, मसाग्राम (5 स्टेशनों) पर आईपीआईएस सिस्टम का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 6,36,93,250.85, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 12,73,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 21.05.2026 को 16.42 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 01.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-93/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# महिलाओं की मेहनत से बदली चेड़ाबार की तस्वीर, साप्ताहिक बाजार बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

## महिलाएं संभालती हैं बाजार की पूरी व्यवस्था, 300 से अधिक महिलाएं जुड़ीं रोजगार से



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार**। चैनपुर प्रखंड का चेड़ाबार इलाका आज महिलाओं की एकजुटता, आत्मनिर्भरता और संगठन शक्ति की अनोखी मिसाल बनकर उभरा है। कभी पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचाना जाने वाला यह गांव अब महिलाओं द्वारा संचालित साप्ताहिक बाजार के कारण नई पहचान बना चुका है। कोयल नदी के तटवर्ती क्षेत्र में लगने वाला यह बाजार पूरी तरह महिलाओं के नेतृत्व में संचालित होता है, जहां व्यवस्था, सुरक्षा और निगरानी से लेकर कारोबार तक की जिम्मेदारी महिलाएं ही संभालती हैं। चेड़ाबार में प्रतिदिन छोटा बाजार लगता है, लेकिन गुरुवार को यहां भव्य साप्ताहिक बाजार का आयोजन होता है। इस बाजार में सब्जियां, कपड़े, मिठाइयां समेत ग्रामीण जरूरतों का लगभग हर सामान उपलब्ध रहता है। गांव और शहर दोनों क्षेत्रों से लोग यहां खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इस पहल की शुरुआत वर्ष 2022-23 में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की बैठक के दौरान हुई थी। बैठक में शामिल कुंती देवी अपनी टमाटर की फसल बेचने बाजार जाने की बात कहकर उठने लगीं। तभी अन्य महिलाओं ने चर्चा के दौरान गांव में ही बाजार शुरू करने का सुझाव दिया। शुरुआत में करीब 50 महिलाओं ने मिलकर बाजार लगाया और आज इससे लगभग 300 महिलाएं जुड़ चुकी हैं। महिलाओं ने बाजार संचालन के लिए पांच सदस्यीय निगरानी टीम बनाई है, जो व्यवस्था बनाए रखने के साथ सुरक्षा पर भी नजर रखती है। विशेष रूप से शराब पीकर आने वालों पर सख्ती बरती जाती है। महिलाएं लाइन से बैठकर अपने उत्पाद बेचती हैं और पूरे बाजार का संचालन अनुशासित ढंग से करती हैं। चेड़ाबार क्षेत्र सब्जी उत्पादन के लिए पहले से प्रसिद्ध रहा है। पहले किसानों और महिलाओं को अपनी उपज बेचने के लिए 12 से 15 किलोमीटर दूर बाजार जाना ड़ता था। परिवहन की समस्या और देर रात लौटने की परेशानी भी बनी रहती थी। अब स्थानीय बाजार शुरू होने से महिलाओं को काफी राहत मिली है। महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ऋण लेकर 'दीदी बाड़ी योजना' के तहत खेती शुरू की। अब न केवल सब्जी उत्पादकों को स्थानीय बाजार मिला है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। कई महिलाएं कपड़े, मिठाई और अन्य घरेलू सामान बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला दुकानदार सुनीता देवी ने बताया कि शुरुआती दौर में काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन महिलाओं के मजबूत इरादों ने बाजार को आज बड़े स्वरूप तक पहुंचा दिया। वहीं, महिला नेतृत्वकर्ता रीना देवी ने कहा कि यह बाजार महिलाओं के लिए सुविधा और सम्मान दोनों लेकर आया है तथा अब महिलाएं खुद अपने रोजगार और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

# 11वीं नेशनल रैंकिंग स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में रुद्रांश शर्मा ने जीता गोल्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब राज्य के होनहार खिलाड़ी रुद्रंश शर्मा ने नोएडा में आयोजित 11वीं नेशनल रैंकिंग स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता के पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। रुद्रंश की इस उपलब्धि से पूरे राज्य में खुशी और उत्साह का माहौल है। खेल प्रेमियों और स्केटिंग से जुड़े लोगों ने इसे झारखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

**रुद्रंश शर्मा ने अपने नाम किया गोल्ड मेडल**

राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 22 से 25 जून तक नोएडा में आयोजित की जा रही है। जिसमें देशभर के कई राज्यों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे बड़े मंच पर रुद्रंश शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर यह साबित कर दिया कि झारखंड के खिलाड़ी अब स्केटिंग जैसे खेलों में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्या: ओ–एसी–टी–37–26–27 (खुली), दिनांक 21.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या : ओ–एसी–टी–37–26–27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए पाकुड़/तिलभीटा क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 100000 घनमी मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **बोली प्रणाली :** दो पैकेट। **निविदा मूल्य :** रु.18,91,96,000/–, **बयाना राशि :** रु. 37,83,900/–, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 18 माह । **बंद होने की तिथि और समय:** 15.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-108/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# मीडिया लोकतंत्र की मजबूत नींव, बिना इसके व्यवस्था अधूरी : श्रवण कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता Shravan Kumar ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र की मजबूत नींव है और इसके बिना किसी भी व्यवस्था की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज और सरकार के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करती है तथा जनता की समस्याओं, भावनाओं और अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है। मंत्री श्री कुमार शुक्रवार को बिहारशरीफ स्थित ममता होटल के सभागार में जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित मीडिया सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मी दिन-रात मेहनत कर समाज और राष्ट्र की सेवा करते हैं। लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों, पत्रकारों, संपादकों, फोटोग्राफरों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों ने मंत्री का माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री Nitish Kumar के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना लागू की। इसके तहत पत्रकारों की पेंशन राशि छह हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15 हजार रुपये की गई है। इस अवसर पर जिला पत्रकार संघ की ओर से मंत्री को छह सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम में संघ के मुख्य संरक्षक चंद्रमणि पांडेय, संरक्षक रमाशंकर प्रसाद, सुनील कुमार, महफूज आलम, सूजीत कुमार वर्मा, जिला पत्रकार संघ नालंदा के अध्यक्ष कमल किशोर प्रसाद, सचिव संजीव प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष मो. जमाउद्दीन, समाजसेवी दिलीप कुमार, रजनीकांत उर्फ पप्पू, वीरेंद्र कुमार, अर्जुन कुमार, मुकेश मानस, अजीत केसरी, प्रमोद झा, मोहम्मद निसार अंसारी, विनोद कुमार, श्रवण लाल, ऋषिकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–आईपीआईएस–एनएसएफ–एसएफयू–26–27, दिनांक: 21.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई–आईपीआईएस–एनएसएफ–एसएफयू–26–27** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** शेड्यूल–ए: हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंडों में नसीबपुर, सिंगुर, नालिकुल, हरिपाल (4 स्टेशनों) पर आईपीआईएस सिस्टम का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,42,63,176.44, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 8,85,300/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 21.05.2026 को 16.41 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 01.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-92/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता–आईपीटीई–बोकारो स्टील सिटी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या, निविदा संख्या, कार्य का नाम, निविदा मूल्य और बयाना राशि** निम्नानुसार है : **(1), ईएलआईएन–टीआरएस–एयूएक्स–मोटर–25–26,** दक्षिण पूर्व रेलवे के डब्ल्यूएजी7 लोकोमोटिव के सभी ऑग्जिलरी मोटरों की मरम्मत/पुनरुद्धार, रु. 62,94,120/–, रु. 1,25,900/–, **(2), आईपीटीई–टीआरएस–एएमसी–ईओटी–क्रेन –26,** तीन वर्ष की अवधि के लिए ईएलएस/आईपीटीएन के ईओटी क्रेनों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, रु. 23,23,044.64, रु. 46,500/–, **मात्रा:** निविदा अनुसूची के अनुसार (क्रम संख्या 1 एवं 2 हेतु)। **कार्य परिधि:** निविदा कागजात के साथ संलग्न (क्रम संख्या 1 एवं 2 हेतु)। **अनुबंध की अवधि:** 18 माह (क्रम संख्या 1 हेतु) और 36 माह (क्रम संख्या 2 हेतु)। **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य (क्रम संख्या 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 12.06.2026 को 15.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 हेतु)। निविदा कागजात का विवरण ई–निविदा पोर्टल में उपलब्ध है और आईआरईपीएस वेबसाइट का यूआरएल है **www.ireps.gov.in** (PR-213)

# आहर की उड़ाही में मिली प्राचीन शिव प्रतिमा

## श्रद्धालुओं ने शुरू किया पूजा-पाठ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत चित्तौखर ग्राम में आहर की उड़ाही के दौरान एक प्राचीन शिव प्रतिमा मिलने से पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा एवं कौतूहल का वातावरण बन गया। आहर की सफाई एवं मिट्टी निकासी का कार्य किया जा रहा था, तभी मिट्टी के अंदर से पत्थर निर्मित शिवलिंग युक्त प्रतिमा प्राप्त हुई।

प्रतिमा मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रतिमा की पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी। प्रतिमा पर फूल, बेलपत्र एवं अन्य पूजा सामग्री अर्पित की गई। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिमा को मिट्टी से बाहर निकालने के समय उस पर तीन सांप लिपटे हुए थे, जो लोगों की भीड़ और हलचल देखकर वहां से चले गए। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में विशेष धार्मिक आस्था देखी जा रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने बताया कि प्रतिमा के चारों ओर विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। उन्होंने इस प्रतिमा के चित्र को पुरातत्वविद सुजीत झा के पास भेजा एवं उन्होंने बताया कि प्रतिमा के एक ओर भगवान विष्णु, दूसरी ओर भगवान सूर्य की आकृति अंकित है। भगवान सूर्य की प्रतिमा के दोनों और कमल का फूल है, एवं भगवान के एक हाथ में पद्म है।

प्रतिमा के अन्य दो ओर भगवान गणेश तथा एक देवी की आकृति अंकित है। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य की इसी प्रकार की आकृति मां तारा नगरी केसपा ग्राम में भी स्थापित है, जिससे इस प्रतिमा की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता और बढ़ जाती है।

पैक्स अध्यक्ष विजय नारायण सिंह ने कहा कि प्रतिमा अत्यंत प्राचीन प्रतीत होती है। प्रतिमा के आधार भाग पर उकेरी गई कलात्मक आकृतियां इसकी ऐतिहासिक महत्ता को दशार्ती हैं। वहीं ग्रामीण सुनील शर्मा ने कहा है कि यह क्षेत्र प्राचीन काल में किसी धार्मिक स्थल का केंद्र रहा होगा।

ग्रामीण दीनानाथ कुमार, संटू प्रसाद सहित अन्य लोगों ने बताया कि आहर के समीप मंदिर निर्माण कर प्रतिमा को विधिवत स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। गांव में प्रतिमा मिलने के बाद लोगों में धार्मिक उत्साह के साथ-साथ क्षेत्र के इतिहास को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

# पेयजल को ले ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

## एक महीने से बंद है नल-जल योजना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित भीम बांध के सोनरवा गांव में पिछले एक महीने से नल-जल योजना बंद पड़ी है। भीषण गर्मी और उमस के बीच गांव के लोग शुद्ध पेयजल के लिए परेशान हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि ग्रामीण नदी का पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में भारी नाराजगी है। गुरुवार को ग्रामीणों ने पानी टंकी के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया।

मामला गंगटा पंचायत अंतर्गत पर्यटन स्थल केंद्र भीम बांध के वार्ड संख्या 12 स्थित सोनरवा गांव का है।

यहां करीब 300 की आबादी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक महीने से नल-जल योजना पूरी तरह बंद है, जिससे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है।

उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण नदी से पानी लाकर घरों में इस्तेमाल कर रहे हैं।

लगातार समस्या बने रहने और विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गांव के लोगों ने पानी टंकी के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जल्द पानी आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

वार्ड सदस्य संतन कुमार सिंह ने बताया कि नल-जल योजना को लेकर डीसीसी में शिकायत भी की गई है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गृह विधानसभा क्षेत्र में अगर यह हाल है, तो बाकी क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# अनमैप्ड मतदाता जल्द कराएं मैपिंग : डीईओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से निर्धारित प्रक्रिया के तहत सहयोग करने एवं समय रहते अपने नाम का सत्यापन सुनिश्चित करने की अपील की है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा द्वारा बताया गया है कि जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से सफलतापूर्वक मैप हो चुका है, उन्हें इनेमुरेशन फार्म के साथ जन्म अथवा निवास स्थान से संबंधित कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

ऐसे मतदाता जिनका अब तक वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो पाया है, उन्हें इनेमुरेशन फार्म के साथ जन्म अथवा निवास संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। प्रशासन ने कहा है कि अभी पर्याप्त समय उपलब्ध है, इसलिए संबंधित मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर शीघ्र मैपिंग की प्रक्रिया पूरी करा लें।

मतदाता सुविधा को ध्यान में रखते हुए 23 एवं 24 मई को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ अनमैप्ड मतदाताओं की सूची के साथ उपस्थित रहेंगी। जिला प्रशासन ने अपील की है कि छूटे हुए मतदाता अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना मैपिंग कार्य अवश्य पूरा करा लें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी युवा मतदाता के माता-पिता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, तो संबंधित युवा मतदाता का भी मैपिंग किया जा सकेगा। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

## खौलते दूध से छात्रा झुलसी

**पटना।** जिले के पंडारक ब्लॉक स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय से एक बेहद शर्मनाक और दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां छठी कक्षा में पढ़ने वाली एक मासूम छात्रा के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोप है कि स्कूल की किचेन मेड ने बच्ची से खौलते दूध का बर्तन उठवाया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। इतना ही नहीं, जले हुए घाव पर नमक और हल्दी लगाने का भी आरोप लगा है। घटना के बाद परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं और थाने में शिकायत देकर न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार, छठी कक्षा की छात्रा सुहानी कुमारी से स्कूल की किचेन मेड ने चूल्हे से खौलते दूध का बर्तन बाहर ले जाने के लिए कहा। सुहानी का आरोप है कि जब वह गर्म दूध का बर्तन उठाकर जा रही थी, तभी मेड ने गुस्से में पीछे से धक्का दे दिया। अचानक धक्का लगने से वह गिर गई और खौलता दूध उसके चेहरे और गर्दन पर गिर गया। इस हादसे में उसकी गर्दन और चेहरा बुरी तरह झुलस गया।

# घर में सो रही महिला की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में घर में सो रही एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना देर रात करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 35 वर्षीय मीना देवी, पति महेश पासवान, के रूप में हुई है। मामला साहेबगंज थाना क्षेत्र के गौरा पंचायत वार्ड नंबर 2 का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतका के परिजनों ने गांव के ही रंजीत पासवान पर घर में घुसकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक आरोपी को डिटेन कर लिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि आरोपी की पुत्री किरण कुमारी ने सुधीर पासवान के साथ भागकर शादी कर ली थी।



इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश में महिला की गोली मारकर हत्या की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पक्ष की ओर से पहले भी धमकियां दी जा रही थीं।

मृतका के ससुर हरिचंद्र पासवान और सास झुनिया देवी ने बताया कि रात में परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी और उसके साथियों ने घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुनियोजित तरीके से महिला की हत्या की गई है।

# प्रचण्ड गर्मी से लोग बेहाल, गढ़वा-डालटनगंज सबसे गर्म

## गर्मी और लू से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में गुरुवार को भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। राज्य के उत्तरी हिस्सों में तेज धूप और लू जैसे हालात से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार पलामू, गढ़वा और चतरा में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। डाल्टेनगंज राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा।

धनबाद, बोकारो, देवघर और गिरिडीह में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। वहीं राजधानी रांची और खूंटी में भी उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे।

रांची में दिन के दौरान बीच-बीच में बादल छाए रहने से धूप से थोड़ी राहत मिली, लेकिन उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में भी तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

तेज धूप और बढ़ती गर्मी के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने लोगों को अधिक पानी पीने, धूप से बचने और अत्यधिक जरूरी होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है।

हालांकि राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम राहत भरा रहने की संभावना जताई गई है। विभाग के मुताबिक पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में गुरुवार को बारिश की संभावना नहीं है, जबकि चतरा, कोडरमा, रांची, बोकारो, धनबाद और जमशेदपुर में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। पलामू और गढ़वा को छोड़कर राज्य के अधिकांश जिलों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। विभाग ने आंधी-तूफान को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

रांची, जमशेदपुर, धनबाद समेत कई जिलों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चल सकती है। इसके साथ ही बिजली चमकने और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

हाल में हुई बारिश के बावजूद डाल्टेनगंज में गर्मी का प्रकोप बरकरार है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य में मौसम का मिजाज बदलता रहेगा।

# विद्यालय बना अखाड़ा, शैक्षणिक माहौल हुआ खराब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के दहौर गांव स्थित हाई स्कूल इन दिनों पढ़ाई से ज्यादा शिक्षकों के आपसी विवाद को लेकर चर्चा में है। स्कूल परिसर में लगातार हो रही गुटबाजी और तकरार का असर अब शैक्षणिक माहौल पर साफ दिखाई देने लगा है।

ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक कक्षाओं में पढ़ाने से ज्यादा आपसी विवाद और आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त नजर आते हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रभारी और एक स्थानीय शिक्षक के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसके अलावा माध्यमिक और हाई स्कूल के शिक्षकों के बीच कार्यालय में बैठने की व्यवस्था को लेकर भी तनाव बना हुआ है।

स्थिति इतनी बढ़ गई कि स्कूल में आए दिन बहस और कहासुनी का माहौल बनने लगा है। इससे शिक्षक समूहों में बंटे दिखाई दे रहे हैं।

स्कूल के भीतर अब शिक्षकों के बीच कथित तौर पर वीडियो वॉर भी शुरू हो गया है। आरोप है कि शिक्षक एक-दूसरे की गतिविधियों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।

इसी तनाव के बीच हाल ही में एक शिक्षक द्वारा सहकर्मी पर छड़ी उठाने की घटना भी सामने आई, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

## लोगों ने की विधायक से शिकायत

विवादों के बीच स्कूल के एक शिक्षक दीपक कुमार पर छात्राओं और महिला शिक्षकों से दुर्व्यवहार के आरोप भी लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि इस मामले की जांच शिक्षा विभाग स्तर पर की जा रही है।

इस घटना के सामने आने के बाद स्कूल की छवि पर भी असर पड़ा है और अभिभावकों में नाराजगी बढ़ी है।

ग्रामीणों ने स्कूल की स्थिति को लेकर स्थानीय विधायक से भी शिकायत की है। उनका कहना है कि लगातार विवाद के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और स्कूल का माहौल खराब हो चुका है।

ग्रामीणों ने शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। विभाग की ओर से अनुशासनहीनता में शामिल शिक्षकों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

अब सभी की नजर शिक्षा विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी है, ताकि स्कूल में फिर से शैक्षणिक माहौल बहाल हो सके।

## जिंदा को घोषित किया मृत

**समस्तीपुर।** कहते हैं कि इंसान सिर्फ एक बार मरता है, लेकिन समस्तीपुर के मोरवा प्रखंड में रहने वाले रामजी सिंह पिछले तीन सालों से हर दिन घुट-घुट कर मर रहे हैं। वजह कोई बीमारी नहीं, बल्कि सरकारी सिस्टम की वो संवेदनहीन 'लाल स्याही' है, जिसने एक झटके में उनके जिंदा होने का वजूद ही मिटा दिया। रामजी सिंह हाड़-मांस के शरीर के साथ सरकारी दफ्तरों की चौखट पर खड़े होकर गुहार लगा रहे हैं– हुजूर, मैं भूत नहीं हूँ... मैं जिंदा हूँ! लेकिन फाइलें हैं कि उनके जीते-जी उन्हें 'मुर्दा' मानकर तमाशा देख रही हैं। यह अजीबोगरीब और दर्दनाक दास्तां मोरवा प्रखंड की धर्मपुर बांदे पंचायत के रहने वाले रामजी सिंह की है। साल 2023 में रामजी सिंह पर दुखों का पहाड़ टूटा था, जब उनकी युवा पुत्री रेखा कुमारी की बीमारी के कारण असमय मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद उसके बैंक खाते में जमा करीब चार हजार रुपये निकालने के लिए बैंक ने मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की। गमजदा पिता रामजी सिंह ने साल 2023 में ही अपनी मृत बेटी का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए स्थानीय आंगनबाड़ी सेविका और वार्ड सदस्य को कागजात सौंपे थे।

# मलमास मेला में 'स्क्रीन टावर' झूला बना आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** इन दिनों मेले में झूला प्रेमियों का दिल दहला रही है स्क्रीन टावर राइड यानी झूला। जो जमीन से सीधे 60 फुट की ऊंचाई व 360 डिग्री पर अचानक घुम जाती है।

इस कोण पर घुमावदार स्क्रीन टालर झूला मेले में आए लोगों में आकर्षण का केंद्र बनता दिख रहा है। जबकि साहसिक गतिविधियों व रोमांच प्रेमियों के लिए स्क्रीन टावर झूला पहली पसंद बनती दिख रही है। जिसमें एक साथ 16 लोग सवारी कर सकते हैं। राजकीय पुरुषोत्तम मास मेला 2026 के खेल तमाशे व झुलों की श्रृंखला में स्क्रीन टावर झूला ने धूम मचा रखी है। गुरुवार की रात झुला प्रेमियों की भीड़ कौतूहल और जिज्ञासा की निगाह से स्क्रीन टावर झूला को निहारते देखें गए। जो बेंगलुरु फन वर्ल्ड राइड्स द्वारा इम्पोर्टेड यानि विदेश से आयात कराया गया है।

जिसकी राईडिंग करने वाले झूला प्रेमी के रोंगटे खड़े कर देता है। इसके संचालक कारू सिंह का कहना है कि कमजोर दिलवालों को सवारी गांठने की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि स्क्रीन टावर झूला लगभग 60 फुट की ऊंचाई पर स्विंग करते हुए बैठे लोगों का दिल, पहली बार जोर से जरूर धड़कने पर मजबूर कर देता है। जब तक कि इसकी गति थम ना जाए। उन्होंने आगे बताया कि 60 फुट ऊंचे गगनचुंबी स्क्रीन टावर राइड तराजू के आकार का झूला है। जो दोनों ओर से दो विशाल पेंडूलम के आकार के मुंहाने पर जोड़े गए आठ सीटर चेयर लिफ्ट जोड़ा गया है। 'स्क्रीन टावर' झूला उड़ा रहा लोगों के होश जिस पर एक साथ 16 सवार लोगों को 360 डिग्री पर स्विंग कराती है।



जो साहसिक गतिविधियों तथा रोमांच प्रेमी लोगों को जन्नत की सैर कराने को तैयार हैं। जिसमें बैठे लोग 360 डिग्री के हिलकोरों का आनंद उठाते हुए भय व रोमांच का अनोखा अनुभव करते हैं।

## ट्रेन से गिरकर पिता-पुत्र की मौत

**आरा।** शुक्रवार को जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन में हुआ हादसा दिल दहला देने वाला साबित हुआ। चलती ट्रेन से गिरने के बाद यूपी निवासी पिता और उनके चार वर्षीय बेटे की मौत हो गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है।

यह हादसा आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हुआ, जब ट्रेन रुकने के बाद यात्री फिर से चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन अचानक खुल गई और संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया। हादसे में चार वर्षीय बच्चे की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पिता ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया था।

# गर्मी से क्लास रूम में छात्राएं हुईं बेहोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हिट वेव का असर अब बच्चों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। शुक्रवार सुबह जमुई के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिठलपुर में पढ़ाई के दौरान दो छात्राएं अचानक बेहोश होकर क्लासरूम में गिर पड़ीं। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षक और अन्य छात्र-छात्राएं घबरा गए। आनन-फानन में शिक्षकों ने दोनों छात्राओं को संभाला और राहत कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे विद्यालय में नियमित रूप से कक्षाएं चल रही थीं। सभी बच्चे अपने-अपने क्लासरूम में पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान आठवीं कक्षा की छात्रा वंदना कुमारी और छठी कक्षा की छात्रा मानवी मिश्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और दोनों बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं।

घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। शिक्षक तुरंत दोनों छात्राओं के पास पहुंचे और पानी के छींटे मारकर तथा पंखे की हवा देकर



उन्हें होश में लाने का प्रयास करने लगे। कुछ देर बाद छठी कक्षा की छात्रा मानवी मिश्रा को होश आ गया, जबकि वंदना कुमारी की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

विद्यालय प्रशासन की ओर से परिजनों को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद वंदना कुमारी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि तेज गर्मी और अत्यधिक उमस के कारण छात्रा की तबीयत बिगड़ी है।

वहीं दूसरी छात्रा मानवी मिश्रा की हालत सामान्य होने पर उसका उपचार ग्रामीण स्तर पर ही कराया गया। डॉक्टरों ने बच्चों को धूप और गर्मी से बचाने की सलाह दी है।

जमुई में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। शुक्रवार को जिले का तापमान करीब 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।मौसम विभाग की ओर से भी हिट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

दो छात्राओं के एक साथ बेहोश होने की घटना के बाद पूरे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बच्चे घबरा गए, जबकि स्थानीय ग्रामीणों की भी स्कूल में भीड़ जुट गई। अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और हिट वेव को देखते हुए स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया जाना चाहिए। कई लोगों ने प्रशासन से विद्यालयों को कुछ दिनों के लिए बंद करने या सुबह जल्दी छुट्टी देने की मांग की है।

## लापता युवक की लाश बरामद

**नवादा।** लापता युवक का शव मिलने के बाद शुक्रवार को जमकर हंगामा देखने को मिला। आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सदर अस्पताल के पास सड़क जाम कर आगजनी की। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर मोहल्ला निवासी संजय यादव के इकलौते बेटे प्रिंस कुमार (20) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, प्रिंस 13 मई से लापता था। उसकी मां ने नगर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस सक्रिय होती, तो प्रिंस की जान बचाई जा सकती थी।

## मजदूरी मांगने पर अपहरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही।** मजदूरी का पैसा मांगने पर एक मजदूर की चार लोगों ने अपहरण करते हुए उसे टोटो में बैठा कर बांध के पास ले गया और मारपीट करने के बाद जब वह बेहोश हो गया तो उसे मरा समझ कर वहीं छोड़कर भाग गया। घटना बीते रात 10 बजे के आसपास की बताई जाती है। परिजनों को जब इसकी सूचना मिली तब उनकी खोजबीन शुरू हुआ और मामला थाने तक पहुंची। खोजबीन के दौरान ही उन्हें बैसा घाट बांध के पास से बरामद किया गया। इसके बाद उसे मनसाही के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पीड़ित मजदूर बाबुल ऋषि ने बताया कि मजदूरी का पैसा मांगने पर गांव के ही राजा अपने साथी आशिक अरविंद एवं मुकेश के साथ मिलकर उन्हें जबरन एक टोटो में बैठाया और वैसा घाट ले जाकर उनके साथ मारपीट करने लगा और उन्हें तब तक मारा गया जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। बाद में उन्हें मरा हुआ समझ कर सभी लोग वहां से फरार हो गए।

# पुलिस टीम पर हमला कर आरोपित को छुड़ाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** लालगंज लालगंज थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में गुरुवार की देर रात हथियार बरामदगी के लिए गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन पर जमकर रोड़ेबाजी की गई, जिसमें चौकीदार समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

वहीं हंगामे के बीच ग्रामीणों ने पुलिस हिरासत में लिए गए एक अभियुक्त को पुलिस वाहन से जबरन उतारकर भगा दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात लालगंज थाना अध्यक्ष मनमोहन कुमार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के माध्यम से सूचना मिली कि मानपुर गांव निवासी बसवरिया नामक युवक का हथियार के साथ फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

## चार पुलिसकर्मी घायल

मामले को गंभीरता से लेते हुए उसकी गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। निर्देश मिलते ही थाना अध्यक्ष दलबल के साथ मानपुर गांव पहुंचे और छापेमारी कर बसवरिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि वायरल वीडियो में प्रयुक्त हथियार उसके एक दोस्त के घर में छिपाकर रखा गया है। इसके बाद पुलिस बसवरिया को साथ लेकर उसके दोस्त के घर हथियार बरामद करने पहुंची।

बताया गया कि जैसे ही पुलिस टीम घर में प्रवेश की, वैसे ही आरोपित के पिता पुलिस से उलझ पड़े और शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को एकत्रित कर लिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस टीम से धक्का-मुक्की एवं बहसबाजी शुरू कर दी।

स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीणों ने पुलिस पर रोड़ेबाजी शुरू कर दी। अचानक हुए हमले में एक चौकीदार समेत तीन अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस वाहन को घेर लिया और उसमें बैठे गिरफ्तार अभियुक्त बसवरिया को बाहर निकालकर भगा दिया।

वहीं जिस घर से हथियार बरामद करने पुलिस पहुंची थी, वहां का आरोपित भी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

घटना की सूचना तत्काल वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई। इसके बाद सराय, भगवानपुर, करताहा एवं वैशाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए लालगंज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

CMYK

# ‘नेचुरल जस्टिस’ और सीसीए रूल अनुशासनिक कार्यवाही का आधार

## प्रमंडलस्तरीय 6 जिलों के अधिकारियों/ कर्मियों के लिए एमआइटी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन





**मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में तिरहुत प्रमंडल स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रमंडल अंतर्गत सभी छह जिलों के अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एमआईटी सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार सरकार के महानिदेशक- सह- मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के विधिसम्मत संचालन हेतु अपेक्षित नियमों, प्रावधानों तथा संपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देनी थी, ताकि प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन विधिसम्मत, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से किया जा सके। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय, बिहार , पटना से आये विशेषज्ञ अधिकारियों ने अनुशासनिक कार्यवाही के लिए ‘नेचुरल जस्टिस’ अर्थात प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत तथा सीसीए रूल को आधारस्तम्भ बताया और उसके विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध की जाने वाली अनुशासनिक कार्यवाही केवल दंड देने की प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि यह प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु, प्रभावी एवं जवाबदेह बनाये रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनिक कार्यवाही का मूल उद्देश्य कर्मचारियों में कर्तव्यनिष्ठा, उत्तरदायित्व और प्रशासनिक अनुशासन बनाये रखना है, न कि किसी कर्मचारी को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करना। यदि नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निष्पक्ष जांच की जाय, तो इससे सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता मजबूत होती है और आम जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ता है। प्रशिक्षण के दौरान ‘नेचुरल जस्टिस’ के सिद्धांत को अनुशासनिक कार्यवाही का आधार बताते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि प्राकृतिक न्याय का मूल भाव यह है कि किसी भी व्यक्ति को बिना सुनवाई के दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने अर्थात ‘दूसरे पक्ष को भी सुनो’ के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी सरकारी कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही करने से पूर्व उसे अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त जांच प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पूर्वाग्रह रहित होनी चाहिए। यदि जांच अधिकारी या सक्षम प्राधिकार निष्पक्षता के सिद्धांत का पालन नहीं करेगा, तो पूरी अनुशासनिक प्रक्रिया न्यायिक समीक्षा में कमजोर पड़ सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि सीसीए रूल सरकारी सेवकों के आचरण, नियंत्रण एवं अपील से संबंधित एक महत्वपूर्ण कानूनी ढांचा है, जिसके अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसमें आरोप पत्र गठित करने, लिखित अभिकथन प्राप्त करने, जांच अधिकारी नियुक्त करने, साक्ष्य संकलन, गवाहों की सुनवाई तथा अंतिम निर्णय लेने तक की पूरी प्रक्रिया स्पष्ट रूप से वर्णित है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में प्रक्रियात्मक त्रुटियों के कारण कार्रवाई न्यायालय में टिक नहीं पाती, इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी को नियमों की सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अनुशासनिक कार्यवाही में पारदर्शिता एवं विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन केवल आरोपी कर्मचारी के अधिकारों की रक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक संस्थाओं की गरिमा एवं विश्वसनीयता अक्षुण्ण रखने के लिये भी जरूरी है। यदि कार्यवाही निष्पक्ष और तथ्यों पर आधारित हो, तो इससे कर्मचारियों के बीच सकारात्मक संदेश जाता है तथा कार्य संस्कृति में सुधार होता है। वहीं, मनमानी अथवा पक्षपातपूर्ण कार्यवाही से कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होता है और प्रशासनिक विवाद बढ़ते हैं। महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सुशासन की अवधारणा की मजबूती हेतु सरकारी कामकाज में जवाबदेही और अनुशासन को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवक जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे नियमों एवं नैतिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करें। यदि किसी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता या कदाचार की शिकायत सामने आती है, तो उसके निष्पक्ष निष्पादन के लिए विधिसम्मत अनुशासनिक कार्यवाही आवश्यक हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों को अनुशासनिक मामलों के निष्पादन में जल्दबाजी या व्यक्तिगत पूर्वाग्रह से बचने तथा तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही यह भी कहा कि जांच प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी हो, ताकि लंबित मामलों के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों। प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा पहले से अधिक बढ़ गई है। ऐसे में अधिकारियों एवं कर्मियों को नियमों की अद्यतन जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल नियमों की जानकारी देना नहीं, बल्कि अधिकारियों में विधिक समझ और प्रशासनिक संवेदनशीलता विकसित करना भी है। इससे सरकारी कार्यों के निष्पादन में निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न जटिल मामलों से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिसका विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। विशेषज्ञों ने विभागीय जांच से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं, दस्तावेजी साक्ष्यों के महत्व, आरोप पत्र की भाषा, गवाहों की भूमिका तथा अपील प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। इस प्रकार अनुशासनिक कार्रवाई केवल दंडात्मक व्यवस्था नहीं, बल्कि प्रशासनिक सुधार और सुशासन का एक सशक्त माध्यम है। यदि ‘नेचुरल जस्टिस’ के सिद्धांतों और सीसीए रूल का अक्षरशः पालन किया जाय, तो सरकारी कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनेगी। इस प्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम वस्तुतः प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने तथा सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर श्री सुब्रत कुमार सेन, नगर आयुक्त श्री ऋतुराज प्रताप सिंह, आयुक्त के सचिव श्री संदीप शेखर प्रियदर्शी सहित तिरहुत प्रमंडल के सभी छह जिलों के वरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक से 451 लीटर विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के फोरलेन चौहरमल गेट के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार देर रात गिट्टी से लदे एक दस चक्का ट्रक से 451 लीटर विदेशी शराब बरामद की। पुलिस ने तहखाना बनाकर शराब की तस्करी कर रहे ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गिट्टी के नीचे तहखाना बनाकर शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने फोरलेन चौहरमल गेट के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक में बने विशेष तहखाने से 51 बॉक्स में रखी गई 451 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से ट्रक चालक रामरती कुमार (21), पिता शंकर प्रसाद, निवासी सोराडीह, तेलमर, नालंदा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि शराब की यह खेप भागलपुर ले जाई जा रही थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। शराब तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए पुलिस गहन जांच कर रही है।

### बदमाशों ने दिनदहाड़े की फायरिंग, दहशत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर से सटे उत्तरी चहारदीवारी के पास शुक्रवार सुबह बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग की और आराम से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग का मकसद अब तक साफ नहीं हो पाया है।अचानक हुई फायरिंग के बाद आसपास के कोचिंग संस्थानों के छात्रों में भगदड़ मच गई। मोहल्ले के लोग डर से अपने घरों की खिड़की-दरवाजे बंद कर अंदर दुबक गए।घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। थाने से घटनास्थल की दूरी पैदल महज पांच मिनट की है, फिर भी पुलिस को पहुंचने में एक घंटा लग गया। 112 की टीम मौके पर पहुंची। पदाधिकारी रामानुज शर्मा ने एक कोचिंग के सीसीटीवी फुटेज देखकर खानापूर्ति की और लौट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। पिछले एक पखवाड़े में कपूरी चौक, पाली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास कार वॉशिंग सेंटर में तोड़फोड़ व फायरिंग हुई। इससे पहले गांधी मैदान, रेलवे स्टेशन और रेलवे गुमटी पर भी खुलेआम फायरिंग हो चुकी है। किसी भी मामले में अब तक बदमाशों की पहचान तक नहीं हो पाई है। नगरवासियों में डर है कि पुलिस का रवैया ऐसा ही रहा तो बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से बदमाशों पर नकेल कसने की मांग की है ताकि आम लोग बिना दहशत के रह सकें।

### शिक्षक के घर 50 हजार नकदी समेत ढाई लाख की जेवरात चोरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के डेवां गांव में एक सरकारी शिक्षक के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर तकरीबन 50 हजार नगदी समेत ढाई लाख के आभूषण चोरी कर लिए हैं। पीड़ित शिक्षक कुमार अनिल कुमार पिता नरेश राम जो मसौढी में किराए के मकान में रहकर जनगणना का कार्य में लगे हैं। अनिल कुमार डेवां पंचायत के बारा उत्क्रमित विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और इन दोनों जनगणना का कार्य में लगे हैं ,ऐसे में बंद घर को देखते हुए चोरों ने ताला तोड़कर बड़े आराम से चोरी कर ली है इस संबंध में पीड़ित शिक्षक अनिल कुमार की मां मालती देवी पति नरेश प्रसाद ने के लिखित बयान पर थाने में कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। दिए गए आवेदन में लिखा है कि अपने पति नरेश प्रसाद के इलाज को लेकर वह पटना रह रहे हैं। बिते देर रात को चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर अलमीरा गोदरेज को का ताला तोड़ते हुए ₹50 हजार नगद और ढाई लाख के आभूषण चोरी कर लिए हैं।पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं।



### सड़क किनारे पेड़ से टकराई कार, दो युवक जख्मी

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के एसएच-69 पर बंदीबाग (लालगंज सेहरा) के समीप शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, खपुरा गांव निवासी धीरज कुमार, पिता स्वर्गीय भरत यादव, अपने दो दोस्तों के साथ कार से लालगंज सेहरा की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान बंदीबाग (लालगंज सेहरा)के पास विपरीत दिशा से आ रही एक गाड़ी को साइड देने के क्रम में उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में धीरज कुमार एवं जीतू कुमार, पिता सुरेश यादव, गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जीतू कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान उक्त पेड़ को नहीं हटाया गया, जिसके कारण वह सड़क के बीचों-बीच खतरे का कारण बना हुआ है। लोगों के अनुसार, इस स्थान पर पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और वाहन पेड़ से टकराकर हादसे का शिकार होते रहे हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग एवं वरीय अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



### जनता के दरबार में 72 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 72 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती एवं वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार ने सुनवाई की। अपर समाहर्ता के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार से ही फोन करके मामले के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम पीजीआरओ ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।



### खैनी छोड़ो बीड़ी तोड़ों के नारा से गूंज उठा गोविंदपुर

**खुसरूपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति रैली निकाल कर नशा विरोधी नारा लगाया । रैली गाँव में घूम घूम कर खैनी छोड़ो बीड़ी तोड़ो, सिगरेट पीकर खांस रहा है मौत के आगे नाच रहा है , गुटखा खाया गाल गलाया, जिसका बाप पियेगा दारू उसका बेटा मरेगा झाड़ू जैसा नारा लगाया । मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुधांशु राज ने बताया कि 80 प्रतिशत मुह का कैंसर का मुख्य कारण तम्बाकू का ही सेवन है । आज युवा वर्ग जिस तरह से सूखे नशे के चपेट में आ रहा यह चिंता का विषय है । नशाखोरी एक विश्वव्यापी समस्या है इसको लेकर लगातार जन जागरूकता फाउंडेशन चला रहा है साथ ही नशा मुक्ति केंद्र में नशा से होने बाले दुष्प्रभाव के बारे में फाउंडेशन के स्वयंसेवक घर घर जाकर लोगो को बता रहे है । नशा सेवन से दूर रहने का संकल्प ले । उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी पिछले एक दशक से लागू है लेकिन अफसोस आज भी लोग मदिरा के सेबन से बाज नही आ रहे है । उन्होंने स्वयंसेवको को आगाह किया कि नशाखोरी का खुलकर विरोध करें कोई भी व्यक्ति नशा के कारोबार करता है उसका सूचना फाउंडेशन को दे आपका नाम पता गुप्त रखा जायेगा साथ ही सूचना देने वाले स्वयंसेवक के पुरुस्कृत किया जायेगा । वही स्वयंसेवक अमित ने नशा सेवन करने से होने बाले हानि के बारे में विस्तार से बताया । बीड़ी ,सिगरेट, गंजा,चरस के सेवन से मनुष्य का दिमाग कमजोर हो जाता है और व्यक्ति सोचने समझने की क्षमता को खो देता है । रैली में सैंकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे ।




# जिले के 13 वरिष्ठ कलाकार बिहार सरकार की ‘मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना’ अंतर्गत चयनित

## कलाकारो को मिलेगा आर्थिक लाभ एवं सम्मान - जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा पूर्वी चंपारण जिले के 13 वरिष्ट कलाकारों को ‘मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना’ के तहत मिलने वाले पेंशन की स्वीकृति दी गई है। विभाग द्वारा पूर्वी चंपारण जिले से चयनित इन 13 लाभार्थी कलाकारो की सूची भी जारी कर दी है। इस आशय की जानकारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने दी है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में कमिटी की बैठक हुई थी। जिसमें प्राप्त 14 आवेदनो की जॉच- पड़ताल की गई। तत्पश्चात इन नामो की अनुशंसा कर इस योजना के तहत लाभ देने के लिए इन कलाकारो के नाम कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को भेजी गयी थी। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सिद्दीकी ने बताया कि उक्त सूची के तहत विभाग ने जिले के 13 वरिष्ट कलाकारों को इस योजना के लाभ के लिए चयनित किया है। जिन कलाकारो के नाम का चयन किया गया है, उनमें अंजनी कुमार, संजय कुमार मिश्र, कल्पना देवी, मंकेश्वर प्रसाद वर्मा उर्फ मुकेश वर्मा, कपिलदेव राम, विनोद कुमार तिवारी, राजेश कुमार वर्मा, प्रेम कुमार वाजपेई, विजय वर्मा उर्फ विजय अमित, राम टहल राम, दिनेश कुमार आजाद उर्फ डी.के. आजाद, ब्रजकिशोर प्रसाद एवं संजय उपाध्याय शामिल हैं । जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री सिद्दीकी ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा राज्य के मौलिक कला, पारंपरिक लोक कला सहित विभिन्न विधाओ के 50 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ कलाकारो के योगदान को देखते हुए उन्हें आर्थिक सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करने के लिए ‘मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना’ की शुरूआत की गई है, जिसके तहत प्रति माह इन कलाकारो के बैंक खाता मे सीधे 3 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे।

### गांजा व इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ मां-बेटा गिरफ्तार

**रक्सौल(पुर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरैया थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 295 ग्राम गांजा और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अलताफ खान, पिता स्वर्गीय फिरोज खान एवं नसीमा खातून, पति स्वर्गीय फिरोज खान, दोनों निवासी तुमरिया टोला वार्ड संख्या-01, थाना हरैया, जिला पूर्वी चम्पारण के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों वर्तमान में रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-01 स्थित परेउवा रेलवे ढाला के पास रह रहे थे। हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की, जहां से 295 ग्राम गांजा एवं एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद सामान को जब्त कर आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डिजिटल सुगमता से आसान हुई दिव्यांगता की चुनौतियां : प्रो. शांडिल्य

## टी.पी.एस. कॉलेज में ‘दिव्यांगता से आगे : सभी के लिए जीवन को सुगम बनाने’ विषय पर व्याख्यान आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा ‘दिव्यांगता से आगे : सभी के लिए जीवन को सुगम बनाने’ विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन कौटिल्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन-अनुकूल वातावरण, समावेशी शिक्षा तथा सभी के लिए सुगम एवं सहज जीवन व्यवस्था के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम के संरक्षक-सह-अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल सुगमता ने दिव्यांगता की चुनौतियों को काफी हद तक आसान बनाया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और समावेशी सोच के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। आईक्यूएसी समन्वयक एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. (डॉ.) रूपम ने कहा कि सुगमता केवल दिव्यांगजनों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति के सम्मानजनक जीवन से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने विद्यार्थियों से सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता अनुराग कुमार सांस्कृत्यायन ने कहा कि आधुनिक समाज में तकनीक, आधारभूत संरचना और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को इस प्रकार विकसित किया जाना चाहिए जिससे हर व्यक्ति बिना किसी बाधा के अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सके। प्रो. अंजलि प्रसाद ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए जहाँ प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। डॉ. शशि भूषण चौधरी ने कहा कि दिव्यांगजन-अनुकूल आधारभूत संरचना विकसित करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। प्रो. शाइस्ता नूरी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सहानुभूति, सहयोग और स्वीकार्यता की भावना विकसित की जा सकती है।

# बॉर्डर से 91.5 लीटर नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात्रि पुलिस गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 91.5 लीटर नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नीरज सहनी (33 वर्ष), पिता ज्ञानचंद्र सहनी, निवासी झिटकिया थाना लखौरा के रूप में हुई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गश्ती के दौरान बॉर्डर क्षेत्र से शराब लेकर जा रहे उक्त व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 91.5 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त नजर रखी जा रही है।गौरतलब है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। राज्य सरकार द्वारा शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद गैरकानूनी तरीके से शराब की तस्करी, बिक्री या आपूर्ति करने वालों के खिलाफ उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाती है।कानून के अनुसार शराब तस्करी में पकड़े जाने पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तारी, जुमार्ना एवं जेल की सजा का प्रावधान है। पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शराब कारोबारियों पर निगरानी रखी जा रही है।वहीं, राज्य में शराब का सेवन करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। शराब पीते हुए पकड़े जाने पर जुमार्ना सहित अन्य दंडात्मक प्रावधान लागू किए जाते हैं। प्रशासन ने लोगों से शराबबंदी कानून का पालन करने तथा अवैध शराब कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।



### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 200 लीटर चुलाई शराब बरामद

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध देशी चुलाई शराब बरामद की है। पुलिस ने सिक्स्थ लाइन के समीप छापेमारी कर एक मोटरसाइकिल पर ले जाई जा रही करीब 200 लीटर देशी चुलाई शराब को जब्त किया। जानकारी के अनुसार, एक युवक मोटरसाइकिल पर दो प्लास्टिक के बड़े ड्राम में शराब लादकर जा रहा था। गुप्त सूचना मिलने के बाद नदी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिक्स्थ लाइन के पास वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ड्राम में रखी भारी मात्रा में देशी चुलाई शराब बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल संख्या BR01KA3878 को भी जब्त कर लिया।

### शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच मनाएं बकरीद

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। बकरीद को लेकर शुक्रवार को खगौल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बकरीद को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए खगौल थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बकरीद पर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि बकरीद के मौके पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस रहेगा। हर गली और चौराहे में पुलिस गश्ती करती रहेगी। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर पुलिस विशेष नजर रखेगी। उन्होंने खगौल के नागरिकों से अपील की आने वाले त्योहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार का कहना है कि खानकाहो के समीप विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का आग्रह की पेयजल आपूर्ति एवं ईदगाह तथा खानकाओं के समीप विशेष साफ सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार श्रीवास्तव कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार , मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू, मोहम्मद गुड्डु, मोहम्मद सुल्तान उर्फ विक्की, मफूज आलम, आदम परवेज उमा गुप्ता, समाजसेवी अजय कुमार यादव, जितेंद्र वत्स, पॉली गांगुली सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस, वार्ड पार्षद , प्रशांत कुमार ,पिंटू कुमार, दीपक कुमार, विकाश कुमार उर्फ पप्पू,ज्ञानी प्रसाद, वशिष्ठ कुमार, मोहम्मद मनोहर,समेत कई पत्रकार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# 60 लाख ठगी मामले में आरोपित गिरफ्तार

## बिहार में बड़ा फ्रॉड रैकेट चलाने का भंडाफोड़, कई फरार





**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के शाहजहांपुर पुलिस ने साठ लाख के ठगी के मामले में तीन साल से फरार चल रहे एक फरार अभियुक्त को पटना सिटी से गिरफ्तार किया है. फरार मोनू पटना सिटी कोर्ट में ही एक वकील के पास छह महीने से मुंशी का काम कर रहा था।यह मामला पटना सिटी कोर्ट में दर्ज कंप्लेंट केस संख्या 454/2023 ने बिहार में कथित रूप से चल रहे एक बड़े ठगी रैकेट की परतें खोल दी हैं. शिकायतकर्ता ने दनियावां के शाहजहांपुर थानाक्षेत्र के मोनू कुमार और नवादा के कादिरगंज के खुशबू रानी पांडेय पर आरोप लगाया है कि दोनों ने अपने माँ जी का बीमारी का हवाला देकर लोगों को भावनात्मक रूप से फंसाया तथा लाखों रुपये की ठगी की. पीड़ित के अनुसार वर्ष 2020-21 में माता-पिता के इलाज और आर्थिक संकट का बहाना बनाकर करीब 60 लाख रुपये लिए गए.बदले में फतुहा के सोनारू क्षेत्र में चार कट्ठा जमीन देने का वादा किया गया, लेकिन बाद में आरोपित अपने वादे से मुकर गए. शिकायत में दावा किया गया है कि यह कोई साधारण धोखाधड़ी नहीं, बल्कि बिहार में सक्रिय एक संगठित फ्रॉड नेटवर्क है, जो अलग-अलग जिलों में लोगों को झांसे में लेकर मोटी रकम ऐंठने का काम करता है.आरोप है कि ठगी से अर्जित पैसों से नवादा समेत कई जगहों पर फ्लैट और संपत्तियां खरीदी गई.इसमें परिवार के अन्य सदस्यों की भूमिका होने का भी आरोप लगाया गया है.इस फ्राड के मामले में अनिल कुमार, आशीष कुमार, रवि रंजन कुमार और सुमित्रा कुमारी समेत कई लोगों के नाम सामने आए हैं. शिकायतकर्ता ने बताया कि कोरोना काल में यह गिरोह ज्यादा सक्रिय हुआ और जरूरतमंद लोगों को झूठे भरोसे में लेकर आर्थिक ठगी की गई। शिकायत कर्ता और शाहजहापुर थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि मोनू कुमार पर दिल्ली के अमन विहार थाना क्षेत्र में 900/2014 में पहले से भी 14 लाख ठगी का मामला दर्ज है, एक साल पूर्व दिल्ली की अमन बिहार की पुलिस दो बार मोनू और इसके साथियों का वारंट लेकर शाहजहांपुर थाना से खोज कर बैरंग वापस लौट गई थी.जबकि खुशबू रानी पांडेय के खिलाफ नवादा जिले के कादिरगंज थाना में वारंट होने का दावा किया गया है. पीड़ित पक्ष ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और आर्थिक अपराध इकाई से कार्रवाई की मांग की है. उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बिहार में सक्रिय एक बड़े फ्रॉड नेटवर्क का खुलासा हो सकता है. हालांकि, इन आरोपों पर अब तक आरोपित पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.फिलहाल शाहजहांपुर पुलिस साठ लाख के ठगी मामले में मोनू कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### पटना ने रक्त कैंसर पीड़ितों के उपचार हेतु ₹60 हजार की सहायता राशि

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनर व्हील क्लब ऑफ आम्रपाली, पटना की ओर से रक्त कैंसर से पीड़ित मरीजों के उपचार में सहयोग हेतु मगध कैंसर ट्रीटमेंट को ₹60,000 की सहायता राशि प्रदान की गई। यह आर्थिक सहयोग उन मरीजों एवं उनके परिवारों के लिए समर्पित है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हुए आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। क्लब की ओर से कहा गया कि कैंसर केवल एक चिकित्सकीय समस्या नहीं है, बल्कि यह मरीज एवं उसके परिवार के लिए भावनात्मक, शारीरिक और आर्थिक संघर्ष का भी कारण बनता है। उपचार के दौरान दवाइयों, विभिन्न जांचों तथा नियमित चिकित्सा पर होने वाला खर्च कई परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। ऐसे कठिन समय में समाज से प्राप्त सहयोग मरीजों और उनके परिजनों के लिए आशा एवं संबल का कार्य करता है। इस परियोजना के माध्यम से इनर व्हील क्लब ऑफ आम्रपाली पटना ने सामाजिक दायित्व एवं मानवीय सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया है। क्लब का उद्देश्य समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके और वे अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस न करें।



# संपादकीय

## विश्वस्तरीय रेल सेवा के दावों के बीच यात्रियों की सुरक्षा पर गहराता भरोसे का संकट

यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सुरक्षित सफर के लिए रेल सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया जा रहा है, तो दूसरी तरफ बुनियादी सुरक्षा उपाय विभागीय अनदेखी की वजह से कमजोर पड़ते जा रहे हैं ।यह बात छिपी नहीं है कि इस तरह के रेल हादसों में नाममात्र की कार्रवाई होती है और बाद में जांच के नतीजे भी सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं ।रेल सेवा आम लोगों के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, मगर यह सुविधा कई बार यात्रियों की जान पर भारी पड़ जाती है । सरकार की ओर से देश के रेल सेवा तंत्र को विश्वस्तरीय बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि कब और कहां रेल हादसा हो जाए, इसकी आशंका हमेशा बनी रहती है । पिछले दो दिन में तीन रेल हादसों ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता को और गहरा कर दिया है ।बिहार के सासाराम में सोमवार को प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक यात्री रेलगाड़ी में आग लग गई, जिससे एक डिब्बा पूरी तरह जल गया । दूसरा हादसा उत्तराखंड में ऋषिकेश के योगनगरी रेलवे स्टेशन पर रात को हुआ, जब ट्रैक बदलते समय उज्जैनी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई । इससे पहले रविवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में राजधानी एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगने की घटना सामने आई थी । गनीमत रही कि इन तीनों हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई । मगर सवाल है कि इस तरह के हादसों से सबक लेकर हर स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाने को लेकर गंभीरता आखिर नदारद क्यों है ?यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सुरक्षित सफर के लिए रेल सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया जा रहा है, तो दूसरी तरफ बुनियादी सुरक्षा उपाय विभागीय अनदेखी की वजह से कमजोर पड़ते जा रहे हैं । खबरों के मुताबिक, सासाराम में रेलगाड़ी की एक बोगी में आग की घटना के समय स्टेशन पर अग्निशमन की माकूल व्यवस्था नहीं थी । न तो वहां रेलगाड़ी में पानी भरने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से तत्काल पानी उपलब्ध हो पाया और न ही स्टेशन पर रखे गए अग्निशमन सिलेंडरों में गैस थी । आग कैसे लगी, इसका भी कोई स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है ।यह बात छिपी नहीं है कि इस तरह के रेल हादसों में नाममात्र की कार्रवाई होती है और बाद में जांच के नतीजे भी सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं । कहने को रेलवे बोर्ड के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, लेकिन व्यवस्थागत खामियों को जब तक दुरुस्त नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक सुरक्षित सफर की उम्मीद धुंधली ही रहेगी ।उत्तराखंड के ऋषिकेश में सोमवार रात उज्जैन एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई । योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास खांड गांव क्षेत्र में रात करीब 9-30 बजे ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए । राहत की बात यह रही कि हादसे के समय ट्रेन में कोई यात्री सवार नहीं था । शुरुआती जांच में ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है । बताया जा रहा है कि ट्रेन की नियमित मेंटेनेंस के दौरान यह हादसा हुआ ।

**शुभेंदु सरकार की गति और संकल्प सिद्धि के प्रयासों से जुड़े निर्णयों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। हालत यह हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का डायमंड हार्बर मॉडल का पुष्पा जहागीर खान बहाना बनाकर फलटा विधानसभा उपचुनाव में ठीक उसी समय पलटा मारकर कर भाग गया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनने के लिए रोड शो निकाल रहे थे। यह वही क्षेत्र है जहां विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम मशीन पर भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे काला टेप लगा दिया गया था। यूपी के एक तेजतर्रार पुलिस अफसर अजय पाल शर्मा की आब्जर्वर के रूप में नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जहांगीर खान ने पोस्टर जारी करके अपने आप को पुष्पा बताने की जुर्रत की थी। आज वही तथाकथित पुष्पा चुनावी मैदान बीच में छोड़कर भाग खड़ा हुआ। यह भय बनाम भरोसे में भरोसे की एक और बड़ी जीत है।**

# शुभेंदु सरकार के त्वरित निर्णयों से उभरता नया बंगाल

(मृत्युंजय दीक्षित)

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है।

बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद बनी शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपने चुनावी संकल्प पत्र के अनुरूप काम पर लग गई है। सत्ता परिवर्तन होते ही सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बंद करवाए गए। अवैध बूचड़खानों पर बुलडोजर एक्शन के आदेश जारी हुए। सभी विद्यालयों में अब सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन अनिवार्य कर दिया गया है। सड़कों पर नमाज व अन्य धार्मिक गतिविघियों पर पाबंदी लगा दी गई है। सीमा पर फेंसिंग के लिए सीमा सुरक्षा बल को जगह दे दी गई है और सम्पूर्ण भूमिहस्तांतरण निर्णय के 45 दिन में पूरा हो जाएगा। चिकन नेक क्षेत्र केंद्र को सौंप दिया गया है। धार्मिक आधार पर चलने वाली योजनाएं जैसे इमामों को वेतन बंद कर दिया गया है। आर.जी.कर केस की फाइल दोबारा खुलने के आदेश हो गए हैं। आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय जन कल्याण योजनाएं अब बंगाल पहुँच रही हैं।

शुभेंदु सरकार की गति और संकल्प सिद्धि के प्रयासों से जुड़े निर्णयों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। हालत यह हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का डायमंड हार्बर मॉडल का पुष्पा जहागीर खान बहाना बनाकर फलटा विधानसभा उपचुनाव में ठीक उसी समय पलटा मारकर कर भाग गया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनने के लिए रोड शो निकाल रहे थे। यह वही क्षेत्र है जहां विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम मशीन पर भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे काला टेप लगा दिया गया था। यूपी के एक तेजतर्रार पुलिस अफसर अजय पाल शर्मा की आब्जर्वर के रूप में नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जहांगीर खान ने पोस्टर जारी करके अपने आप को पुष्पा बताने की जुर्रत की थी। आज वही तथाकथित पुष्पा चुनावी मैदान बीच में छोड़कर भाग खड़ा हुआ। यह भय बनाम भरोसे में भरोसे की एक और बड़ी जीत है। यह सब कुछ हिंदुओं की एकजुटता और उनके जागरण से ही संभव हो सका है अगर हिंदू समाज आगे भी इसी प्रकार एकजुट रहता है तो सनातन का अपमान करने व उन्हें भयभीत करने वाले लोग इसी प्रकार से स्वतः प्रेरणा से भागते रहेंगे।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है।



बंगाल में भी दंगाइयों व उत्पातियों का इलाज यूपी की ही तरह होगा। कोलकाता के जिस थाने पर दगांइयों ने हमला करने का प्रयास किया था वहां मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी खुद पहुंचे और पुलिस बलों का मनोबल बढ़ाते हुए दंगाइयों व उपद्रवियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि पुलिस पहले ममता दीदी के गुंडों से डरती थी किंतु अब समय बदल चुका है।

शुभेंदु सरकार के बड़े निर्णयों में वर्ष 2021 के चुनावों के बाद राज्य में हुई राजनतिक हत्याओं व हिंसक घटनाओं की सभी फाइलें खोलना भी है जिसके कारण ममता दीदी इतनी अधिक भयभीत हो गयीं कि वह काला कोट पहनकर हाईकार्ट पहुंच गयीं और 2021 की हिंसा से ध्यान भटकाने के लिए 2026 के चुनावों के बाद घटी कुछ छुटपुट घटनाओं को सनसनीखेज बताने का असफल प्रयास किया। जब वह कोर्ट परिसर से बाहर निकलने लगीं तब वकीलों के एक बड़े समूह ने उन्हें घेर लिया और चोर -चोर के नारे लगाए।

बंगाल में अब सीबीआई तथा ईडी जैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का प्रवेश संभव हो गया है, जिससे वहां 69 वर्षों में हुए घोटालों की जांच में गति आएगी। ईडी ने टीएमसी के बड़े नेताओं को हिरासत में ले भी लिया है।

शुभेंदु अधिकारी के 145 एकड़ जमीन बीएसफ को देने के ऐतिहासिक निर्णय से बांग्लादेशी घुसपैठ की रोकथाम में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की आशा है क्योंकि बांग्लादेश से लगी हुई बंगाल की लंबी खुली सीमा से बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिए आसानी प्रवेश कर लेते थे। अब सीमा पर तीव्रता के साथ फेंसिंग का कार्य होगा।

बंगाल में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए धर्म के आधार पर चलने वाली सभी योजनाएं बंद कर दी गई हैं। नई सरकार ने वोटबैंक के पुराने ढर्रे को ध्वस्त करने के एजेंडे पर आगे बढ़ चुकी है। बंगाल कैबिनेट ने धर्म के आधार पर चलाई जा रही सभी वित्तीय सहायता योजनाओ को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। यह मात्र एक प्रशासनिक निर्णय नहीं अपितु बंगाल की राजनीतिक दिशा को बदलने वाला वैचारिक परिवर्तन है। चुनावी बिसात पर इमामों, मुअज्जिनों और पुरोहितों के लिए शुरू की गई मासिक भत्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बंगाल के खेल मंत्री नीशिथ प्रामाणिक ने कोलकाता के युवा भारती क्रीडांगन परिसर में लगी व लोगो वाली फुटबालर की आधी प्रतिमा को तोड़े जाने का आदेश दिया है, बंगाल सरकार की विभिन्न वेबसाइटो से भी इसे हटाया जा रहा है। दिसंबर 22 में अर्जेंटीना के फुटबॉलर मेसी के कार्यक्रम में मची भगदड़ और कुप्रबंधन की जांच की जाएगी। उस घटना की फाइलें खोलने के आदेश जारी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी व अन्य सभी सहयोगी मंत्री यह बात लगातार कह रहे हैं कि जिन लोगों ने बंगाल को लूटा और जनता के मन मे भय पैदा किया उन सभी पर कार्यवाही जरूर की जाएगी।

बंगाल में अब आयुष्मान भारत योजना सहित केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। भाजपा ने बंगाल की महिलाओं से किए गए वादों को भी लागू करना भी आरंभ कर दिया है। आगामी एक जून 2026 से महिलाओं को 3000 रुपये की मासिक सहायता वाली अन्नपूर्णा योजना को भी मंजूरी दे दी गई है। बंगाल की महिलाओ को बस में फ्री यात्रा की सुविधा भी मिलने जा रही है। सरकारी कर्मचारियों के साथ किया गया 7वें वेतन आयोग का वादा भी पूरा होने जा रहा है। बंगाल मे पड़ोसी राज्यों से ट्रकों की आवाजाही के दौरान 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की जो कटमनी टीएमसी के गुंडे वसूल रहे थे उनके अनधिकृत टोल नाके बंद किए जाने के आदेश आ चुके हैं। बंगाल का आलू अब पूरे भारत में जाएगा।

बंगभूमि पर वंदेमातरम की गूंज व जयश्रीराम का नारा सुनाई दे रहा है। बंगाल परिवर्तन की डगर पर चल पड़ा है। भय पर भरोसे की विजय हो रही है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# एचआईवी वैक्सीन की खोज: चुनौतियों के बीच चमकती उम्मीद

(योगेश कुमार ग)

यही कारण है कि एचआईवी को आज भी सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक माना जाता है। एचआईवी संक्रमण का हालांकि अभी तक कोई कारगर इलाज नहीं है लेकिन आवश्यक और प्रभावी उपचार तथा देखभाल एचआईवी से पीड़ित लोगों को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। पूरी दुनिया में एचआईवी एक खतरनाक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। एचआईवी मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है और उपचार नहीं किए जाने पर एड्स में बदल सकता है। एड्स पहली बार 1981 में अमेरिका में रिपोर्ट किया गया है, जिसे 'एचआईवी वैक्सीन जागरूकता दिवस' भी कहा जाता है। वास्तव में यह उन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के काम का सम्मान करने का अवसर है, जो लंबे समय से एचआईवी की रोकथाम के लिए टीका बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

पहली बार 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के भाषण का सम्मान करते हुए 18 मई 1998 को मनाया गया था। दरअसल बिल क्लिंटन ने 18 मई 1997 को मैरीलैंड में मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में दिए अपने भाषण में इस घातक बीमारी को रोकने और उन्मूलन में टीकाकरण के महत्व पर जोर देते हुए एचआईवी का एक ऐसा टीका विकसित करने के लिए विज्ञान




था और देखते ही देखते यह एक विश्वव्यापी महामारी बन गया। एड्स ऐसी स्थिति होती है, जो संक्रमण से लड़ने की शरीर की क्षमता को बेहद कमजोर कर देती है। ऐसे व्यक्ति को तपेदिक, विभिन्न संक्रमण और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्वभर में इस समय चार करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी से प्रभावित हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 2021 में साढ़े छह लाख लोग एचआईवी से संबंधित कारणों से मारे गए और 15 लाख लोगों को एचआईवी हुआ। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि एचआईवी दुनियाभर में 4.01 करोड़ लोगों की मौत का कारण बन चुका है और अभी भी सभी देशों में एचआईवी संचरण देखा जा रहा है तथा कुछ देश तो नए मामलों में वृद्धि भी रिपोर्ट कर रहे हैं।

यही कारण है कि एचआईवी को आज भी सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक माना जाता है। एचआईवी संक्रमण का हालांकि अभी तक कोई कारगर इलाज नहीं है लेकिन आवश्यक और प्रभावी उपचार तथा देखभाल एचआईवी से पीड़ित लोगों को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी के लिए टीका विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालने के लिए 18 मई को 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' मनाया जाता और प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा था कि एक प्रभावी एचआईवी टीका ही एचआईवी के प्रसार को नियंत्रित करने और उन्मूलन में मदद करेगा और एचआईवी से लड़ने की लोगों की क्षमता में सुधार करेगा। तभी से वैश्विक स्तर पर कई समूहों द्वारा लोगों को एड्स निवारक उपाय करने, एड्स संबंधी शिक्षा का प्रसार करने, शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने तथा इस कार्य में आम आदमी की पूर्ण भागीदारी का आश्वासन देने के लिए विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया जाता है।

विभिन्न बीमारियों के उपचार और रोकथाम के लिए टीके मानवता की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धियों में से एक हैं, जो मानव शरीर को वायरस अथवा बैक्टीरिया के कमजोर या निष्क्रिय रूप में उजागर करके अपना काम करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी विकसित करने के लिए उत्तेजित करते हैं ताकि शरीर भविष्य के संक्रमण से भी लड़ सके। इसीलिए एक सफल एचआईवी टीका बनाने के लिए भी दुनियाभर के शोधकर्ता प्रयासरत हैं, जिससे वायरस के प्रसार को रोकते हुए लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिल सके। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में एड्स के टीके की खोज की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है लेकिन एक कारगर सार्वभौमिक एचआईवी वैक्सीन की राह में अभी भी काफी चुनौतियां बरकरार हैं।

# आखिर सिस्टम पर हमले की प्रवृत्ति कितनी जायज या नाजायज है?

**भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के क्रम में याचिकाकर्ता की अपरिप[ भाषा और समकालीन सिस्टम पर हमले की प्रवृत्ति पर एक तल्ख टिप्पणी की और परजीवी तक कह डाला। लिहाजा इसको भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हालांकि, यह टिप्पणी केवल न्यायपालिका तक सीमित नहीं है, बल्कि संसद, चुनाव आयोग, मीडिया, नौकरशाही और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार बढ़ते अविश्वास, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सोशल मीडिया आधारित आक्रामक विमर्श की ओर संकेत करती है।**

(कमलेश पांडे )

इसके अहम सियासी और प्रशासनिक मायने हैं और संविधान का संरक्षक होने के नाते सर्वोच्च न्यायालय भी अपने नैतिक दायित्व से सिर्फ छिछली टिप्पणी करके बच नहीं सकता, क्योंकि उसे हासिल स्वतः संज्ञान का अधिकार भी गरीबों की भलाई में एक हदतक निरर्थक प्रतीत होता आया है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के क्रम में याचिकाकर्ता की अपरिपक्व भाषा और समकालीन सिस्टम पर हमले की प्रवृत्ति पर एक तल्ख टिप्पणी की और परजीवी तक कह डाला। लिहाजा इसको भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हालांकि, यह टिप्पणी केवल न्यायपालिका तक सीमित नहीं है, बल्कि संसद, चुनाव आयोग, मीडिया, नौकरशाही और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार बढ़ते अविश्वास, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सोशल मीडिया आधारित आक्रामक विमर्श की ओर संकेत करती है।

इसलिए इसके अहम सियासी और प्रशासनिक मायने हैं और संविधान का संरक्षक होने के नाते सर्वोच्च न्यायालय भी अपने नैतिक दायित्व से सिर्फ छिछली टिप्पणी करके बच नहीं सकता, क्योंकि उसे हासिल स्वतः संज्ञान का अधिकार भी गरीबों की भलाई में एक हदतक निरर्थक प्रतीत होता आया है। बावजूद इसके सीजेआई की टिप्पणी कई मायनों में जायज मानी जा सकती है, क्योंकि आज भारत सहित दुनिया के अनेक लोकतंत्रों में यह




प्रवृत्ति बढ़ी है कि यदि किसी संस्था का निर्णय किसी राजनीतिक या वैचारिक समूह के पक्ष में नहीं जाता, तो पूरी संस्था की वैधता पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया जाता है। इससे संस्थागत विश्वास कमजोर होता है। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि संस्थाओं की विश्वसनीयता से भी चलता है।

मीडिया माध्यमों का अनुभव बताता है कि हाल के वर्षों में न्यायपालिका पर पक्षपात, चुनाव आयोग पर सरकारी प्रभाव, मीडिया पर प्रोपेगेंडा, और जांच एजेंसियों पर राजनीतिक उपयोग जैसे आरोप लगातार तेज हुए हैं, जो दूसरी ओर, सत्ता पक्ष का तर्क रहता है कि कई बार आलोचना के नाम पर संस्थाओं को जानबूझकर बदनाम करने का अभियान चलाया जाता है। ऐसे माहौल में सीजेआई का यह कहना कि पूरे सिस्टम पर हमला लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है, एक संतुलित चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।

हालांकि, इस टिप्पणी का दूसरा स्याह पक्ष भी है। लोकतंत्र में संस्थाओं की आलोचना करना नागरिकों और विपक्ष का अधिकार है। यदि किसी संस्था के निर्णयों, कार्यशैली या पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं, तो उन्हें सिस्टम पर हमलाकहकर खारिज नहीं किया जा सकता। चूंकि स्वस्थ लोकतंत्र में जवाबदेही और आलोचना दोनों जरूरी हैं। न्यायपालिका स्वयं कई ऐतिहासिक फैसलों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के अधिकार को लोकतंत्र का मूल तत्व बता चुकी है।

दरअसल समस्या तब पैदा होती है जब आलोचना तथ्यों और संवैधानिक बहस की जगह व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार, ट्रोलिंग या संस्थाओं को पूरी तरह अवैध बताने तक पहुंच जाती है। इससे जनता का भरोसा टूटता है और लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। इसलिए सीजेआई की टिप्पणी को पूरी तरह गलत भी नहीं कहा जा सकता और इसे आलोचना-विरोधी बयान भी नहीं माना जाना चाहिए।

वस्तुतः इसका सार सत्य यह है कि संस्थाओं की आलोचना हो, लेकिन तथ्यों और संवैधानिक मर्यादा के साथ। असहमति हो, लेकिन लोकतांत्रिक ढांचे को ध्वस्त करने वाली भाषा से बचा जाए। संस्थाएं भी पारदर्शिता, निष्पक्षता और आत्मसुधार बनाए रखें, ताकि जनता का विश्वास मजबूत रहे। लोकतंत्र में सबसे बड़ा संतुलन यही है कि संस्थाओं का सम्मान भी बना रहे और उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित होती रहे।

जहां तक विद्रूप होती व्यवस्था के कड़वे सच से सामना की बात है तो बेरोजगार युवाओं के भीतर यह भावना तेजी से बढ़ती जा रही है कि व्यवस्था में अवसर समान नहीं हैं। जब भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, राजनीतिक संरक्षण, जातीय ध्रुवीकरण, क्षेत्रीय पक्षपात या आर्थिक प्रभाव की खबरें सामने आती हैं, तो स्वाभाविक रूप से निराशा और आक्रोश पैदा होता है। बांग्लादेश और नेपाल में हुई जेन-जेड क्रांति और नेतृत्व परिवर्तन के पीछे भी यही आरोप थे। यही कारण है कि कई युवा यह प्रश्न उठाते हैं कि यदि योग्यता के बजाय पहचान, संपर्क या प्रभाव ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाए, तो मेहनत और प्रतिभा का मूल्य क्या रह जाता है। आखिर ऐसी व्यवस्था को लोकतंत्र और संविधान की आड़ में कबतक झेला जाएगा? लेकिन इस प्रश्न को संतुलन से समझना जरूरी है। चूंकि भारत जैसे विशाल और विविध समाज में कुछ नीतियां–जैसे- सामाजिक न्याय, आरक्षण, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व या कल्याणकारी योजनाएं–ऐतिहासिक असमानताओं को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई थीं। लिहाजा, समस्या तब पैदा होती है जब इनका उपयोग वास्तविक सुधार के बजाय राजनीतिक लाभ, वोट बैंक या सत्ता-सुरक्षा के साधन के रूप में होने लगे। तब योग्य युवाओं को लगता है कि व्यवस्था निष्पक्ष नहीं है।

बहरहाल, आज बेरोजगार युवाओं की सबसे बड़ी पीड़ा केवल नौकरी की कमी नहीं, बल्कि समान अवसर पर भरोसे का संकट है।

# भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह का जोरदार स्वागत

## सीमांचल की एक मजबूत, लोकप्रिय एवं प्रभावशाली नेत्री हैं : डॉ. सुशील सुमन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जनता दल यू के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन ने बिहार सरकार में भवन निर्माण विभाग की मंत्री सह धमदाहा की विधायक लेशी सिंह को लगातार आठवीं बार बिहार सरकार में मंत्री बनाए जाने तथा पहली बार भवन निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनके निज आवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि मंत्री लेशी सिंह केवल धमदाहा विधानसभा क्षेत्र की विधायक नहीं हैं। बल्कि पूरे सीमांचल की एक मजबूत,लोकप्रिय एवं प्रभावशाली नेत्री हैं। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जिस प्रकार आम जनता, गरीबों,महिलाओं, किसानों एवं युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया है। वह उन्हें अन्य नेताओं से अलग पहचान दिलाता है।उन्होंने कहा कि मंत्री का सरल व्यक्तित्व, सहज व्यवहार, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता एवं जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने की भावना ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। यही कारण है कि जनता का उन पर अटूट विश्वास लगातार बना हुआ है। आठवीं बार मंत्री बनना उनकी लोकप्रियता, कार्यशैली एवं जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। सीमांचल के विकास, महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने में उनका योगदान सदैव सराहनीय रहा है।डॉ. सुमन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास और सुशासन की नई ऊँचाइयों को छू रहा है तथा मंत्री लेशी सिंह जी को भवन निर्माण विभाग जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे सीमांचल के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री जी के अनुभव, दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व में विभाग नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा तथा प्रदेश में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि जेडीयू परिवार के लिए लेशी सिंह केवल एक नेता नहीं बल्कि प्रेरणा स्रोत, मार्गदर्शक एवं अभिभावक के समान हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं को हमेशा उनसे ऊर्जा, प्रोत्साहन एवं संघर्ष की प्रेरणा मिलती रही है। इस अवसर पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश गारोदिया, संजय सिंह, ब्रजमोहन झा एवं अंकित सिंह भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने मंत्री को शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, सफल एवं उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना की।

# शहर के 19 केन्द्रों पर डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश परीक्षा आज और कल, तैयारी पूरी

■ 12947 परीक्षार्थी के शामिल होने की संभावना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश परीक्षा 23 व 24 मई को शहर के 19 केन्द्र पर संचालित होगी।परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण संचालित करने को लेकर विकास भवन सभागार अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी, केंद्र प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी सह गश्ती दल दंडाधिकारी, सुपर जोनल सह उड़न दस्ता दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं संबंधित पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।बैठक में एडीएम श्री कुमार ने उपस्थित पदाधिकारियों को बताया कि दिनांक 23.05.2026 एवं 24.05.2026 को जिले में 19 केंद्रों पर डिप्लोमा- सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता 2026 परीक्षा एकल पाली में आयोजित किया जाएगा। क्योंकि दिनांक 24.05.2026 को द्वितीय पाली की परीक्षा में पीएमएम के अभ्यर्थियों की संख्या शून्य है।

इस प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर हीं राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों के डिप्लोमा एवं मेडिकल कॉलेजों, पैरामेडिकल संस्थानों के पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि जिनमें पीई पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग में लगभग 6148 तथा पीएम इंटरमीडिएट स्तरीय में लगभग 6799 अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की संभावना है। सभी परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त आयोजित कराने हेतु पर्याप्त संख्या में नोडल पदाधिकारी, जोनल सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई है।परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार एवं परीक्षा कक्षों में सभी प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था की गई है। केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल,शौचालय,बिजली, पंखा जैसी अन्य मूलभूत सुविधा की भी व्यवस्था की गई है।परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिव्यवस्था में संचालित करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। बैठक का संचालन करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं मजिस्ट्रेटों को अवगत कराया कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश का समय प्रथम पाली में पूर्वाह्न 08 से 10:30 बजे निर्धारित है। इसके पश्चात प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। वैध कारण से विलंब से पहुँचने वाले अभ्यर्थियों की जाँच के बाद प्रतिनियुक्त पदाधिकारी हीं प्रवेश की अनुमति दे सकेंगे। लेकिन पूर्वाह्न 10:45 बजे के बाद केंद्रों में प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। परीक्षा 11:00 पूर्वाह्न से 1:15 अपराह्न तक चलेगी।अभ्यर्थी के लिए परीक्षा का एडमिट कार्ड, 10वीं मैट्रिक का फोटोयुक्त एडमिट कार्ड लाना अनिवार्य होगा। वहीं केवल नीला/काला बॉल पेन लेकर केंद्र में प्रवेश करेंगे। अभ्यर्थियों को चप्पल और आधी बाजू की कमीज/कुर्ती पहनकर केंद्र पर प्रवेश करना है। जूते पहनकर आने वालों को परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### टोटो पलटने से दो घायल, एक रेफर

**कुरसेला/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के कुरसेला चौक पर गुरुवार की रात टोटो पलटने से उस पर सवार दो लोग घायल हो गये। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। इनमें से भदैया टोला निवासी राजेश मंडल (35) की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जबकि इसी गांव का रहने वाला मंटू मंडल (45) को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घटना के बाद परिजनों में अफरा - तफरी का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि टोटो सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे यह हादसा हुआ।

### ऑल एरिया में 48 घंटे से बिजली ठप

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** लगातार 48 घंटे से मनसाही फीडर के आल एरिया में बिजली नहीं रहने से हफलागंज मखदुमपुर के उपभोक्ताओं ने आक्रोश जताते हुए पूर्णिया - नारायणपुर फोरलेन सड़क के हफला मखदुमपुर के पास सड़क पर टायर जलाकर सड़क को दोनों ओर से जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवाजाही को लेकर आम लोग परेशान रहे। बिजली नहीं रहने से लोगों को पानी की सबसे बड़ी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं। मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक टोटो चार्ज नहीं हो रहा हैं। व्यवसायिकों का व्यवसाय दो दिनों से ठप पड़ा हुआ हैं। इस बाबत उपभोक्ताओं का फोन जेई उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं। आक्रोशित उपभोक्ता ने जल्द समाधान की मांग की है।

### साइकिल चोरी मामले में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**आजमनगर/कटिहार (नबिटासं)।** कौशल विकास केंद्र प्रांगण में एक छात्रा का साइकिल चोरी मामले में आजमनगर पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की को पेड़ से बांधने मामले में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विगत दिन प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित कौशल विकास केंद्र के बाहर खड़ी एक साइकिल एक नाबालिक लड़की के द्वारा चोरी कर लिये जाने के बाद ग्रामीणों ने उक्त लड़की को एक पेड़ से बांधकर टॉर्चर करने की कोशिश की थी। उक्त मामले में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के अनुसार आजमनगर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी है। चोरी करने वाली नाबालिक लड़की मानसिक रूप से विक्षिप्त है। परंतु कुछ लोगों के द्वारा उक्त नाबालिक लड़की को साइकिल चोरी के मामले में कौशल विकास केंद्र के प्रांगण में एक पेड से बांधकर टॉर्चर की गई। जो अमानवीय है। थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि उक्त मामले में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर अनुसंधान आरंभ कर दी गई है।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने संजय सिंह

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। मनसाही प्रखंड के लिए संजय सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। इससे पूर्व मनसाही प्रखंड के चितौड़िया पंचायत के बड़ी बथना में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा का संगठनात्मक चुनाव 2026 से 2029 तक के निर्धारित प्रक्रिया के तहत पर्यवेक्षक दिलीप सिंह,निर्वाचन पदाधिकारी शंकर गुप्ता की उपस्थिति में संजय सिंह ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया समय समाप्ति के उपरांत संजय सिंह के खिलाफ में एक भी व्यक्ति ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया। इस दौरान पर्यवेक्षक दिलीप सिंह,निर्वाचन पदाधिकारी शंकर गुप्ता ने संजय सिंह के निर्विरोध होने की घोषणा की। इस दौरान कार्यकताओं ने निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह को फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा मेरे ऊपर भरोसा जताया एवं पूरे कार्यकताओं के द्वारा मुझे निर्विरोध निर्वाचित किया। इसके लिए मैं पार्टी सहित कार्यकताओं को शुक्रगुजार हूं,मैं संगठन को तेज एवं धारदार बनाने का कार्य करेंगे। वहीं पर्यवेक्षक दिलीप सिंह ने कहां की संजय सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं निर्वाचन पदाधिकारी शंकर गुप्ता ने कहा कि बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा के निर्देश पर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर संजय सिंह को निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमाकांत आनंद,चुनाव प्रभारी अरुण कुमार सिंह,जिला महासचिव दयानंद कुशवाहा,प्रदेश महासचिव उपेंद्र कुमार सुमन, हरिवंश कुमार बच्चन,अविनाश रंजन,सरोज कुमार,सोनू कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### जनजाति भागीदारी शिविर के तहत जनसुनवाई

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत डंडखोरा पंचायत भवन परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे तो वहीं रतनपुरा के जनजाति समाज के लोग शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार ने लोगो को केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से आमजनों एवं खासकर जनजाति समाज के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। तो वही जनजाति समाज के लोगों ने योजनाओं का लाभ लेने में हो रही परेशानी से प्रशासन को अवगत कराया। बीडीओ ने संबंधित विभाग को समस्या के निदान को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।लोगों ने कहा कि टोले के बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालय स्थापित है।इसके लिए भूमि भी उपलब्ध है।लेकिन भवन नहीं बन पाने के कारण विद्यालय टोला से एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर दुर्गास्थान विद्यालय में संचालित हो रहा हो। जहॉं बरसात और धूप के दिनों में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल भेजना खतरा से खाली नहीं रहता।ग्रामीणों ने शीघ्र विद्यालय भवन के निर्माण कराने की मांग की।बीडीओ सह प्रभारी बीईओ ने इस बाबत आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में बीपीएम जीविका सूरज कुमार दास,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा.आनंद कुमार, विकास मित्र सुमंती कुमारी, कचहरी सचिव बंदना कुमारी, मुखिया पार्वती हेम्ब्रम, वार्ड सदस्य रुपलाल मुर्मू,राजेन सोरेन, जयदेव सोरेन, सुनीता सोरेन, सुमित्रा टुड्डू, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एनएच 31 पर सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** एनएच 31 पर देवीपुर चौक के पास गुरुवार की देर शाम तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की भीषण टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसेला पहुंचाया गया।



जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक पोठिया निवासी करण कुमार (28) है। वहीं हादसे में घायल समेली निवासी रूपेश कुमार रविदास (30), बसंत कुमार रविदास (28) तथा पोठिया निवासी मुकेश दास (31) की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर कुरसेला से समेली जा रहे थे। इसी दौरान देवीपुर चौक के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भाग रहे पिकअप वाहन का पीछा किया। लेकिन चालक वाहन लेकर सीधे थाना पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि देवीपुर चौक पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा घायलों का इलाज कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# केस डायरी नहीं भेजने पर अनुसंधानकर्ता के वेतन पर रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय में एक मामले की केस डायरी समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने को गंभीरता से लेते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सह विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने अनुसंधानकर्ता के वेतन से पांच हजार रुपये पर रोक लगाने का आदेश दिया।

न्यायालय ने इस संबंध में आरक्षी अधीक्षक कटिहार को प्रतिवेदन भेजते हुए थानाध्यक्ष के माध्यम से संबंधित अनुसंधानकर्ता से स्पष्टीकरण की मांग की है। यह मामला पंचायत शिक्षक नियोजन में फर्जी एवं कूट रचित अंक पत्र के आधार पर शिक्षक नियुक्ति प्राप्त कर सरकारी राशि के गबन से जुड़ा है। इस संबंध में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के पुलिस निरीक्षक सह जांचकर्ता मिथिलेश कुमार जायसवाल द्वारा प्राणपुर थाना में शिक्षक पप्पू मंडल के विरुद्ध कांड संख्या 4/22 दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में मुखिया वंदना देवी द्वारा अग्रिम जमानत के लिए एबीपी संख्या 283/26 न्यायालय में 21 फरवरी 2026 को दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने केस डायरी एवं आपराधिक इतिहास की मांग की थी।निर्धारित तिथि तक डायरी प्रस्तुत नहीं होने पर न्यायालय द्वारा 25 मार्च 2026 को स्मार पत्र भेजा गया।

# फणीश्वरनाथ रेणु वरिष्ठ रेल संस्थान में नव निर्वाचित समिति की पहली बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** फणीश्वरनाथ रेणु वरिष्ठ रेल संस्थान कटिहार परिसर में नव-निर्वाचित समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन संस्थान के सचिव रितेश कुमार ने किया। जिसमें कोषाध्यक्ष अनुराग कुमार सहित नव-निर्वाचित सदस्य आलोक कुमार , बबलू पासवान, विशाल तिवारी, अविनाश कुमार, लॉरेंस जूलियस, सूरज प्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने संस्थान को अधिक सक्रिय,उपयोगी एवं सदस्यों तथा आम लोगों के लिए सुलभ बनाने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सदस्यों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि संस्थान में समय-समय पर



सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ, ताकि अधिक से अधिक लोग संस्थान से जुड़ सकें। बैठक में आलोक कुमार ने सुझाव दिया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। जिससे संस्थान के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही लोगों को हाल ही में मंडल रेल प्रबंधक कटिहार के मार्गदर्शन में हुए फणीश्वरनाथ रेणु वरिष्ठ रेल संस्थान के व्यापक एवं आकर्षक नवीनीकरण को देखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस सुझाव का सभी सदस्यों ने स्वागत किया। संस्थान के अध्यक्ष अनुराग कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्थान के बेहतर रख-रखाव एवं भविष्य की योजनाओं के लिए राजस्व सृजन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ा जाए तथा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से भी संस्थान की आय बढ़ाई जा सकती है। बैठक में सभी सदस्यों ने सदस्यता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाने तथा संस्थान को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने पर सहमति व्यक्त की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान शीघ्र ही चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसके संबंध में आगामी दिनों में आधिकारिक सूचना जारी की जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा इसे अत्यंत सफल माना गया।

# पंचायत स्तरीय खेल मैदानों में योग शिविर का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन के दिशा निर्देश के आलोक में प्रत्येक सप्ताह में दो दिन यथा सोमवार एवं गुरुवार को पंचायत स्तरीय खेल मैदानों में योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ एवं स्टाफ नर्स द्वारा किया जा रहा है।

शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी भी दी जा रही है। योग शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना है। पंचायत



स्तरीय खेल मैदानों में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों द्वारा भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर पर नियमित रूप से योग शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन अपना सकें।

# मजदूरी का पैसा मांगने पर मजदूर का अपहरण

## मारपीट के बाद मरा हुआ समझकर बांध किनारे फेंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मजदूरी का पैसा मांगने पर एक मजदूर की चार लोगों ने अपहरण करते हुए उसे टोटो में बैठा कर बांध के पास ले गया और मारपीट करने के बाद जब वह बेहोश हो गया तो उसे मरा समझ कर वहीं छोड़कर भाग गया। घटना बीते रात 10:00 बजे के आसपास की बताई जाती है। परिजनों को जब इसकी सूचना मिली तब उनकी खोजबीन शुरू हुआ और मामला थाने तक पहुंची। खोजबीन के दौरान ही उन्हें बैसा घाट बांध के पास से बरामद किया गया। इसके बाद उसे मनसाही के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पीड़ित मजदूर बाबुल ऋषि ने बताया कि मजदूरी का पैसा मांगने पर गांव के



ही राजा अपने साथी आशिक अरविंद एवं मुकेश के साथ मिलकर उन्हें जबरन एक टोटो में बैठाया और वैसा घाट ले जाकर उनके साथ मारपीट करने लगा और उन्हें तब तक मारा गया जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। बाद में उन्हें मरा हुआ समझ कर सभी लोग वहां से फरार हो गए। बहरहाल घटना के बाद मनसाही पुलिस अपनी कार्रवाई में जुट गई है और अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का बयान भी दर्ज किया है। थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# कटिहार स्टेशन पर आरपीएफ ने दो शातिर मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर आरपीएफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एंटी हॉकिंग टीम के कमांडर इंस्पेक्टर सोहन पाल के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट कटिहार की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार, कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर सेमापुर छोर की ओर गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त दो युवकों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से यात्रियों की चोरी के दो



मोबाइल फोन एवं 6300 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है।वही आरपीएफ द्वारा गिरफ्तार 20 वर्षीय बलमा मलिक एवं 22 वर्षीय मो. हन्नान को अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। बाद में रेलवे मैजिस्ट्रेट गौरव द्वारा दोनों को जेल भेज दिया गया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा के दौरान अपने सामान एवं मोबाइल की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।

# मिट्टी जांच शिविर से किसानों को मिली सही खाद की जानकारी

## बलुआ हाट में इफको का विशेष कैंप, 60 किसानों की मुफ्त मिट्टी जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती के प्रति जागरूक करने और फसल उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से बलुआ हाट में इफको की ओर से मिट्टी जांच शिविर लगाया गया। सुबह 11 बजे शुरू हुए इस शिविर में देर शाम तक किसानों की भीड़ लगी रही। शिविर में करीब 60 किसानों की मिट्टी की मुफ्त जांच की गई। आयोजनकर्ता अभय कुमार जायसवाल ने बताया कि इफको समय-समय पर किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाता है।

इसके तहत मिट्टी जांच, संतुलित उर्वरक उपयोग और आधुनिक खेती से जुड़ी जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाती है। उन्होंने कहा कि बिना मिट्टी जांच के किसान अक्सर जरूरत से अधिक या कम मात्रा में खाद का



उपयोग कर देते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि मिट्टी जांच के माध्यम से किसानों को यह जानकारी दी जाती है कि खेत में किस पोषक तत्व की कमी है और किस मात्रा में कौन-सा खाद देना उचित होगा। इससे खेती की लागत कम होगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही भूमि की उर्वरा क्षमता भी लंबे समय तक बनी रहेगी। मृदा विश्लेषक सोनू कुमार ने बताया कि किसानों के मिट्टी नमूनों की जांच के दौरान पीएच, ईसी, जैविक कार्बन,फास्फोरस और पोटाश की जांच की गई। जांच में इस क्षेत्र की मिट्टी में पीएच कम पाया गया, जिसके बाद किसानों को खेत में चुना डालने की सलाह दी गई।उन्होंने कहा कि आधुनिक खेती में मिट्टी जांच बेहद जरूरी हो गया है। इससे किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर सकते हैं और फसलों को सही पोषण मिल पाता है। शिविर में किसानों को मिट्टी संरक्षण और उर्वरकों के संतुलित उपयोग की भी जानकारी दी गई। मौके पर इफको के एसएफए धनंजय कुमार,प्रियेश कुमार, कोऑर्डिनेटर सौरभ कुमार, मृदा विश्लेषक सोनू कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

### 83.5 प्रतिशत उछलने की उम्मीद

## एलआईसी का शेयर आपको कर सकता है मालामाल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी के शेयर आने वाले दिनों में आपको मालामाल कर सकते हैं। 25 एनालिस्ट इस स्टॉक को लेकर बुलिश हैं और खरीदने की सलाह दे रहे हैं। सिटी ने रेटिंग के साथ इसका टार्गेट प्राइस 1,475 तय किया है। यह पिछले बंद 804 से 83.5 प्रतिशत अधिक है। यह लिए बाजार का सबसे ऊंचा टार्गेट माना जा रहा है। इस अपडेट के बाद आज 22 मई को एलआईसी के शेयरों में तेजी है और सुबह के कारोबार में यह 4 प्रतिशत ऊपर ट्रेड कर रहा था। स्टॉक को लेकर 26 में से 22 ब्रोक्रेज बुलिश हैं। केवल एक ने शेयर पर 'स्द्वद्य' रेटिंग दी है। वहीं 22 विश्लेषकों ने तीन ने होल्ड' की सलाह दी है। मजबूत रहा चौथी तिमाही का प्रदर्शन सिटी के अनुसार का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा। कंपनी के 'वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस' मार्जिन में 690 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी हुई। इसकी बड़ी वजह गैर-भागीदारी पॉलिसियों की हिस्सेदारी बढ़ना और बेहतर रहा। ब्रोकरेज का कहना है कि सितंबर 2025 के मुकाबले कंपनी की एंटरप्राइज वैल्यू में 3 प्रतिशत की कमी आई, जिसका कारण निवेश से जुड़े नकारात्मक प्रभाव रहे। इसका असर डेट और इक्विटी दोनों पर लगभग समान रहा। प्रबंधन ने कहा कि कंपनी लगातार पॉलिसी रिन्यूअल सुधारने, नए प्रोडक्ट लाने, मौजूदा एजेंटों की उत्पादकता बढ़ाने और नए एजेंट जोड़ने पर काम कर रही है। साथ ही एजेंसी के अलावा दूसरे चैनलों से भी कारोबार बढ़ाने की कोशिश जारी है। मानना है कि वित्त वर्ष 2027 तक कंपनी की अनुमानित एंटरप्राइज वैल्यू मौजूदा बाजार मूल्य से काफी ज्यादा हो सकती है, इसलिए वैल्यूएशन अभी आकर्षक दिखता है। हालांकि, ब्रोकरेज ने यह भी कहा कि सरकार की हिस्सेदारी से जुड़ी भविष्य की स्थिति निवेशकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।

## जल्दबाजी में घाटा, सब्र में मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले तीन दशकों (30 साल) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि अगर निवेशक




लंबे समय तक बने रहते हैं, तो मिलने वाला रिटर्न ज्यादा भरोसेमंद हो जाता है और जोखिम भी कम होता है। एक स्टडी में अगस्त 1996 से अप्रैल 2024 के बीच सेंसेक्स में किए गए मंथली निवेश का अध्ययन किया गया। इसमें देखा गया कि कम समय के निवेश में मिलने वाले रिटर्न में उतार-चढ़ाव था, जबकि लंबे समय में यह अंतर काफी कम हो गया। तीन साल की मामले में रिटर्न का दायरा बहुत बड़ा था। इसमें जहां एक तरफ 55.6 प्रतिशत तक का भारी मुनाफा हुआ, वहीं दूसरी तरफ 24.6 प्रतिशत तक का बड़ा घाटा भी देखा गया। जैसे-जैसे निवेश का समय बढ़ाया गया, घाटे की संभावना कम होती गई। साथ ही मिलने वाले मुनाफे की ऊपरी सीमा भी थोड़ी नीचे आई। इस स्टडी के अनुसार, जिन लोगों ने 8 साल या उससे ज्यादा समय तक निवेश जारी रखा, उन सभी को मुनाफा हुआ और किसी को भी घाटा नहीं हुआ। एक स्टडी के मुताबिक, 8 साल या उससे ज्यादा समय तक निवेश करने पर हमेशा मुनाफा हुआ और कभी नुकसान नहीं झेलना पड़ा। दूसरा पहलू यह है कि बहुत लंबे समय तक निवेश करने से मिलने वाला रिटर्न थोड़ा औसत या स्थिर हो सकता है। अगर 15 साल की देखें तो रिटर्न करीब 7.3 प्रतिशत से 18.2 प्रतिशत के बीच रहा। यह दिखाता है कि कम समय के मुकाबले लंबे समय में रिटर्न का अंतर काफी कम हो जाता है। स्टडी बताती है कि तीन साल की अवधि में 67 प्रतिशत मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया। 10 साल के निवेश में यह आंकड़ा 95 प्रतिशत और 12 से 15 साल के निवेश में 98 प्रतिशत तक पहुंच गया। 10 साल से ज्यादा निवेश करने पर 8 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न मिलने की उम्मीद सबसे ज्यादा होती है। हालांकि, समय के साथ रिटर्न मिलने की संभावना तो बढ़ी, लेकिन बहुत लंबे समय तक निवेश करने पर रिटर्न की दर के थोड़ा संतुलित या कम होने की संभावना भी बढ़ गई।

# सोने जितना कीमती आम, 3 लाख किलो है दाम

### ओडिशा के किसान के बगीचे में अब दूर-दूर से आ रहे लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले के एक किसान ने कमाल कर दिया है। उन्होंने आम की एक ऐसी किस्म उगा दी है जो कीमत में सोने को टक्कर देती है। आम की इस खास किस्म का नाम 'मियाजाकी' है। तमसा गांव के किसान देबा पधियामी ने इस रेयर वैरायटी को उगाने में सफलता हासिल की है। इसे दुनिया की सबसे महंगी आम की किस्मों में से एक बताया जाता है। इंटरनेशनल मार्केट में उम्दा क्वालिटी के मियाजाकी आम लगभग 3 लाख रुपये प्रति किलो तक की कीमत में बिकते हैं। अब देबा के बगीचे में आस-पास के गांव के लोगों का तांता लग रहा है। वे इस आम की एक झलक पाने की चाहत में वहां पहुंच रहे हैं। खुद देबा को भी नहीं पता कि उन्हें इसे कैसे बेचना है। फिलहाल वह इन आमों की दिन-रात रखवाली करने में जुटे हैं। आइए, यहां देबा पधियामी की पूरी कहानी के बारे में जानते हैं।

जापान के मियाजाकी प्रांत का है। इसे लोकप्रिय रूप से 'ताइयो नो तामागो' के नाम से जाना जाता है। इसका मतलब है - सूरज का अंडा। यह फल अपने गहरे लाल-बैंगनी रंग, भरपूर मिठास और चिकनी बनावट के लिए मशहूर है। स्थानीय बाजारों में बिकने वाले आमों के उलट जापान में मियाजाकी आमों को एक लग्जरी उपज माना जाता है। चुने हुए फलों की बहुत ऊंची कीमतों पर नीलामी होती है। अक्सर इन्हें महंगे तोहफों के तौर पर खरीदा जाता है। अब ओडिशा के तमसा गांव निवासी देबा पधियामी ने इसे अपने यहां उगाने में



कामयाबी हासिल की है। देबा पधियामी को आम का यह पौधा लगभग चार साल पहले एक समाज-सेवी से मिला था। ओडिशा की मुश्किल जलवायु में कई सालों तक इस पौधे की देखभाल करने के बाद आखिरकार इस पेड़ पर फल लगने शुरू हो गए हैं। अब किसान का छोटा सा बगीचा इस पूरे इलाके में कौतूहल का केंद्र बन गया है। लोग दूर-दूर से उनके पास पहुंच रहे हैं। इन आमों पर लोगों का ध्यान जाने से अब डर भी पैदा हो गया है। देबा का कहना है कि उन्होंने रात में पेड़ के पास ही सोना शुरू कर दिया है। वजह यह है कि उन्हें डर है कि कहीं कोई इस रेयर वैरायटी को चुरा न ले। टहनियों पर लटकते पकते फलों को देखते हुए वह कहते हैं- 'मैं आजकल इस बगीचे की रखवाली कर रहा हूं। ये आम बहुत कीमती हैं।' आस-पास के गांवों के लोग इन अनोखे आमों की एक झलक पाने के लिए इस बगीचे में पहुंच रहे हैं। इससे इस फसल को लेकर उत्साह और चिंता दोनों ही बढ़ गई हैं। लग्जरी मार्केट से जुड़े इस फल को उगाने के बावजूद देबा को अभी तक यह नहीं पता कि अपनी इस उपलब्धि को कमाई में कैसे बदला जाए। उन्हें फलों की कीमत तय करने, उनकी पैकिंग करने, उन्हें एक जगह से दूसरी जगह भेजने या फिर ऐसे खरीदारों को ढूंढने के बारे में बहुत कम जानकारी है, जो इन फलों के लिए इतनी ज्यादा कीमत चुकाने को तैयार हों। हालांकि, जापान में मियाजाकी आमों की कीमतें बहुत ज्यादा हो सकती हैं। लेकिन, ये कीमतें खेती के सख्त मानकों, ब्रांडिंग और एक्सपोर्ट-क्वालिटी सर्टिफिकेशन से जुड़ी होती हैं। सही मार्केटिंग और सप्लाई चेन के बिना भारत में उगाए गए आमों को अपने-आप ही लाखों रुपये प्रति किलो की कीमत नहीं मिल सकती। फिलहाल, देबा का फोकस अपने पेड़ पर लटके फलों को बचाने पर है।

## एसबीआई में 23-28 मई तक छुट्टी, 6 दिन बंद रह सकती हैं ब्रांच

### एसबीआई की हड़ताल की तारीखें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहकों को अपने ऐसे काम निपटा लेने चाहिए जिनके लिए बैंक ब्रांच जाकर काम करवाना जरूरी होता है। 23 मई, 2026 से बैंक की शाखाएं लगातार छह दिनों तक बंद रह सकती हैं। एसबीआई की शाखाएं वीकेंड (शनिवार-रविवार), प्रस्तावित दो-दिवसीय हड़ताल और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से ईद-उल-अजहा (बकरीद) के लिए घोषित दो-दिन की छुट्टी के कारण छह दिनों तक बंद रहने की उम्मीद है। आरबीआई के छुट्टियों के कैलेंडर के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में बकरीद (27 और 28 मई) के मौके पर बैंक दो दिनों तक बंद रहेंगे। बैंक की शाखाएं 23 और 24 मई को इसलिए बंद रहेंगी क्योंकि 23 मई को शनिवार और 24 मई को रविवार है। हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहते हैं। एसबीआई स्टाफ फेडरेशन ने 25-26 मई, 2026 (सोमवार और मंगलवार) को एक प्रस्तावित हड़ताल की सूचना दी है। यह हड़ताल भर्ती और नेशनल पेंशन सिस्टम फंड मैनेजरों के चयन जैसे मुद्दों को उठाने के लिए बुलाई गई है। पूरे देश में एसबीआई के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन' ने नौकरियों की आउटसोर्सिंग, में वेतन-भत्तों में समानता के मुद्दे, करियर में तरक्की की योजना की समीक्षा और कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों पर भी अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। त्योहार अलग-अलग दिनों पर मनाया जाएगा। आरबीआई ने भी इस त्योहार के लिए दो अलग-अलग दिनों की छुट्टियां घोषित की हैं।

# अब नहीं होगी पेट्रोल-डीजल के लिए मारामारी!

### भारत ने निकाला होर्मुज का तोड़, केवल 5 प्रतिशत रह गई शॉर्टेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के बीच भारत के लिए अच्छी खबर है। मई में भारत का कच्चे तेल का आयात अप्रैल की तुलना में 8 फीसदी बढ़ गया है। हालांकि यह फरवरी की तुलना में 5 फीसदी कम है। मई में वेनेजुएला भारत का तीसरा बड़ा सप्लायर बनकर उभरा है जबकि सऊदी अरब और अमेरिका पीछे खिसक गए हैं। रूस अब भी भारत का सबसे बड़ा सप्लायर बना हुआ है जबकि यूएई दूसरे नंबर पर है। वेनेजुएला का तेल हेवी ग्रेड का माना जाता है और सस्ता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और दूसरी कंपनियां जमकर वेनेजुएला से तेल की खरीद कर रही हैं।

ईटी की एक रिपोर्ट में एनर्जी कार्गो ट्रैकर ञ्चश्चद्यद्गह्म् के हवाले से यह दावा किया गया है। इसके मुताबिक इस महीने भारत ने वेनेजुएला से रोजाना 417,000 बैरल कच्चा तेल मंगाया है जबकि अप्रैल में यह आंकड़ा 283,000 बैरल था। अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिया था। इसके बाद वेनेजुएला के तेल निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाई गई थीं। भारत ने पिछले महीने वेनेजुएला से तेल की खरीद शुरू की थी।



### वेनेजुएला का तेल क्यों है खास

मई में अब तक भारत का तेल आयात पिछले महीने के मुकाबले 8 प्रतिशत बढ़कर रोजाना 4.9 मिलियन बैरल पहुंच गया। हालांकि यह फरवरी की तुलना में अब भी 5 फीसदी कम है। उस महीने भारत ने रोजाना 5.2 मिलियन बैरल कच्चे तेल का आयात किया था। यह ईरान युद्ध से पहले की बात है। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज की खाड़ी से तेल की सप्लाई बाधित हुई है। इससे दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा तेल संकट माना जा रहा है क्योंकि दुनिया का 20 फीसदी तेल यहीं से गुजरता है।

केप्लर के लीड एनालिस्ट-रिफाइनिंग निखिल दुबे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारतीय कंपनियों की वेनेजुएला के तेल में काफी दिलचस्पी रही है क्योंकि इसकी कीमत कम है। वेनेजुएला का तेल खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज की गुजरात में स्थित एडवांस्ड रिफाइनरी को सूट करता है। भारत की बाकी रिफाइनरीज हाई-सल्फर वाले हेवी ग्रेड तेल को कुछ हद तक ही प्रोसेस कर सकती हैं।

### सऊदी अरब से आयात

भारत ने सात साल बाद ईरान से भी अप्रैल में तेल का आयात शुरू कर दिया था। लेकिन अब वहां से सप्लाई बंद हो चुकी है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर रखी है। इस कारण इस महीने अब तक वहां से कोई भी जहाज भारत नहीं आया है। हालांकि इराक से कुछ जहाज इस महीने भारत आए हैं। अप्रैल में वहां से कोई भी जहाज भारत नहीं आया था। इराक से इस महीने रोजाना भारत को 51,000 बैरल तेल मिला है जबकि फरवरी में यह आंकड़ा 969,000 बैरल थी। ईरान युद्ध से पहले सऊदी अरब भारत का तीसरा बड़ा सप्लायर था। लेकिन महीने वहां से रोजाना 340,000 बैरल कच्चा तेल भारत आया जो पिछले महीने की तुलना में करीब आधा है। अप्रैल में सऊदी अरब से रोजाना 670,000 बैरल तेल मिला

## अडानी ग्रुप पर दांव, रिलायंस में घटाया हिस्सा, दिग्गज इनवेस्टमेंट कंपनी ने बदली अपनी चाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैपिटल ग्रुप ने हाल के हफ्तों में अडानी ग्रुप की 3 कंपनियों में 2 अरब डॉलर से ज्यादा वैल्यू की हिस्सेदारी खरीदी है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज में कैपिटल ग्रुप अपनी हिस्सेदारी घटा रहा है। मार्च के आखिर में ग्रुप के पास रिलायंस के 142 मिलियन शेयर थे। दुनिया की सबसे बड़ी इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट फर्मों में से एक कैपिटल ग्रुप, अडानी ग्रुप



की कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रही है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कैपिटल ग्रुप अपनी हिस्सेदारी कम कर रही है। यह देश के दो सबसे बड़े कारोबारी ग्रुप के बीच विदेशी निवेशकों की पसंद में आए बदलाव को दिखाता है। अडानी पोर्ट्स में खरीदी करीब 2 पर्सेंट हिस्सेदारी लॉस एंजिल्स स्थित इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट कंपनी कैपिटल ग्रुप ने हाल के हफ्तों में अडानी ग्रुप की 3 कंपनियों में 2 अरब डॉलर से ज्यादा वैल्यू की हिस्सेदारी खरीदी है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बताया है। ब्लॉक डील डेटा के मुताबिक, कैपिटल ग्रुप ने 5 मई को अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड में करीब 2 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी है। कैपिटल ग्रुप ने ओपन मार्केट ट्रांजैक्शंस के जरिए यह हिस्सेदारी 74.86 अरब रुपये (776 मिलियन डॉलर) में खरीदी है। संभालने वाले कैपिटल ग्रुप ने मार्केट परचेज के जरिए अडानी पावर लिमिटेड और अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में भी 1.5 पर्सेंट और 2 पर्सेंट के बीच हिस्सेदारी खरीदी है।

### रिलायंस में घट रहा कैपिटल ग्रुप का हिस्सा

पिछले कुछ सालों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कैपिटल ग्रुप की हिस्सेदारी तेजी से घटी है। ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक, मार्च के आखिर में कैपिटल ग्रुप के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के करीब 142 मिलियन शेयर हैं। वहीं, 6 साल पहले कैपिटल ग्रुप के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के करीब 500 मिलियन शेयर थे, जबकि मार्च 2027 में ग्रुप के पास रिलायंस के 755 मिलियन शेयर थे। पिछले एक साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 8 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इस साल अब तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 13 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। अगर पिछले 5 साल की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 35 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं।

# पारले इंडस्ट्रीज का शेयर 3 दिन में 15 प्रतिशत चढ़ा, निवेशक कर रहे हैं एक बड़ी भूल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया से लेकर शेयर बाजार तक एक टॉफी की खूब चर्चा हो रही है। हम बात कर रहे हैं मेलोडी टॉफी की। पीएम नरेंद्र मोदी इसी हफ्ते 5 देशों की यात्रा पर थे। अपने यात्रा के आखिरी चरण में पीएम नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे। वहां की राजधानी रोम में पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान में पीएम नरेंद्र मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी को टॉफी गिफ्ट किया था। जिसके बाद शेयर बाजार में पारले इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिल रही है। हालांकि, टॉफी का पारले इंडस्ट्रीज से कोई सम्बंध नहीं है।

**तीन कारोबारी दिन के दौरान कंपनी के शेयरों में 15 प्रतिशत की तेजी:** आज शुक्रवार को कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 5.78 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पारले इंडस्ट्रीज के शेयरों का भाव 3 कारोबारी दिन



के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। पारले इंडस्ट्रीज की शुरुआत 1983 में हुई थी। बाद में एक्सप्रेस बॉटलर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का नाम बदलकर पारले सॉफ्टेवेयर लिमिटेड हो गया था। मौजूदा समय में कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और पेपर वेस्ट रिसाइकलिंग कंपनी का काम करती है। मेलोडी टॉफी का उत्पादन पारले प्रोडक्ट्स लिमिटेड करती है। कंपनी की शुरुआत 1929 में चौहान परिवार ने की थी। मौजूदा समय में यह कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट नहीं है। बता दें, यह एक निजी कंपनी है। पीएम नरेंद्र मोदी इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को गिफ्ट करते नजर आ रहे हैं। जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम का इस टॉफी के लिए शुक्रिया कहते हुए दिखाई दे रही हैं। बता दें, सबसे पहले 'मेलोडी' की चर्चा 2023 में हुई थी। यह शब्द इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने दिसंबर 2023 में कॉप मीटिंग के बाद हुई मुलाकात के लिए सोशल मीडिया पर प्रयोग किया था। जिसके बाद से दोनों नेता जब भी मिलते है सोशल मीडिया नाम से पटा रहता है।

### सबसे ज्यादा माल बनाने में आगे हैं 5 राज्य

# शराब से सरकार की होती है खूब कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शराब का सेवन करने वालों को भारतीय समाज में अच्छी नजर से नहीं देखा जाता है। लेकिन सरकार के लिए ये महत्वपूर्ण हो जाते हैं। क्योंकि इनसे राज्य सरकार का खजाना खूब भरता है। चूंकि शराब वस्तु एवं सेवा



कर के दायरे से बाहर है। इसलिए राज्य सरकारें इससे जम कर कमाई करती हैं। आज हम यहां बता रहे हैं भारत के 5 राज्यों के बारे में, जो 'दारू' से सबसे ज्यादा कमाई करते हैं।

भारत में शराब पर राज्य सरकार एक्साइज ड्यूटी या उत्पाद शुल्क वसूलते हैं। हर राज्य में इस पर एक समान टैक्स नहीं है। इस पर हर राज्य अलग-अलग दर से टैक्स लगाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संदर्भित स्टेट फाइनेंस के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक कुछ राज्य स्पष्ट रूप से उत्पाद शुल्क वसूलने में आगे हैं। शुल्क की वसूली इस बात पर भी निर्भर करती है कि राज्य में कितने लोग निवास करते हैं, उनमें शराब पीने वालों की संख्या कितनी है, लोग कितनी मात्रा में शराब का सेवन करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण कि उस राज्य में में एक्साइज ड्यूटी का रेट कितना है। इन आंकड़ों का स्रोत रिजर्व बैंक और NFHS-5 हैं।

शराब बेच कर माल बनाने में आबादी के हिसाब से देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। इस राज्य में आबादी अन्य राज्यों के मुकाबले तो ज्यादा है ही, शराब की दुकानों का नेटवर्क भी बढ़िया है। इसलिए देश के अन्य राज्यों के मुकाबले यूपी में सबसे ज्यादा एक्साइज रेवेन्यू मिलता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे -5 के मुताबिक इसका एक्साइज कलेक्शन 31,517,40 करोड़ रुपये रहा है। इस राज्य में 14.6 फीसदी पुरुष और 0.3 फीसदी महिलाएं शराब का सेवन करती हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक है। ह्नस्न॥स्-५ के मुताबिक इस राज्य में 16.5 फीसदी पुरुष और 0.9 फीसदी महिलाएं अल्कोहलिक बीवरेज का सेवन करते हैं। तभी तो राज्य को एक्साइज ड्यूटी से 20,950 करोड़ रुपये मिले हैं। दरअसल, इस राज्य में बेंगलुरु जैसे महानगर हैं जहां अल्कोहलिक बीवरेज की खूब मांग है। यह सरकार की झोली भरने में मददगार है। पश्चिमी भारत का राज्य महाराष्ट्र प्रीमियम और मास-मार्केट अल्कोहल, दोनों को कंज्यूम करने में आगे हैं। राज्य में मुंबई, पुणे और नासिक जैसे बड़ी शहरी जनसंख्या वाले शहर हैं।

# मोबाइल वॉलेट्स के बिजनेस पर खतरा

### आरबीआई के नए ड्राफ्ट नियमों से बढ़ी कंपनियों की चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोबाइल वॉलेट या प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट के नियमों को सख्त बनाने की भारतीय रिजर्व बैंक की तैयारी ने डिजिटल पेमेंट इंडस्ट्री को चिंता में डाल दिया है। यह इंडस्ट्री अब के पास जाने की योजना बना रही है, ताकि कुछ प्रस्तावों पर फिर से विचार करने की अपील की जा सके। एक डिजिटल पेमेंट कंपनी के सीईओ ने नाम न छापने की शर्त पर श्वञ्ज को बताया कि इंडस्ट्री के लोग अपनी राय और सुझाव जुटा रहे हैं। अगले दो दिनों के भीतर हम अपनी बात केंद्रीय बैंक के सामने रखेंगे। कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि 22 अप्रैल को जो नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं, अगर वे इसी तरह लागू हुए तो पेमेंट इंडस्ट्री के लिए कमाई के कई मौके खत्म हो जाएंगे।




### इंडस्ट्री की चिंता

मुंबई की एक डिजिटल पेमेंट कंपनी के सीईओ ने कहा, 'इससे प्रीपेड कार्ड्स या वॉलेट्स पर आधारित कई तरह के कारोबार ठप हो सकते हैं। कई सुविधाओं पर लिमिट इतनी सख्त कर दी गई है कि इससे बिजनेस का दायरा बहुत छोटा हो जाएगा। इंडस्ट्री चाहती है कि आरबीआई उनके साथ बैठकर चर्चा करे और इन नए नियमों को लागू करने की समयसीमा को 6 से 12 महीने के लिए आगे बढ़ा दे।'

### क्या है खास

ड्राफ्ट नियमों में वॉलेट के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे को पैसे भेजने की महीने की सीमा 25,000 रुपये तय की गई है। वॉलेट में कैश जमा करने की सीमा को 50,000 रुपये से घटाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है। कुल महीने की बैलेंस लिमिट 2 लाख रुपये रखने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, जिन वॉलेट्स की मिनिमम केवाईसी हुई है, उनका इस्तेमाल सिर्फ सामान या सर्विस खरीदने के लिए किया जाए, न कि किसी दूसरे व्यक्ति को पैसे भेजने के लिए। एक अधिकारी ने बताया कि मतलब है कि कम केवाईसी वाले वॉलेट्स का इस्तेमाल पैसे भेजने के लिए तब तक नहीं किया जा सकेगा, इससे घर पैसे भेजने वाला वॉलेट का जब तक कि पूरी केवाईसी न हो जाए।

**राम राज जैसे हालात, एक ही घाट पर आदमी और पशु की बुझती है प्यास**

# चुआं का पानी पीने को मजबूर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका के काठीकुंड प्रखंड के झिकरा पंचायत के बड़ा धनिया पहाड़ी गांव के नदी टोला और प्रधान टोला में रहने वाले घटवाल समुदाय का जीवन काफी दुरूह है। दोनों टोला में तकरीबन 40 परिवार रहते हैं।

बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते इन लोगों की त्रासदी का अंदाजा इस बात से लगाई जा सकती है कि अब ये लोग नदी का गंदा पानी पीकर ही कंठ तर करने को विवश हैं। गांव तक जाने के लिए कोई मुकम्मल राह नहीं है।

गांव की महिलाएं रोज नदी से पानी भरकर कंकरीले पत्थरों और ऊंची चढ़ान चढ़ती हैं तब जाकर परिवार के सदस्यों को पानी नसीब होता है। गांव के ग्रामीण बताते हैं कि उनके जीवन में राम राज जैसी हालत है। एक घाट पर आदमी और पशु दोनों की प्यास बुझती है। बर्तन की सफाई हो या फिर शरीर की सफाई। मवेशियों का प्यास भी इसी नदी के पानी से बुझता है।

कुछ वर्ष पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से गांव में सोलर जलमीनार और वाटर प्यूरीफायर टैंक लगाया गया था। लाखों रुपए खर्च कर पाइपलाइन बिछाई गई थी। लेकिन यह व्यवस्था महज एक सप्ताह में ही दम तोड़ गई।

आज वाटर प्यूरी फायर टैंक और पाइपलाइन जमीन पर पड़े हैं और यह बच्चों के खेलने की सामग्री बन चुका है। इसकी सुध तो न तो विभाग को है और ना ही जनप्रतिनिधियों को यहां के ग्रामीणों की पीड़ा का कोई एहसास है। ग्रामीण सुमित्रा देवी ने कहा कि प्रधान टोला के चापाकल से लाल और गंदा पानी निकलता है। इसे पीकर बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। इसलिए नदी में चुआं बनाकर पानी छान कर किसी तरह से इसका ही इस्तेमाल करते हैं।

ग्रामीण गौरी देवी ने बताया कि रात में प्यास लगे तो डर के मारे नदी नहीं जा सकते हैं। दिन भर सिर्फ पानी ढोने में ही सारा समय निकल जाता है। सरकार ने हमें सिर्फ पाइप दिया है पानी नहीं। हम ग्रामीणों की पीड़ा का हल निकले यही गुहार लगाते हैं।

ग्राम प्रधान जगदीश राय ने कहा कि हमने समस्या को लेकर कई बार प्रखंड मुख्यालय तक गुहार लगाई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीण नदी के भरोसे ही जी रहे हैं। सरकार व प्रशासन को ग्रामीणों की पीड़ा व दर्द को समझने की जरूरत है। ग्रामीणों में आक्रोश गहराता जा रहा है।

## एनएच-31 पर सज रहा लीची बाजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोढा।** कोढ़ा नगर पंचायत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे लग रहा अस्थायी लीची बाजार अब सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। हाईवे किनारे खुलेआम हो रही लीची की बिक्री के कारण यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर वर्ष लीची के सीजन में एनएच-31 के दोनों किनारों पर अस्थायी दुकानें सज जाती हैं। इन दुकानों पर खरीदारी के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं, जिससे सड़क पर भीड़ बढ़ जाती है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच लोग अचानक वाहन रोककर लीची खरीदने लगते हैं, जो हादसों को न्योता देने जैसा है। प्रत्यक्षदर्शियों में संजय, अरुण, कोमल, इंद्रदेव, सिंटू का कहना है कि सुबह से लेकर शाम तक लीची खरीदने वालों की भारी भीड़ लगी रहती है। कई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाकर सड़क पर ही रुक जाते हैं, जिससे पीछे से आ रहे वाहन टकराते टकराते बचते हैं।

# खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन एवं पर्यटन स्थलों के विकास पर चर्चा

**स्टेडियमों को शीघ्र संचालित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खेल एवं पर्यटन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

खेल विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने खूँटी प्रखंड के कमन्ता इनडोर स्टेडियम निर्माण एवं रनिया प्रखंड के बेलसियागढ़ में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने एवं हैंडओवर लेकर स्टेडियमों का संचालन प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित एवं विकसित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र, खूँटी के संचालन एवं सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं हेल्थ क्लब, खूँटी के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पंचघाघ, पेरवाघाघ, पांडा पुडिंग एवं उलिहातू जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके तथा पर्यटकों के ठहराव की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के भी निर्देश दिए।

# नियुक्ति पत्र पाकर लोगों के खिले चेहरे




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देशानुसार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, खूँटी द्वारा भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। इस भर्ती कैम्प में कुल 04 नियोजकों ने भाग लिया। कैम्प में लगभग 53 आवेदकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

भर्ती कैम्प मे कुल 11 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी आनन्द कुमार, दीपक कुमार वर्मा, नियोजक प्रतिनिधिगण एवं जिला नियोजनालय, खूँटी के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## डीआरएम ने किया निरीक्षण

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कटिहार मंडल के न्यू जलपाईगुड़ी वर्ल्ड क्लास स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन डेवलपमेंट, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, वर्ल्ड क्लास स्टेशन के मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किये।महाप्रबंधक ने यात्रियों को बेहतर एवं विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ने ठाकुरगंजझगलगलिया झ अररिया रेलखंड का विंडो ट्रेल निरीक्षण किया गया। जिसमें ट्रैक, रेलवे संरचना, परिचालन सुरक्षा तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही रौतारा स्थित बुट लॉउन्ड्रिं का भी व्यापक निरीक्षण किया गया। जहां मशीनों के संचालन, कार्य गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया।

# प्रमाण पत्र लेने निकली इंटर की छात्रा का अपहरण

**दुष्कर्म का प्रयास, बरामद**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेंगाबाद** ।इंटर का मार्क्सशीट लेने गई एक छात्रा के साथ दो युवकों ने सुनसान कमरे मे ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। छात्रा के विरोध करने पर युवकों ने उसके पैर हाथ बांधकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। पीड़िता के आवेदन के आधार पर छाताबाद निवासी गौतम कुमार सहित एक अज्ञात युवक के विरुद्ध थाना मे मामला दर्ज कर लिया गया है। आवेदन के अनुसार महुआर पंचायत के एक गांव की रहने वाली छात्रा गत 20 मई को घुठिया प्लस टू उच्च विद्यालय मार्क्स शीट लाने की बात कह कर लगभग नो बजे घर से निकली थी।रातडीह के समीप सुनसान स्थान पर उक्त युवकों ने उसे बाइक में जबरन बैठा लिया और दुधीटांड़ टोल प्लाजा के समीप एक सुनसान कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। इस दौरान छात्रा के विरोध करने पर युवकों ने उसका पैर हाथ बांध कर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। छात्रा काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो उसके स्वजन ने अपने स्तर से खोजबीन की। कहीं पता नहीं चलने पर थाना में आवेदन दिया। इधर थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने त्वरित पहल करते हुए छात्रा के मोबाइल पर हुई बात का सीडीआर निकाला। इसके आधार पर मोबाइल का लोकेशन के आधार पर एसआइ सुरेंद्र सिंह ने उक्त कमरे मे छापामारी कर कुछ घंटा बाद बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि छात्रा को मेडिकल जांच के लिए भेजा जाएगा। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## फरियादी के साथ मारपीट का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भीषण गर्मी के बीच सरायढेला थाना से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। टुंडी निवासी एक दंपती ने थाना पहुंचने पर पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि विवाद उनकी बेटी से जुड़ा था, जिसकी शिकायत लेकर वे थाना पहुंचे थे।

पीड़िता के अनुसार, वह अपने कैंसर पीड़ित पति के साथ शिकायत दर्ज कराने सरायढेला थाना गई थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर पुलिसकर्मियों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पुलिसकर्मियों ने उनके पति के साथ मारपीट की। जब उन्होंने बीच-बचाव की कोशिश की तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई।

# धनबाद : भाजपा में कबीलाई राजनीति चरम पर

**कार्यकर्ताओं को नहीं नेताओं को चाहिए प्रशिक्षण**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*धनबाद। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत, अनुशासित और जनसेवा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान चला रही है। इसी कड़ी में धनबाद महानगर भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 23 और 24 मई को आठ लेन स्थित द रीत में आयोजित होगा। प्रशिक्षण देने के लिए मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार और झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पहुंच रहे हैं।*

*हालांकि प्रशिक्षण शिविर से पहले धनबाद भाजपा का अंदरूनी माहौल संगठन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। पार्टी के भीतर जिस तरह की गुटबाजी और टकराव चल रहा है, उसने कार्यकताओं का उत्साह फीका कर दिया है। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने तंज कसते हुए कहा-यहां कार्यकर्ताओं को नहीं, नेताओं को प्रशिक्षण की जरूरत है।*

*धनबाद भाजपा इस समय तीन बड़े गुटों में बंटी दिखाई दे रही है। पहला गुट सांसद ढुलू महतो का, दूसरा झरिया विधायक रागिनी सिंह का और तीसरा धनबाद विधायक राज सिन्हा का माना जा रहा है। तीनों नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में अलग शक्ति केंद्र बन चुके हैं।*

*स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि सांसद ढुलू महतो, राज सिन्हा और रागिनी सिंह के बीच संवाद तक नहीं है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पार्टी की विचारधारा से जुड़े पुराने और समर्पित कार्यकर्ता हाशिये पर धकेले जा रहे हैं, जबकि व्यक्तिगत निष्ठा रखने वालों को तरजीह मिल रही है।*

*भाजपा की विचारधारा के साथ खड़े कार्यकर्ता किनारे किए जा रहे हैं और जो व्यक्ति के साथ वह मुख्यधारा में है। उसे संगठन में पद से लेकर सांसद-विधायक निधि का ठेका तक मिल रहा है। भाजपा के अंदर बढ़ती इस 'कबीलाई संस्कृति' ने संगठनात्मक अनुशासन पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।*

*धनबाद भाजपा में अब विचारधारा की जगह व्यक्ति आधारित राजनीति हावी होती दिख रही है। पार्टी मंचों पर नेता-पार्टी पहले, की बात करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आती है। कार्यकताओं का आरोप है कि जो नेता पार्टी की नीति और सिद्धांत के साथ खड़े हैं, उन्हें किनारे किया जा रहा है।*

*दूसरी ओर नेताओं के निजी समर्थक संगठन में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा हमेशा कार्यकर्ता आधारित पार्टी होने का दावा करती रही है, लेकिन धनबाद में-कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, वाला नारा अब सिर्फ चुनावी भाषणों तक सीमित दिखने लगा है।*

**विचारधारा पीछे, व्यक्ति पूजा आगे**

*धनबाद भाजपा का आंतरिक संघर्ष लोकसभा चुनाव 2024 और मेयर चुनाव के दौरान सार्वजनिक रूप से सामने आ चुका है। लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ माहौल बनाने तक की बातें सामने आई थीं। वहीं मेयर चुनाव में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने पार्टी नेतृत्व की सलाह को भी नजरअंदाज कर दिया था। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि उसी समय पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई हो जाती तो हालात इतने नहीं बिगड़ते। अब स्थिति यह है कि भाजपा नेता सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे पर हमला बोल रहे हैं और संगठन मूकदर्शक बना हुआ है। धनबाद भाजपा में राजनीतिक मतभेद अब व्यक्तिगत हमलों तक पहुंच चुके हैं। कोई किसी को 'माफिया' और 'कोयला चोर' कह रहा है तो इंटरनेट मीडिया में समर्थक एक-दूसरे पर अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। कुछ नेता अपने समर्थकों के जरिए खुद को 'टाइगर' और 'शेर' कहलवा रहे हैं, जबकि विरोधी नेताओं को 'गधा' और 'कुत्ता' जैसे शब्दों से संबोधित किया जा रहा है।*

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर**

# 26 मई से शुरू होगा एक महीने का महाअभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में तंबाकू के विरुद्ध एक माह विशेष अभियान 26 मई से 26 जून तक चलाया जाएगा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस (31 मई) के अवसर पर यह आयोजन होगा। इस दौरान न केवल तंबाकू तथा उससे जुड़े उत्पादों के उपयोग नहीं करने को लेकर जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा, बल्कि विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।साथ ही व्यापक छापेमारी भी चलाई जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के निदेशक शशि प्रकाश झा ने इसे लेकर सभी उपायुक्तों, सिविल सर्जनों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से 'तंबाकू और निकोटीन की लत से लड़ने की अपील को सामने लाएं' थीम तय की गई है। इसी थीम के आधार पर राज्य के सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम, छापेमारी अभियान और सामुदायिक गतिविधियां आयोजित होंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू और निकोटिन की लत से दूर रखना है। जारी दिशा-निर्देश के अनुसार, पहले चरण में 26 मई से 30 मई तक चौक-चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाए जाएंगे।

साथ ही प्रचार-प्रसार की अन्य गतिविधियां होंगी। इस दौरान लोगों को कोटपा एक्ट और झारखंड तंबाकू संशोधन अधिनियम 2021 की जानकारी दी जाएगी। सरकारी भवनों में नो स्मोकिंग जोन के बोर्ड लगाए जाएंगे और स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलेगा।

31 मई को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान सरकारी कार्यालयों, पुलिस थानों और स्वास्थ्य केंद्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों में कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह की विशेष जांच भी होगी।

दो से छह जून तक जिला और प्रखंड स्तर पर तंबाकू नियंत्रण समितियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। 10 से 17 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों और वार्ड सदस्यों को अभियान से जोड़ा जाएगा। 18 से 26 जून तक तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री रोकने के लिए पीली रेखा का चिह्न अंकित किया जाएगा।

## जनता दरबार में मामलों की सुनवाई

**अररिया** । सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कुल 68 मामलों की सुनवाई की गई। डीएम ने प्रत्येक मामले को सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सभी शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मुख्य रूप से निजी जमीन पर दखल कब्जा दिलाने, भूमि मापी, जमाबंदी रद्दीकरण, बंदोबस्ती जमीन निर्गत करने, बासगीत पर्चा से संबंधित मामलों, अतिक्रमण हटाने के अनुपालन से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं।

# चोरी गयी अष्टधातु की मूर्ति महज दो घंटे में बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले की इटखोरी थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चोरी हुई करीब 100 साल पुरानी अष्टधातु की 24 तीर्थंकर प्रतिमा को बरामद कर लिया है।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी की इस घटना का पदार्फाश महज दो घंटे के भीतर कर दिया, जबकि चार घंटे के अंदर मुख्य आरोपी को भी धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मयूरहंड थाना क्षेत्र के साले गांव निवासी संदीप सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई बहुमूल्य प्रतिमा और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को बरामद कर जब्त कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद अष्टधातु की इस प्रतिमा की कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 मई को जैन मंदिर से प्रतिमा की चोरी होने के बाद इटखोरी थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध कांड प्राथमिकी दर्ज की गई थी।मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था। टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदीप सिंह को हिरासत में लिया।

कड़ाई से की गई पूछताछ में उसने जैन मंदिर में चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अष्टधातु की बनी 24 तीर्थंकर प्रतिमा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को सकुशल बरामद कर लिया।

एसपी ने बताया कि आरोपी संदीप सिंह नशे की लत का शिकार है और उसने संध्या आरती के बाद मंदिर में सूनापन देखकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वह मूर्ति करे दिल्ली ले जाकर बेचने की फिराक में था, लेकिन इससे पहले कि वह अपने मंसूबों में कामयाब हो पाता, चतरा पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# अंडों की रखवाली कर रहा अजगर, गांवों में दहशत, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरास।** झारखंड के धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत आनपुरा गांव में एक विशालकाय भारतीय अजगर (इंडियन रॉक पाइथन) का सफल और सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। करीब नौ से 10 फीट लंबे और लगभग 20 से 25 किलो वजनी अजगर को उसके 32 अंडों के साथ पकड़ा गया।

खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने सांप और अंडों को देखकर इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया गया। बीइंग काइंड एंड हैप्पी संस्था के सचिव व वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एक्सपर्ट राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। संस्था के अध्यक्ष डॉ. स्वतंत्रत कुमार के निर्देश पर राणा प्रताप सिंह, चिन्मय कुमार और रोशन महतो ने काफी मशक्कत के बाद अजगर और उसके अंडों को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के दौरान टीम ने ग्रामीणों को सांपों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं और बताया कि अजगर जहरीला नहीं होता, लेकिन उससे दूरी बनाए रखना जरूरी है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के तीन गांवों में अजगर की खबर से दहशत का माहौल था। मौके पर वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड संतोष दत्ता, विपिन महतो और किशून मंडल ने भी सक्रिय सहयोग किया।

## जेवरात बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

हीरोडीह (गिरिडीह)। बिहार के बांका जिले के बाराहाट थाना की पुलिस ने गिरिडीह पुलिस-प्रशासन के सहयोग से बीते 11 अप्रैल को हीरोडीह थाना क्षेत्र के कोदंबरी स्थित आरएस ज्वेलर्स दुकान को सील किए जाने के बाद गुरुवार को एक बार फिर दुकान का सील खोला। इस दौरान दुकान से छह किलो चांदी और 22 ग्राम सोना जब्त किया गया।

पुलिस ने ज्वेलर्स दुकान के संचालक सुधीर कुमार स्वर्णकार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह पूरी कार्रवाई जमुआ के बीडीओ द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट सह कनीय अभियंता मो. खुर्शीद अंसारी के नेतृत्व में की गई। पूछताछ के लिए बिहार पुलिस सुधीर को अपने साथ लेकर चली गई।

झारखंड के गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के कोदंबरी बाजार स्थित आरएस ज्वेलर्स दुकान को बिहार पुलिस ने 11 अप्रैल 2026 को कड़ी सुरक्षा के बीच सील किया था। मामला बिहार के बांका जिले के बाराहाट बाजार में एक जेवर व्यवसायी की दुकान में हुई बड़ी लूट की घटना से जुड़ा था।

लूटकांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया था कि चोरी के आभूषण गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कोदंबरी स्थित आरएस ज्वेलर्स में बेचे गए थे। इसके बाद बिहार पुलिस ने गिरिडीह एसपी से संपर्क किया।

मामले के खुलासे के लिए खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन और पूर्व एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

वहीं, जमुआ बीडीओ ने दुकान में छापेमारी के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में मो. खुर्शीद अंसारी को नियुक्त किया था। इसके बाद बिहार पुलिस ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से उक्त दुकान को सील कर दिया था। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही ज्वेलर्स दुकान का संचालक मौके से फरार हो गया था।

# धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहे सांसद : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में क्रिकेट विवाद अब पूरी तरह राजनीतिक रंग लेता दिख रहा है। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सांसद मनीष जायसवाल पर इशारों-इशारों में तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'धृतराष्ट्र की भूमिका निभाने वाला' बताया।

विधायक ने कहा कि कुछ लोग स्वयं को राम कहलाना चाहते हैं, लेकिन उनकी भूमिका धृतराष्ट्र जैसी दिखाई देती है। उन्होंने साफ कहा कि हजारीबाग के विकास, खिलाड़ियों के सम्मान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए यदि उन्हें उदंड कहा जाता है, तो वे एक नहीं बल्कि हजार बार भी ऐसी उदंडता करने को तैयार हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग जिला क्रिकेट एसोसिएशन (एचडीसीए) की कार्यशैली, सदस्यता प्रक्रिया, खिलाड़ियों की उपेक्षा और स्टेडियम संचालन को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाना, आत्मसम्मान की रक्षा करना और खेल व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग करना कोई अपराध नहीं है।

विधायक ने कहा कि पूरे विवाद की शुरूआत उस समय हुई जब टाटा स्टील के साथ आयोजित दोस्ताना क्रिकेट मैच में बिना उनकी जानकारी और सहमति के उनके नाम का इस्तेमाल किया गया।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब उनके नाम का उपयोग किया गया तो उन्हें इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई और इसके पीछे की मंशा क्या थी। उनका कहना था कि उन्होंने केवल इतना पूछा कि किसी जनप्रतिनिधि के नाम का उपयोग बिना अनुमति कैसे किया जा सकता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस विषय पर सवाल उठाया तो उनके विरोध को अनैतिक और उद्दंड करार दिया गया। विधायक ने कहा कि अपने आत्मसम्मान की रक्षा के प्रयास को जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने दावा किया कि विरोध दर्ज कराने के बाद एचडीसीए के सचिव, कार्यकारी अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य स्वयं उनके पास आए और अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन उसके तुरंत बाद सांसद द्वारा प्रेस वार्ता किया जाना कई सवाल खड़े करता है।

प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उनका विरोध केवल एचडीसीए सचिव की कार्यशैली को लेकर था, लेकिन सांसद स्वयं बचाव में उतर आए। उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन होने का हवाला देकर जिस तरह से बचाव किया गया, उससे यह स्पष्ट होता है कि संगठन पर कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव हावी है। विधायक ने यह भी कहा कि एचडीसीए सचिव द्वारा उन्हें सूचना देने का दावा पूरी तरह भ्रामक है, क्योंकि उन्हें संबंधित वॉट्सएप समूह में तक शामिल नहीं किया गया था।



# ‘बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए’

## आकिब नबी के न चुने जाने पर भड़का भारत का पूर्व चयनकर्ता

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भारत की टीम चुनते समय जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को नजरअंदाज करने के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अगर चयन का मानक घरेलू क्रिकेट नहीं है तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ब्रष्टद्ब) को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए।

आकिब नबी ने 2025-26 रणजी ट्रॉफी सत्र में 10 मैचों में 12.56 के शानदार औसत से 60 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और जम्मू-कश्मीर को उनका पहला रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।



### वेंगसरकर भड़के

वेंगसरकर ने कहा, ‘अगर घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन कोई मानक नहीं है, तो बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए। आप किसी गेंदबाज को उसकी विकेट लेने की काबिलियत के आधार पर चुनते हैं। वह 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता है, लेकिन जरूरी बात उसकी विकेट लेने की काबिलियत है। इस लड़के ने विकेट लेने में जबरदस्त निरंतरता दिखाई है। उसे तैयार करने का यह सही समय था। जब कोई खिलाड़ी फॉर्म में होता है तो आप उसे वहीं मौका देते हैं।

### अभी नबी की हालत क्या होगी?

टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में दिलीप वेंगसरकर ने आकिब नबी को लेकर कहा, ‘चयनकर्ताओं का उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला बिल्कुल अजीब और हैरान करने वाला है। यह किस तरह का चयन है? यह बिल्कुल मंजूर नहीं है। यह नाइंसाफी है। क्या आप सोच सकते हैं कि अभी नबी की हालत क्या होगी? उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 60 विकेट लिए हैं। उन्होंने इसके लिए बहुत मेहनत की है और वह बाकी सबसे आगे रहने के हकदार हैं।’

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो रचेंगे इतिहास

## तोड़ेंगे मेसी समेत 5 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड; पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए किया टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी है और ये टूर्नामेंट 11 जून से तीन देशों यूएसए, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए पुर्तगाल ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है जिसें फेवरेट के तौर पर देखा जा रहा है। इस टीम के पास हर पोजिशन के लिए बेहतरीन खिलाड़ी हैं और एक बार फिर से स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।



### छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेंगे रोनाल्डो

यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए भी एक बहुत बड़ा अवसर होगा क्योंकि उन्होंने अपने करियर में अब तक एक बार भी फुटबॉल वर्ल्ड कप नहीं जीता है। हालांकि इस वर्ल्ड कप के शुरू होने से पहले ही रोनाल्डो ने एक शानदार रिकॉर्ड अब अपने नाम कर लिया है। रोनाल्डो को पुर्तगाल की टीम में जगह दी गई है और इसके साथ ही वो सबसे ज्यादा बार फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने वाले खिलाड़ी भी बन जाएंगे। रोनाल्डो अपने करियर में छठी बार वर्ल्ड कप खेलते हुए नजर आएंगे और उन्होंने एक साथ लियोनेल मेसी समेत 5 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे जिन्होंने अब तक 5-5 बार वर्ल्ड कप खेला है।

### मेसी समेत 5 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड तोड़ेंगे रोनाल्डो

मेसी के अलावा फुटबॉल वर्ल्ड कप के इतिहास में एंटोनियो कार्बाजल, आंद्रेस गुआर्डाडो, लोथर मैथ्यूस, राफेल मार्केज ने 5-5 बार वर्ल्ड कप खेले हैं, लेकिन रोनाल्डो इन सबको एक साथ पीछे छोड़ देंगे और छठी बार वर्ल्ड कप खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। वर्ल्ड कप के लिए पुर्तगाल टीम का ऐलान करते हुए इस टीम के मैनेजर ने कहा कि अंतिम सूची में 27 नाम और एक ‘प्लस वन’ शामिल हैं। डियोगो जोटा को खोना एक अविस्मरणीय और बेहद कठिन पल था, लेकिन अगले ही दिन, हम सभी के लिए यह एक जिम्मेदारी बन गई कि हम डियोगो जोटा के सपनों के लिए और हमारी राष्ट्रीय टीम में उनके द्वारा स्थापित आदर्शों के लिए संघर्ष करें। आपको बता दें कि 2025/26 सीजन शुरू होने से ठीक पहले डियोगो जोटा का एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था।

**फीफा विश्व कप 2026 के लिए पुर्तगाल टीम :**

गोलकीपर : डिओगो कोस्टा (पोर्टो), जोस सा (वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स), रुई सिल्वा (स्पोर्टिंग लिस्बन), रिकार्डो वेल्हो (जेनक्लरबिर्लिसी)।

डिफेंडर्स : रूबेन डायस (मैनचेस्टर सिटी), जोआओ कैंसलो (बार्सिलोना), डिओगो दलोट (मैनचेस्टर यूनाइटेड), नूनो मेंडेस (पेरिस सेंट-जर्मेन), नेल्सन सेमेडो (फेनरबाश), मैथियस नून्स (मैनचेस्टर सिटी), गोंसालो इनासियो (स्पोर्टिंग लिस्बन), रेनैटो वेइगा (विलारियल), टॉमस अराउजो (बेनफिका)।



# शुभमन गिल ने पूरे किए 6000 टी 20 रन

## सुदर्शन के साथ मिलकर बना डाले 3 बड़े रिकॉर्ड; कोहली-डुप्लेसिस छूटे पीछे

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 66वें मैच में गुजरात टाइटंस के ओपनर व कप्तान शुभमन गिल ने शानदार पारी खेली और 37 गेंदों पर 64 रन बनाए। गिल ने इस पारी के दौरान अपने 6000 टी20 रन भी पूरे किए साथ ही साई सुदर्शन के साथ इस मैच में शतकीय साझेदार भी की। गिल ने साई के साथ मिलकर इस मैच में कई बेहतरीन रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए। शुभमन गिल ने इस पारी के दम पर इस सीजन में अपने 600 रन भी पूरे किए।

### टी20 में सबसे तेज 6000 रन पूरे करने वाले बैटर्स

- 162 - क्रिस गेल
- 165 - बाबर आजम
- 166 - केएल राहुल
- 180 - शॉन मार्श
- 180 - डेवोन कॉनवे
- 184 - विराट कोहली
- 185 - शुभमन गिल

### गिल ने पूरे किए 6000 रन

गिल ने सीएसके के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 6000 टी20 रन पूरे किए और वो इस प्रारूप में सबसे तेज गति से 6000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए। गिल ने ये कमाल 185 पारियों में किया। इस लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं जिन्होंने टी20 में सिर्फ 162 पारियों में 6000 रन पूरे किए थे।

### गिल-साई ने तोड़ा कोहली-डुप्लेसिस का रिकॉर्ड

गिल और साई के बीच अब तक आईपीएल में कुल 1898 रन की साझेदारी हो चुकी है और वो इस लीग में सबसे ज्यादा बड़ी ओपनिंग साझेदारी करने वाले बैटिंग पेयर की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। इन दोनों ने कोहली और डुप्लेसिस को पीछे छोड़ दिया जिनके बीच बतौर ओपनर कुल 1890 रन की साझेदारी हुई थी।



# सुदर्शन ने तोड़ा संजू, बटलरश्रेयस का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 66वें मैच में अहमदाबाद में शानदार पारी खेली और अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का भी कमाल किया। साई ने इस मैच में 53 गेंदों पर 84 रन बनाए और इस दौरान 4 छक्के और 7 चौके भी लगाए। ये उनका इस सीजन में लगातार 5वां अर्धशतक रहा और उन्होंने वीरेंद्र सहवाग समेत 4 खिलाड़ियों की बराबरी की साथ ही साथ संजू सैमसन, जोस बटलर और श्रेयस अय्यर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**साई ने की सहवाग, बटलर, वॉर्नर की बराबरी-** साई सुदर्शन ने सीएसके के खिलाफ 84 रन की पारी खेली और इस सीजन में ये उनका लगातार 5वां 50 प्लस स्कोर रहा। साई अब इस लीग में लगातार 5 बार 50 प्लस की पारी खेलने वाले चौथे बैटर बने और वीरेंद्र सहवाग, जोस बटलर और डेविड वॉर्नर की लिस्ट में शामिल हो गए। इन तीनों बैटर्स ने भी आईपीएल के एक सीजन में लगातार 5 बार 50 प्लस की पारी खेलने का कमाल किया था।

**मलेशिया मास्टर्स 2026**

# मालविका बंसोड़ टूर्नामेंट से बाहर, चालिहा से उम्मीदें जिंदा

**कुआलालंपुर(एजेंसी)।** मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर मालविका बंसोड़ का सफर दूसरे दौर में खत्म हो गया। कुआलालंपुर में खेले गए मुकाबले में उन्हें डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लाइन कजर्सफेल्ट के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय खिलाड़ी अस्मिता चालिहा ने शानदार जीत दर्ज कर भारत की उम्मीदों को कायम रखा।



**पहला गेम जीतने के बाद मैच गंवा बैठीं मालविका -** विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर मौजूद मालविका बंसोड़ ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। उन्होंने पहले गेम में आक्रामक खेल दिखाते हुए 21-16 से जीत हासिल की और मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। पहले गेम के दौरान मालविका ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और इंटरवल तक 11-6 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार दबाव बनाए रखते हुए गेम अपने नाम किया।

**दूसरे गेम में बदला मैच का रुख -** पहला गेम हारने के बाद डेनमार्क की लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी की। दूसरे गेम में उन्होंने शुरुआती आठ अंक लगातार जीतकर मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। मालविका इस दबाव से उबर नहीं सकीं और दूसरा गेम 21-8 से गंवा बैठीं।निर्णायक गेम में एक समय मालविका 11-8 से आगे थीं, लेकिन इसके बाद कजर्सफेल्ट ने लगातार अंक जुटाते हुए मुकाबला 21-15 से अपने नाम कर लिया।

**अश्मिता चालिहा ने बढ़ाया भारत का मान -** दूसरी ओर अश्मिता चालिहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया की स्टार खिलाड़ी गोह जिन वेई को सीधे गेमों में हराया। अश्मिता ने मुकाबला 21-13, 21-16 से जीतकर महिला एकल वर्ग में भारत की चुनौती जिंदा रखी। गोह जिन वेई दो बार की जूनियर विश्व चैंपियन और 2018 यूथ ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं, ऐसे में अश्मिता की यह जीत बेहद खास मानी जा रही है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान पूरे देश का सम्मान है: हरभजन सिंह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑफ स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ‘बिलियनेयर्स फॉर पीस कॉन्क्लेव’ कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मुंबई में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन में समाज में शांति की स्थापना करने वालों को सम्मानित करने के लिए किया गया था। इसमें हरभजन सिंह का भी नाम था। हरभजन ने कार्यक्रम के आयोजकों की प्रशंसा की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को इटली में मिले एग्रीकोला पदक को उन्होंने देश का सम्मान बताया। मीडिया से बात करते हुए हरभजन सिंह ने कहा, ‘समाज की बेहतरी के लिए काम करने वालों को सम्मानित करना बेहतरीन काम है। समाज में शांति के लिए काम करने वाले और भी लोग चाहिए। यहां आकर और सम्मानित होकर अच्छा लग रहा है। मैं इन लोगों के साथ रहूंगा और अपने स्तर से जो भी बेहतर हो सकेगा, करूंगा।’ दुनिया में बढ़ महंगाई पर हरभजन ने कहा, ‘मौजूदा समय में विश्व तेल और सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से परेशान है। इस परेशानी की वजह दुनिया में शांति का न होना है। अगर ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध नहीं होता, तो ये समस्याएं नहीं होतीं। उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द इस समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकलेगा और महंगाई की समस्या से दुनिया को निजात मिलेगी।’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली दौरे के दौरान ‘एग्रीकोला पदक’ से सम्मानित किया गया है।



# युवराज सिंह के नाम है IPL के एक सीजन में दो हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड

## 132 मैचों ने नहीं लगा पाए थे एक भी शतक

**नई दिल्ली।** युवराज सिंह एक शानदार बल्लेबाज थे जो गेंदबाजी भी कर लेते थे। युवी को आमतौर पर एक बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है, लेकिन वो कई बार बेहतरीन गेंदबाजी भी कर लेते थे जो मैच को पटलने का काम करता था। युवराज सिंह का इंटरनेशनल स्तर पर प्रदर्शन तो शानदार रहा था, लेकिन आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन प्रभावित करने वाला था। युवराज ने इस लीग में वो कमाल किया था जो अन्य कोई खिलाड़ी अब तक तो नहीं कर पाया है, लेकिन ये कमाल उन्होंने बतौर बल्लेबाज नहीं बल्कि बतौर गेंदबाज किया था।

### एक सीजन में दो हैट्रिक लेने वाले गेंदबाज थे युवराज सिंह

युवराज सिंह को आज भी आईपीएल में एक ऐसे रिकॉर्ड के लिए याद किया जाता है जो इस लीग में खेलने वाले की दिग्गज बॉलर्स तक नहीं कर पाए।

युवी इस लीग के एक सीजन में दो बार हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं और उनका ये रिकॉर्ड अब तक कोई नहीं तोड़ पाया है। युवराज सिंह ने आईपीएल में ये कमाल साल 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए खेलते हुए किया था।



### युवराज सिंह ने किया था 6 टीमों का प्रतिनिधित्व

युवराज सिंह ने अपने 12 साल के आईपीएल करियर में 6 टीमों का प्रतिनिधित्व किया था और वो एक टीम के साथ कभी लंबे वक्त तक खेलते हुए नहीं दिखे थे। साल 2008 में सबसे पहले वो किंग्स इलेवन पंजाब के साथ जुड़े थे और शुरुआत में इस टीम के लिए उन्होंने कप्तानी भी की थी, लेकिन फिर वो इस टीम से निकल गए। इसके बाद उन्होंने पुणे वॉरियर्स इंडिया, आरसीबी, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), सनराइजर्स हैदराबाद और आखिर में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए खेला।

### आईपीएल में कभी शतक नहीं लगा पाए युवराज

युवराज सिंह का आईपीएल करियर काफी लंबा रहा और इस दौरान उन्होंने कुल 132 मैच खेले। इन मैचों में उनके बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला हालांकि उन्होंने 13 अर्धशतक जरूर लगाए और उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 83 रन का रहा। युवराज सिंह का स्ट्राइक रेट आईपीएल में 129.71 का रहा जबकि उनका औसत इस दौरान 24.77 का रहा। युवी ने 132 मैचों में इस लीग में 217 चौके और 149 छक्के भी लगाए जबकि इन मैचों में उन्होंने 36 विकेट भी लिए और उनकी बेस्ट गेंदबाजी 29 रन देकर 4 विकेट रहा था।

## विवेक विहार: महिला से मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को जनता ने दबोचा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विवेक विहार इलाके में स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक महिला से मोबाइल झपट लिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर राहगीरों ने बदमाशों को घेर लिया। स्कूटी पर पीछे बैठा बदमाश भाग गया। जबकि स्कूटी चला रहे बदमाश को पुलिस को सौंप दिया। बदमाश के पास से महिला का मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल स्कूटी, एक एयरगन और चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले भी चोरी और झपटमारी के छह मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस ने बताया कि 19 मई की रात करीब 8 :50 बजे चेतना मदान नामक महिला गुरुद्वारा सी–ब्लॉक, विवेक विहार से माथा टेककर पैदल घर लौट रही थीं। भाई से बात कर रही थी जब मोबाइल की हुई झपटमारी इसी दौरान वह अपने भाई से मोबाइल पर बात कर रही थीं। तभी पीछे से स्कूटी पर आए दो बदमाशों ने उनका मोबाइल झपट लिया और फरार होने लगे। महिला ने तुरंत शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया। आसपास मौजूद लोगों ने भी मोटरसाइकिलों से आरोपियों का पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते समय एक बाइक सवार ने बदमाशों की स्कूटी को रोक लिया, जिससे पीछे बैठा आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि स्कूटी चला रहा बदमाश लोगों के हत्थे चढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाश को हिरासत में ले लिया। दूसरे बदमाश की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

## यूपीएससी परीक्षा देने वालों को बड़ी राहत, एक घंटा पहले चलेगी दिल्ली मेट्रो; तीनों लाइन का समय बदला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा देने वालों की सुविधा के लिए रविवार को दिल्ली मेट्रो की सेवा सुबह छह बजे शुरू



होगी। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में आसानी होगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस) अनुज दयाल का कहना है कि आम तौर पर रविवार को पिंक लाइन (मजलिस पार्क से शिव विहार), मजेंटा लाइन (कृष्णा पार्क एक्स्टेंशन से बाटेनिकल गार्डन एवं दीपाली चौक से माजलिस पार्क) और ग्रे लाइन (धांसा बस स्टैंड से द्वारका) पर मेट्रो सेवा सुबह सात बजे शुरू होती है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा को ध्यान में रखकर 24 मई को इन तीनों लाइन पर भी सभी टर्मिनलों से सुबह छह बजे मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। सुबह सात बजे तक 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो चलेगी।

अब इन परिवारों को मिलेगा लाभ

# दिल्ली में नए राशन कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड के लिए आय की सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। पहले राशन कार्ड के लिए वार्षिक पारिवारिक आय सीमा एक लाख रुपये थी। इस वर्ष जनवरी में इसे बढ़ाकर 1.20 लाख रुपये किया गया था।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब इसे बढ़ाकर ढाई लाख रुपये वार्षिक किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल में चर्चा हुई। मंत्रिमंडल की अगली बैठक में इसे स्वीकृति मिल सकती है। इससे अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि 13 वर्षों तक दिल्ली में नया राशन कार्ड नहीं बनाया गया। अब नए राशन कार्ड और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए 15 मई से ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। सरकार ने राशन वितरण व्यवस्था का व्यापक ऑडिट कराया गया है जिसमें 7,71,384 अपात्र और फर्जी




लाभार्थी पाए गए। इनमें 6,46,123 कार्ड धारक निर्धारित आय सीमा से अधिक आय वाले, 95,682 लोग पिछले एक वर्ष से राशन नहीं लेने वाले मिले। 6185 मृत व्यक्तियों के नाम राशन रिकॉर्ड में दर्ज थे और 23,394 लोग एक से अधिक स्थानों से राशन ले रहे थे। सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाने के बाद लगभग 7.72 लाख नए पात्र लोगों के राशन कार्ड बनेंगे। पिछले 13 वर्षों में राशन कार्ड के लिए 3,72,367 आवेदन और राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए 99,501 आवेदन लंबित हैं। इन सभी आवेदकों को वर्तमान नियमों और नई पात्रता शर्तों के अनुसार फिर से आवेदन करने का अवसर दिया जा रहा है। राशन वितरण व्यवस्था में बड़े स्तर पर डिजिटल सुधार किए गए हैं। राशन दुकानों पर पारंपरिक वजन मशीनों की जगह ई-वेइंग मशीनें लगाई जा रही है और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। नए राशन कार्ड के लिए आवेदन से लेकर इससे जुड़ी सभी सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। जानकारी केवल स्व-घोषणा के आधार पर स्वीकार की जाती थी। इसमें गड़बड़ी की संभावना रहती थी। अब आवेदन करते समय निवास प्रमाण पत्र, नवीनतम आय प्रमाण पत्र और परिवार के सभी सदस्यों का आधार विवरण जमा करना होगा।

## भीषण गर्मी के बीच 'साइलेंट किलर' बना गर्मियों का प्रदूषण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूरे उत्तर भारत में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप है। दिल्ली और एनसीआर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है, लेकिन इस जानलेवा गर्मी के बीच एक और हैरान करने वाली परेशानी सामने आई है—गर्मियों का प्रदूषण। आमतौर पर हम मानते हैं कि प्रदूषण सिर्फ सर्दियों की समस्या है, जब अक्टूबर–नवंबर में आसमान धुंधला हो जाता है और एक्यूआइ बढ़ते ही हड़कंप मच जाता है। गर्मियों के आते ही हमें लगता है कि ''अभी तो सब सेफ है'', लेकिन हकीकत यह है कि गर्मियों का प्रदूषण सर्दियों के स्माग की तरह आंखों से दिखाई नहीं देता। मई के इस महीने में जब लोग भीषण लू से बेहाल हैं, तब दिल्ली और एनसीआर की हवा ''खराब'' श्रेणी में बनी हुई है। हवा के इस बिगड़ते रुख को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस भीषण गर्मी के बीच ही दो दिन पहले ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण लागू किया है। सर्दियों और गर्मियों के प्रदूषण में बड़ा अंतर है। गर्मियों में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारक पीएम 10 (पार्टिकुलेट मैटर 10) है उत्तर–पश्चिम भारत में थार का रेगिस्तान है। गर्मियों में जब यह इलाका बुरी तरह तपता है, तो वहां एक ''थर्मल लो प्रेशर सिस्टम'' (कम दबाव का क्षेत्र) बनता है, जो ईरान तक फैला होता है। विज्ञान के नियम के मुताबिक, इस खाली जगह को भरने के लिए तेज पश्चिमी हवाएं चलती हैं जिन्हें हम ''लू'' कहते हैं। 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ये हवाएं खाली नहीं आतीं।

# 24 मई को दिल्ली में लग सकता है महाजाम! इन रास्तों पर जाने से बचें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यदि आप आने वाले रविवार यानी 24 मई को मध्य और उत्तरी दिल्ली की तरफ यात्रा करने की सोच रहे हैं, तो आपको यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने इसको लेकर एडवाइजरी जारी कर बताया है कि लाल किला और उसके आसपास के इलाकों में यातायात व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित रह सकता है। लाल किला पर ''जनजाति सांस्कृतिक समागम'' का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें लगभग एक लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है।

''जनजाति जागृति समिति'' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के लिए दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से भव्य ''शोभा यात्राएं'' निकाली जाएंगी। ये यात्राएं श्यामगिरी मंदिर, रामलीला मैदान, राजघाट, कुदसिया पार्क और अजमेरी गेट से शुरू होकर लाल किला की तरफ बढ़ेंगी। इस वजह से रविवार को सड़कों पर भारी भीड़ और वीआइपी मूवमेंट देखने को मिलेगा। लोगों से अपील की गई



है कि वे रविवार को प्रभावित होने वाले रास्तों पर बेहद जरूरी होने पर ही यात्रा करें। अपने सफर की योजना समय से पहले बनाएं और अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें। सड़क पर जाम से बचने के लिए निजी वाहनों के बजाय दिल्ली मेट्रो का अधिक से अधिक उपयोग करें।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, निम्न प्रमुख रास्तों और उनके आसपास के इलाकों में ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा या रफ्तार धीमी रहेगी:- बुलेवार्ड रोड: खोया मंडी यू-टर्न से युधिष्ठिर सेतु के नीचे रिंग रोड तक

**प्रमुख मार्ग:** शाम नाथ मार्ग, लोथियन रोड, हैमिल्टन रोड (पुल डफरिन से केला घाट)

लाल किला और पुरानी दिल्ली के रास्ते: श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग (दिल्ली गेट चौक से छत्ता रेल तक दोनों तरफ) मध्य दिल्ली के रास्ते: जवाहरलाल नेहरू मार्ग (राजघाट से दिल्ली गेट), आसफ अली रोड (तुर्कमान गेट से दिल्ली गेट चौक), और निषाद राज मार्ग

**अन्य प्रभावित इलाके:** राजपुरा रोड, रिंग रोड, सलीमगढ़ बाईपास (चांदगी राम अखाड़ा से आईपी फ्लाईओवर), आईटीओ चौक, बीएसजे मार्ग, डीडीयू मार्ग, मिंटो रोड, श्रद्धानंद मार्ग, चावड़ी बाजार रोड और देशबंधु गुप्ता मार्ग।

**दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक:-** रंजीत सिंह फ्लाईओवर और रंजीत सिंह मार्ग पर बसों और व्यावसायिक गाड़ियों की एंट्री बंद रहेगी। इन्हें आइटीओ और आइपी मार्ग की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

दोपहर 12 बजे से रात तीन बजे तक: दिल्ली गेट चौक से लाल किला और राजघाट की तरफ जाने वाले ट्रैफिक पर सख्त पाबंदी रहेगी। रेलवे स्टेशन और आइएसबीटी जाने वाले यात्रियों को अगर रेलवे स्टेशन या बस अड्डे जाना है, तो ट्रैफिक पुलिस ने ये वैकल्पिक रास्ते सुझाए हैं:-

**आइएसबीटी कश्मीरी गेट :-** युधिष्ठिर सेतु के नीचे वाले रिंग रोड का इस्तेमाल करें।

## गोविंदपुरी डबल मर्डर: जेठानी की सूनी गोद देख देवरानी ने सौंपा था 11 दिन का बेटा, अब खून में सनी लाश मिली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक मां के लिए उसका बच्चा दुनिया में सबसे प्यारा होता है। दिल पर पत्थर रखकर भले ही गोद दे दिया, पर उसकी एक मुस्कान, उसकी आवाज सुनने को मन हमेशा बेचैन ही रहता है। यह बेचैनी मंजू को अब ताउम्र रहेगी।

मंजू ने महज 11 दिन के बेटे खुशहाल को अपनी जेठानी शारदा को सौंप दिया था। बृहस्पतिवार की सुबह जेठानी और बेटे की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। उनकी खून से सनी लाशें देखकर दिल दहल जाए।

गोविंदपुरी के गली नंबर-10 में हुए डबर मर्डर में मंजू ने जेठानी के साथ ही अपने जिगर के टुकड़े को भी हमेशा के लिए खो दिया। बस एक ही बात दोहराती रहीं कि जब 11 दिन का था, तभी सौंप दिया था। आज उसकी लाश देखनी पड़ रही है। विष्णु व शारदा को शादी के कई वर्ष बाद भी बच्चे ने होने पर देवरानी मंजू ने अपने 11 दिन के बेटे को गोद दिया था। मंजू विष्णु के छोटे भाई दिनेश की पत्नी हैं। दोनों के पहले से दो बेटे 17 वर्षीय कृष और 15 वर्षीय अनमोल हैं। जेठ व जेठानी ने गोद लेने की इच्छा जताई थी। उसी समय हम दोनों ने फैसला कर लिया था कि बेटा हो या बेटी, गोद दे देंगे। जब खुशहाल 11 दिन का था, तभी उसे जेठ-जेठानी को सौंप दिया। बृहस्पतिवार को गोद दिए बेटे की खून से सनी लाश देख वे बिलख पड़ीं। लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर संगम विहार में ही रहती हैं। जब दिल करता था, जेठानी के पास आतीं और बेटे खुशहाल को हंसता-खेलता देख मगन रहतीं। पर अब खुशहाल को कभी नहीं देख पाएंगी।

# परमाणु हथियार से पश्चिम एशिया में हो सकता है बड़ा युद्ध, नहीं दे सकते इजाजत'; ट्रंप की ईरान को चेतावनी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान को लेकर एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने ईरान को कड़ी चेतावनी देने के साथ-साथ बातचीत से मसले सुलझाने की बात भी कही है। ट्रंप प्रशासन ने साफ कर दिया है कि वे तेहरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार बनाने या रखने की इजाजत नहीं दे सकते। यह बयान ऐसे समय में आया है जब खाड़ी क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होने वाली तेल की सप्लाई को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बनी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा जारी है।

इस बीच, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के दौरे पर निकलने से पहले मियामी एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने ईरान को सख्त लहजे में चेतावनी दी। रुबियो ने कहा कि अगर ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टोल या शुल्क लगाने की कोशिश की, तो अमेरिका इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समुद्र के इस रास्ते पर टोल सिस्टम बिल्कुल मंजूर नहीं है। अमेरिका इस मामले में बहरीन की ओर से लाए गए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का पूरा समर्थन कर रहा है। इस प्रस्ताव को दुनिया के 100 से ज्यादा देशों का साथ मिला है, जो सुरक्षा परिषद के इतिहास में एक बड़ी बात है। रुबियो



ने कहा कि दुनिया में कोई भी टोल सिस्टम के पक्ष में नहीं है। अगर ईरान इस दिशा में आगे बढ़ता है, तो किसी भी कूटनीतिक समझौते तक पहुंचना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

इसके बाद व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप ने भी अपनी बात रखी। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी नौसेना की मौजूदगी की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अमेरिका का पूरा नियंत्रण है। उन्होंने इसे 'स्टील की दीवार' जैसा मजबूत बताया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मर्जी के बिना वहां से कोई भी जहाज नहीं गुजर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रंप के अनुसार, अमेरिका ने ईरान की नौसेना और वायुसेना को पूरी तरह खत्म कर दिया है। साथ ही ईरान की ज्यादातर मिसाइल क्षमता भी अब खत्म हो चुकी है। ट्रंप ने परमाणु हथियारों के मुद्दे को अपनी सरकार की सबसे बड़ी विदेश नीति प्राथमिकता बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान परमाणु हथियार हासिल कर लेता है, तो मध्य पूर्व में परमाणु युद्ध छिड़ सकता है। इस युद्ध की आग अमेरिका और यूरोप तक भी पहुंच सकती है। ट्रंप ने कहा कि वे बातचीत का रास्ता खुला रखे हुए हैं, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो सैन्य कार्रवाई का विकल्प भी मौजूद है। उन्होंने दो टूक कहा कि या तो वे यह सुनिश्चित करेंगे कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हों, वरना अमेरिका को कोई बहुत बड़ा कदम उठाना पड़ेगा। मार्को रुबियो ने भारत के साथ रिश्तों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत एक बेहतरीन सहयोगी और साझेदार है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर चिंतित है। रुबियो ने भरोसा दिलाया कि अमेरिका भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक ऊर्जा बेचने के लिए तैयार है। अपनी भारत यात्रा के दौरान वे ऊर्जा सहयोग और क्वाड समूह की बैठकों में हिस्सा लेंगे।

प्रवासियों पर अमेरिका सख्त, अमेरिका ने उठाया क्या कदम

# नए आदेश से बढ़ी मैक्सिको की चिंता, राष्ट्रपति शीनबॉम ने उठाया कड़ा कदम

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने कहा है कि उनकी सरकार अमेरिका के नए आदेश का असर का विश्लेषण कर रही है। यह आदेश उन प्रवासियों पर लागू हो सकता है जो बिना कानूनी दस्तावेजों के अमेरिका में रह रहे हैं। इसके तहत ऐसे लोगों के लिए अमेरिकी बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो सकती है।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति शीनबॉम से उनकी रोजाना प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा गया कि क्या इस फैसले का असर अमेरिका से मैक्सिको भेजे जाने वाले पैसों पर पड़ेगा। ये वही पैसे हैं, जिन्हें वहां काम कर रहे मैक्सिकन नागरिक अपने परिवारों को भेजते हैं। उन्होंने बताया कि मैक्सिको का वित्त मंत्रालय और अमेरिका में नए मैक्सिकन राजदूत रॉबर्टो लाजेरी मिलकर इस मामले का अध्ययन कर रहे हैं। फिलहाल उनकी शुरुआती राय है कि इससे कोई बड़ा खतरा नजर नहीं आ रहा। अमेरिका का यह एग्जीक्यूटिव ऑर्डर सीमा-पार होने वाले पैसों के लेन-देन और



बैंक खाते खोलने या अन्य बैंकिंग सेवाओं के लिए इस्तेमाल होने वाली पहचान-पत्रों की निगरानी को और सख्त बनाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस नए कदम से अब बैंक और वित्तीय रिकॉर्ड भी इमिग्रेशन जांच के दायरे में आ सकते हैं। इससे कई प्रवासियों की गतिविधियों पर ज्यादा नजर रखी जा सकती है।

व्हाइट हाउस के अनुसार, ट्रंप ने 19 मई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें बैंकों और वित्तीय नियामक संस्थाओं को कहा गया है कि वे ग्राहकों की नागरिकता और इमिग्रेशन स्थिति से जुड़े संदिग्ध संकेतों पर नजर रखें। यह कदम अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए जा रहे बड़े अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

**प्रवासियों पर क्या बोले ट्रंप?:** डोनाल्ड ट्रंप ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'इनमें से कई कर्जदारों को देश से निकाले जाने का डर है। या फिर उनके नियोक्ताओं (मालिकों) द्वारा इमिग्रेशन कानूनों का पालन करने के कारण उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। कानूनी तौर पर काम करने की अनुमति न रखने वाले विदेशियों को कर्ज देना बैंकिंग व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। जिन लोगों पर कमाई बंद होने का बड़ा जोखिम हो, उन्हें ऋण देने से 'कर्ज चुकाने की क्षमता' का संकट पैदा होता है। यह स्थिति हमारी राष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती है।'

# ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका में सियासी घमासान: ट्रंप को रोकने वाला प्रस्ताव टला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध को लेकर राजनीतिक विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी संसद में रिपब्लिकन नेताओं को उस प्रस्ताव पर वोटिंग टालनी पड़ी, जिसमें ट्रंप को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने और अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के लिए मजबूर किया जा सकता था। यह प्रस्ताव इतना मजबूत होता दिख रहा था कि उसके पास होने की संभावना बढ़ गई थी।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेट सांसदों ने 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' पेश किया था। इस प्रस्ताव का मकसद ट्रंप की सैन्य कार्रवाई पर नियंत्रण लगाना था। लेकिन जब रिपब्लिकन नेताओं को लगा कि उनके पास इसे रोकने के लिए पर्याप्त वोट नहीं हैं, तो उन्होंने मतदान ही टाल दिया। अब इस मुद्दे पर जून में वोटिंग होने की संभावना है। उधर सीनेट में भी इसी तरह का प्रस्ताव आगे बढ़ चुका है। वहां चार रिपब्लिकन सीनेटर पहले ही डेमोक्रेट्स के साथ खड़े नजर आए थे। इससे ट्रंप प्रशासन की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि उनकी अपनी पार्टी के नेता भी अब खुलकर सवाल उठा रहे हैं। अमेरिका में ईरान युद्ध को लेकर नाराजगी लगातार बढ़ रही है। फारस की खाड़ी के होर्मुज जलडमरुमध्य में तनाव के कारण वैश्विक शिपिंग प्रभावित हुई है और अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें बढ़ गई हैं। विपक्षी सांसदों का कहना है कि यह युद्ध अमेरिका को आर्थिक और रणनीतिक नुकसान पहुंचा रहा है। डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि कांग्रेस की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह युद्ध जैसे बड़े फैसलों पर नियंत्रण रखे। उनका कहना था कि संसद का काम बिना सोचे-समझे सरकार का समर्थन करना नहीं है। वहीं मेन राज्य के सांसद जारेड गोल्डन,



जिन्होंने पहले इस प्रस्ताव का विरोध किया था, अब इसके समर्थन में आ गए हैं।

### ईरान नीति पर ट्रंप की अपनी ही पार्टी में दरार

कुछ रिपब्लिकन सांसद भी अब ट्रंप के फैसलों से असहज दिखाई दे रहे हैं। पेनसिल्वेनिया के रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने कहा कि कानून का पालन जरूरी है। 1973 के वॉर पावर्स एक्ट के अनुसार, कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति कांग्रेस की मंजूरी के बिना केवल 60 दिन तक सैन्य संघर्ष चला सकता है। उसके बाद संसद की अनुमति जरूरी होती है। हालांकि व्हाइट हाउस का कहना है कि ईरान के साथ युद्धविराम होने के कारण यह नियम अब लागू नहीं होता। दूसरी ओर ट्रंप लगातार यह भी कह रहे हैं कि जरूरत पड़ी तो ईरान पर फिर बड़े हमले किए जा सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर सैन्य अधिकारियों को 'किसी भी समय बड़े हमले के लिए तैयार रहने' को कहा है।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री की जमकर की गई आलोचना

रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की आलोचना करते हुए कहा कि मौजूदा स्थिति प्रशासन की कमजोरी दिखाती है। वहीं डेमोक्रेट नेता और पूर्व सैनिक टैमी डकवर्थ ने कहा कि ट्रंप ने यह युद्ध शुरू करके हालात और खराब कर दिए हैं। इसके बावजूद कई रिपब्लिकन नेता ट्रंप का बचाव कर रहे हैं। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रायन मास्ट ने कहा कि अमेरिका हमला झेलकर चुप नहीं बैठ सकता।

# छह माह से लंबित मृत्यु प्रमाण पत्र घंटों में हुआ जारी

## हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में पहुंची महिला को मिला त्वरित न्याय





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम... (जनता दरबार) में शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में शिक्षा, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, आपूर्ति एवं नगर प्रशासन से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई।

**महिला की शिकायत पर हुई तत्काल कार्रवाई**

चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत घटियाली पूर्वी निवासी लक्ष्मी देवी ने जनता दरबार में अपने पति स्व. विनोद कालिंदी के मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने की शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में उनके पति का निधन हो गया था तथा पंचायत कार्यालय में आवेदन देने के बावजूद छह माह बाद भी प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने तत्काल जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर पंचायती राज पदाधिकारी ने पहल करते हुए चंद घंटों के भीतर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर लाभुक को सौंप दिया। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित पंचायत सचिव को फटकार भी लगाई गई।

**दिव्यांग नागरिक की पहल बनी प्रेरणा**

कार्यक्रम में चंदनकियारी प्रखंड के भोजुडीह-नापित टोला निवासी दिव्यांग निमाई परवीन भी पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के विद्यालय की मरम्मति कराने का अनुरोध उपायुक्त से किया। उपायुक्त ने उनकी सामाजिक सोच एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि समाजहित में इस प्रकार की पहल अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने मौके पर ही विद्यालय मरम्मति को लेकर कार्रवाई करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

**विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे थे लोग**

जनता दरबार में चास, नावाडीह, चंदनकियारी, जरीडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नागरिकों की सुरक्षा एवं अपराधों पर अंकुश लगाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था की लगातार समीक्षा शुरू कर दी है। इसी क्रम में वे इन दिनों स्वयं शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों, प्रमुख बाजारों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। उनका उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा अपराधियों पर कड़ी निगरानी बनाए रखना है। इसी कड़ी में आज उन्होंने सेक्टर सिंह थाना में नगर के विभिन्न थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पेट्रोलिंग व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी थानों को नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। एसपी ने खास तौर पर उन स्थानों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया, जहां अड्डेबाजी या असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान अपराध की घटनाओं को बढ़ावा देते हैं, इसलिए पुलिस को लगातार सक्रिय रहना होगा। इसके अलावा मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सुबह के समय पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए ताकि किसी नागरिक को असुरक्षा महसूस न हो। बैठक में अपराध नियंत्रण और मामलों के शीघ्र उद्भेदन पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि दर्ज मामलों की जांच निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। अंत में एसपी ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान 247 अलर्ट मोड में रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, ताकि जिले में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन संस्था के साधक रणजीत सिंह ने कथावाचक पंडित गौरांग गौरी से की मुलाकात



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गयाजी, बिहार में चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आध्यात्मिक आयोजन में वृंदावन से आई पंडित गौरांग गौरीजी से सनातन संस्था, बोकारो के साधक रणजीत सिंह ने भेंट की। उन्हें संस्था के उद्देश्यों से परिचित कराया। इस अवसर पर भेंट स्वरूप उन्हें सनातन संस्था द्वारा सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रकाशित ग्रन्थ 'संकल्प रामराज्य का' दिया गया। संस्था के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह हिन्दुत्व के लिए संजीवनी है। इससे हिन्दू राष्ट्र के प्रादुर्भाव में अद्भुत योगदान मिलेगा। पंडित गौरांग गौरीजी कथा वाचन में बडे ही भावपूर्ण अर्थों में भगवान श्रीकृष्ण के अवतार एवं उनके द्वारा अर्जुन को दिए उपदेशों का सरल विश्लेषण करती हैं। सोनल सिंह सपत्नीक एवं पिंटू सिंह ने 23 मई तक चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन किया है ।

### अवैध बालू परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई

**छापामारी अभियान में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार देर रात को जिला महिला पॉलिटेक्निक, बालीडीह के समीप मुख्य पथ पर छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। संबंधित वाहन को विधिवत जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु बालीडीह थाना को सुपुर्द कर दिया गया।छापामारी अभियान में खान निरीक्षक श्री सीताराम टुडू, खान निरीक्षक श्री अजय कुमार महतो सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं खनिज परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बरसती आग और बिजली की आंख-मिचौली से आमजन त्रस्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले का पारा 41 पार हो चुका और चास के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बाधित विद्युत आपूर्ति से परेशान लोग परेशान हैं। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों तथा आक्रोशित आम लोगों ने विद्युत कार्यालय पहुंच कर विद्युत अधिकारी को विद्युत आपूर्ति नियमित करने का अल्टीमेटम सुना दिया। शहर में लगातार बाधित विद्युत आपूर्ति के खिलाफ सांसद प्रतिनिधि, वार्ड पार्षद सहित विभिन्न राजनीतिक दल के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत कार्यालय पहुंच विद्युत अधीक्षण अभियंता के समक्ष विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या रखी। अविलंब निराकरण करने की मांग रखी। प्रतिनिधि मंडल ने चास शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बदहाल विद्युत समस्या पर गंभीर सवाल उठाते हुए इस पर अविलंब सुधार लाने की मांग की। इस मौके पर मौजूद विद्युत अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अनेक समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के अंदर कर दिया जाएगा, जबकि कई समस्याओं में तकनीकी दिक्कत के कारण उनका निराकरण अविलंब संभव नहीं है, इसके लिए विभागीय स्तर पर करवाई की जाएगी।

### जिला परिषद की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद, बोकारो की सामान्य बैठक माननीय अध्यक्ष सुनिता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, सभी जिला परिषद सदस्य, विभिन्न प्रखण्डों के प्रमुख, संबंधित सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि सहित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में पिछली बैठक के बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित एवं विकास संबंधी मुद्दों को सदन में रखा। बैठक में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों ने माननीय सदस्यों द्वारा उठाए गए मामलों पर नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर आवश्यक निर्देश एवं सुझाव भी दिए गए। अध्यक्ष ने बैठक में प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

### अनाथ बच्चों की मदद को आगे आए सामाजिक संस्था व पत्रकार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी प्रखंड के दामुडीह पंचायत अंतर्गत गोपीनाथपुर गांव में बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में स्थानीय निवासी सपन मांझी और उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी का असामयिक निधन हो गया। इस अचानक हुए हादसे से जहां पूरा परिवार बिखर गया है, वहीं पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है। माता-पिता के असमय चले जाने से इस शोक संतप्त परिवार के बच्चे पूरी तरह अनाथ हो चुके हैं और उनके सामने अचानक गहरा संकट खड़ा हो गया है। दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने और उनकी मदद के लिए 'सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट' कमेटी और स्थानीय पत्रकार आगे आए हैं। अनाथ हुए बच्चों और परिजनों की सुध लेने के लिए 'सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट' के संस्थापक अमल दास और ' पत्रकार मुकेश कुमार गोपीनाथपुर गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत रखने का ढांढस बंधाया। ट्रस्ट के संस्थापक अमल दास ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए समाज के सक्षम लोगों से सहयोग करने की अपील की।

# पेयजल संकट को लेकर विधायक ने अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आज भूली बी ब्लॉक क्षेत्र में विगत कई दिनों से व्याप्त पेयजल संकट को लेकर क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने जलापूर्ति बाधित होने से हो रही परेशानियों से विधायक को अवगत कराया। दौरे के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि रेलवे द्वारा निमार्णाधीन ओवरब्रिज कार्य के दौरान जोड़िया नदी में मिट्टी जमा कर दिए जाने के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव बाधित हो गया है। इसके अतिरिक्त, माडा द्वारा सप्लाई किए जाने वाले जलापूर्ति पाइप जर्जर होकर जोड़िया नदी में डूबे रहने के कारण मरम्मत कार्य भी संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक राज सिन्हा ने तत्काल डीआरएम से वीडियो कॉल के माध्यम से वार्ता कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया तथा अविलंब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन से भी शीघ्र समाधान निकालने एवं प्रभावित क्षेत्र में सुचारु जलापूर्ति बहाल करने की मांग की। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पेयजल जैसी आवश्यक समस्या के समाधान हेतु हर संभव कदम उठाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द स्थायी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सत्येंद्र ओझा, श्याम शर्मा, शिवचरण सिंह, रवि शंकर सिंह, उपेंद्र कुमार चौहान, बसंत राय सहित अनेक कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी में सतर्क रहें, लू से बचाव को लेकर प्रशासन की एडवाइजरी जारी




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम नागरिकों के लिए लू (हीट वेव) से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार अजय नाथ झा ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।

**सुरक्षा के उपाय (एडवाइजरी):-**

- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पीयें, सफर में पानी साथ रखें।
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, सिर को गमछा/टोपी से ढकें, धूप का चश्मा उपयोग करें।
- अधिक तापमान में कठिन कार्य करने से बचें।
- खाली पेट न रहें और नंगे पांव धूप में न चलें।
- बाहर काम करने वाले लोग टोपी, गमछा, छाता एवं गीले कपड़े का उपयोग करें।
- हल्का भोजन करें, तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा जैसे पानी वाले फल खाएं।
- अधिक प्रोटीन वाले भोजन (मांस, मेवे) से परहेज करें।
- लस्सी, छाछ, नींबू पानी, नमक-चीनी का घोल, आम का पन्ना जैसे पेय लें।
- बच्चों और पालतू जानवरों को पार्क किए वाहनों में अकेला न छोड़ें।
- जानवरों को छांव में रखें और पर्याप्त पानी दें।
- घर को ठंडा रखें, पर्दे/शटर का उपयोग करें, रात में खिड़कियां खुली रखें।
- तबीयत खराब होने या चक्कर आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**लू के प्रमुख लक्षण:-**

- पसीना न आना
- त्वचा का गर्म, लाल एवं शुष्क होना
- सिरदर्द, थकान, चक्कर, उल्टी
- बेहोशी
- आंखों की पुतलियां छोटी होना

**लू लगने पर क्या करें:-**

- प्रभावित व्यक्ति को छांव में लिटाएं, तंग कपड़े ढीले करें।
- ठंडे पानी/गीले कपड़े से शरीर ठंडा करें।
- ओआरएस, नींबू पानी या नमक-चीनी का घोल दें।
- उल्टी या बेहोशी की स्थिति में कुछ भी खाने-पीने को न दें।
- एक घंटे में सुधार न हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन दिशा-निर्देशों का पालन करें और भीषण गर्मी में स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# मानव सेवा आश्रम से संबंधित उपायुक्त ने की बैठक

## संस्था का बेहतर संचालन हो, इसके लिए नियमावली तैयार करने का दिया निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील सिटी के सेक्टर-05 स्थित मानव सेवा आश्रम संस्था के बेहतर संचालन एवं समग्र विकास को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने समीक्षा बैठक की। बैठक में आश्रम में रह रहे बच्चों एवं दिव्यांगजनों को बेहतर सुविधा, सुरक्षित वातावरण तथा गुणवत्तापूर्ण देख रेख उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की।

**नियमावली तैयार करने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने कहा कि संस्था का संचालन व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से हो, इसके लिए स्पष्ट नियमावली तैयार की जाए। उन्होंने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती अनिता झा आदि को आश्रम के संचालन, बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, दैनिक गतिविधियों एवं अनुश्रवण व्यवस्था को लेकर विस्तृत गाइडलाइन तैयार करने का निर्देश दिया।

**बच्चों की देखरेख एवं स्टाफ सुविधा पर जोर**

बैठक में आश्रम में रह रहे बच्चों एवं दिव्यांगजनों की नियमित देखरेख, पोषण, चिकित्सा सुविधा तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने कार्यरत स्टाफ को आवश्यक अवकाश एवं बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

**थेरापी सेंटर निर्माण एवं गर्वनिंग बॉडी गठन पर चर्चा**

विशेष जरूरत वाले बच्चों एवं दिव्यांगजनों के समुचित विकास के लिए थेरापी सेंटर निर्माण की दिशा में पहल करने पर विचार किया गया। साथ ही संस्था के संचालन को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से गर्वनिंग बॉडी के गठन पर भी चर्चा हुई।

**कंपनियों से सहयोग को कहा**

उपायुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न कंपनियों से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत आगे आकर मानव सेवा आश्रम को सहयोग देने को कहा। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं विशेष जरूरत वाले लोगों के बेहतर जीवन के लिए सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, नोडल पदाधिकारी सीएसआर शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बीएसएल - ओएनजीसी - बीपीएससीएल - डालमिया आदि कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने को कांग्रेसियों ने किया मंथन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के धनबाद जिला ग्रामीण प्रभारी राकेश किरण महतो की मौजूदगी में बरवाअड्डा स्थित अपना ढाबा में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की ग्राम स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कांग्रेस के कई पदाधिकारी और जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की समस्याओं और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

# धनबाद सदर अस्पताल में हेल्थ एटीएम की शुरूआत, 15 मिनट में 45 जांच



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद सदर अस्पताल में मरीजों को तेज और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। अब अस्पताल में महज 10 से 15 मिनट के भीतर 45 से ज्यादा स्वास्थ्य जांचें संभव होंगी। खास बात यह है कि मरीजों को जांच की प्रिंटेड रिपोर्ट हाथों-हाथ मिलेगी, साथ ही रिपोर्ट उनके मोबाइल पर भी भेजी जाएगी। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड यानी हर्ल ने अपने सीएसआर के तहत ह्यआरोग्य मित्राह्न प्रोजेक्ट के माध्यम से धनबाद सदर अस्पताल को एक हेल्थ एटीएम और पोर्टेबल ईसीजी मशीन उपलब्ध कराई है। यह हेल्थ एटीएम ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बॉडी मास इंडेक्स, हीमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रॉल, ऑक्सीजन लेवल समेत 45 तरह की बुनियादी जांचें कुछ ही मिनटों में करने में सक्षम है।आरोग्य मित्रा प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास रहने वाले गरीब और वंचित लोगों तक त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।हर्ल की ओर से इससे पहले जोरापोखर सीएचसी, चासनाला और सिंदरी में भी हेल्थ एटीएम स्थापित किए जा चुके हैं।तकनीशियन आशुतोष भारद्वाज ने बताया कि मशीन के टच स्क्रीन पर मरीज को अपना मोबाइल नंबर और जरूरी जानकारी दर्ज करनी होती है।

# अधिवक्ता संघ तेनुघाट में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन में रांची के देवनिका संस्था के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा और महा सचिव वकील प्रसाद महतो ने डॉ अनंत सिन्हा को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद के द्वारा बताया गया कि अधिवक्ता संघ बेरमो तेनुघाट में लगाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि आज के परिवेश में अधिवक्ताओं का जीवन बहुत ही भाग दौर का हो गया है। उन्हें अपने सेहत की जांच कराने का भी समय नहीं मिल पाता है। जिसके चलते कभी कभी बहुत ही असामान्य घटना घट जाती है। इस कारण ही इस कैम्प का आयोजन समय समय पर किया जाता है और आगे भी किया जाता रहेगा। वहीं रांची से आये डॉ अनंत सिन्हा ने बताया कि तेनुघाट अधिवक्ता संघ बेरमो तेनुघाट में लगाए गये शिविर में ज्यादा तर लोग सुगर, बीपी, घुटने का दर्द, न्यूरो से सम्बंधित लोग रहे। वहीं बहुत से लोगो को जांचो उपरांत दवा के साथ साथ एक्सरसाइज भी बताई गई। आगे डॉ अनंत सिन्हा ने बताया कि आज आप देख रहे हैं कि जब कभी भी कोई भी अपने प्लास्टिक सर्जरी, आथोर्पेडिक, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, जेनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी आदि अन्य बीमारियों की इलाज कराने जाते हैं तो जरूरत से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। इसलिए यहां पर स्वास्थ्य शिविर जांच के दौरान हम सभी को यह जानकारी देना चाहते हैं कि हमने एक नया देवनिका अस्पताल रांची तुपुदाना के इंडस्ट्रियल एरिया के इंस्लेरी चौक पर खोले है जहां पर अगर आपके पास आयुष्मान कार्ड, राजकीय स्वास्थ्य कार्ड सहित अन्य किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य कार्ड है तो उनका इलाज फ्री किया जाता है। अगर किसी भी प्रकार की कार्ड नहीं है तो भी अन्य अस्पताल से कम खर्च पर आपका इलाज होगा। वहीं डॉ विशाल ने बताया की अभी के समय में अनियमित भोजन करना, बाजार का सामान ज्यादा खाना, खाली पेट रहना इत्यादि के कारण बीमारी हो रही है, इन सभी बातो पर ध्यान रखा जाये तो शरीर में कोई भी बीमारी नहीं होगी लेकिन अभी के समय में लोग का जीवन भाग दौड़ की होने के कारण शरीर में कई बीमारी घर बना रही है और इसका पता तब चलता है जब लोग सभी कार्यो से निश्चिंत हो जाते है। वहीं इस शिविर को संचालन करने में डॉ चित्राक्ष सिन्हा, अनिकेत सिन्हा, रौशनी कुमारी, लोकेश साहू, उमेश कुमार, अमित कुमार सहित स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस स्वास्थ्य शिविर में अधिवक्ता संघ के सदस्य सहित अन्य कई लोगों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करा कर लाभ उठाया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com